राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 99, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 25 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

दिल्ली में 1000 किलो से ज्यादा अवैध पटाखे जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार
.... पेज 03

निपुण लक्ष्य हासिल करने में मदद करेंगे एनजीओ और उत्कृष्ट शिक्षक
.... पेज 05

सरबजोत ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक
.... पेज 07

## राजनाथ सिंह ने तवांग में सैनिकों के साथ दशहरा मनाया, शस्त्र पूजा की

### सिंह ने अरुणाचल प्रदेश में अग्रिम चौकियों का दौरा करके वहां सशस्त्र बलों की परिचालन संबंधी तैयारियों का जायजा लिया

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए देश के सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है और इस दिशा में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन जैसे कदमों के माध्यम से देश की सैन्य शक्ति को मजबूत बनाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

सिंह ने अरुणाचल प्रदेश में अग्रिम चौकियों का दौरा करके वहां सशस्त्र बलों की परिचालन संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अग्रिम



चौकियों पर तैनात सैनिकों से बातचीत की और उनके साथ दशहरा मनाया।

उन्होंने तवांग में सैनिकों के साथ शस्त्र पूजा की।रक्षा मंत्री ने तवांग युद्ध स्मारक का भी दौरा कर 1962 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे; जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) पूर्वी कमान लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता; जीओसी, 4 कोर लेफ्टिनेंट जनरल मनीष एरी और भारतीय सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

रक्षा मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। पहले हम अपनी सेना को उन्नत बनाने के लिए आयात पर निर्भर रहा करते थे,लेकिन आज, कई प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों का निर्माण देश के भीतर ही किया जा रहा है।

सिंह ने कहा कि देशी कंपनियों को अपनी तकनीक साझा करने और भारत में घरेलू उद्योग के साथ उपकरण का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 में, रक्षा निर्यात का मूल्य लगभग 1,000 करोड़ रुपये था, लेकिन आज हम हजारों करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने कठिन परिस्थितियों में सीमाओं पर तैनात रहने वाले, लेकिन देश और उसकी जनता की सदैव सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सैनिकों की अडिग भावना, अटूट प्रतिबद्धता और अद्वितीय साहस के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समूचे देश को सशस्त्र बलों पर गर्व है।

## निजी क्षेत्र की कंपनी स्काईरूट ने रॉकेट विक्रम-1 पेश किया

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** देश के निजी क्षेत्र के स्पेस स्टार्ट-अप स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार (24 अक्टूबर) को खुद का बनाया रॉकेट विक्रम-1 पेश किया। कंपनी अगले साल की शुरुआत में इसे लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इस रॉकेट से 300 किलोग्राम पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जा सकता है। विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने हैदराबाद में मैक्स-क्यू कैंपस और ममीदिपल्ली में GMR एयरोस्पेस और इंडस्ट्रियल पार्क में स्काईरूट के नए हेडक्वार्टर का उद्घाटन किया। सिंह ने साठ हजार वर्ग फीट में फैले स्काईरूट मुख्यालय का दौरा भी किया। यह निजी क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा रॉकेट डेवलपमेंट सेंटर है।

### सैटेलाइट को लॉन्च करने के लिए तैयार विक्रम-1

विक्रम-1 सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल ऑल-कार्बन-फाइबर-बॉडी रॉकेट है। इसमें 3ड्ढ प्रिंटेड लिक्विड इंजन लगा है। यह स्काईरूट का दूसरा रॉकेट होगा। इससे पहले कंपनी 18 नवंबर 2022 को विक्रम-स् रॉकेट की सफल लॉन्चिंग कर चुकी है।

# मोदी का दुश्मनों को संदेश

### भारत में रक्षा के लिए होती है शस्त्र पूजा, जमीन कब्जाने के लिए नहीं





विजयादशमी के मौके पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के दुश्मनों को सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत में हथियारों की पूजा किसी जमीन पर कब्जा करने के लिए नहीं बल्कि अपनी जमीन की रक्षा के लिए की जाती है। दिल्ली के द्वारका में दशहरा समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी शक्ति पूजा सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि संपूर्ण के कल्याण के लिए है। इस दौरान उन्होंने विजयादशमी पर होने वाली शस्त्र पूजा का भी जिक्र किया।

पीएम मोदी ने दिल्ली के द्वारका सेक्टर 10 में डीडीए ग्राउंड पर श्री राम लीला सोसाइटी में सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, विजयादशमी के दिन शस्त्र पूजा की भी परंपरा है। भारत की धरती पर शस्त्रों की पूजा किसी भूमि पर कब्जा जमाने के लिए नहीं बल्कि अपनी भूमि की रक्षा के लिए की जाती है। हमारी शक्ति पूजा सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि पूरे विश्व के कल्याण के लिए है। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि चंद्र मिशन के करीब दो महीने बाद देश दशहरा का त्योहार मना रहा है।

पीएम मोदी ने कहा, मैं सभी देशवासियों को नवरात्रि और विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस बार हम विजयादशमी तब मना रहे हैं जब चंद्रमा पर हमारी जीत को 2 महीने हो गए हैं।

हम गीता का ज्ञान भी जानते हैं और आईएनएस विक्रांत और तेजस बनाने की क्षमता भी रखते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश की जनता भगवान राम की मर्यादा को जानती है और देश की सीमाओं की रक्षा कैसे करनी है ये भी जानती है।झ्ठविशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह हर किसी का सौभाग्य है कि वे सदियों के इंतजार के बाद अब अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर के निर्माण का गवाह बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कुछ महीनों में पूरा हो जाएगा और यह लोगों के धैर्य की जीत का प्रतीक है।

मोदी दशहरा समारोह के उपलक्ष्य में द्वारका में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर मंच पर आयोजकों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी का पारंपरिक स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग 'लंका दहन' देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे। मोदी का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया गया। उन्हें राम दरबार की मूर्ति और गदा भी भेंट की गई।

प्रधानमंत्री ने भारत के सफल चंद्र मिशन, नए संसद भवन के उद्घाटन और महिला आरक्षण कानून बनाए जाने का हवाला देते हुए कहा कि यह कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों के बीच हो रहा है। मोदी ने लोगों से 10 प्रतिज्ञाएं लेने को भी कहा, जिसमें कम से कम एक गरीब परिवार को उसकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जब सबका विकास होगा, तभी देश विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने पानी की बचत, डिजिटल लेनदेन, स्वच्छता, स्थानीय चीजों के लिए मुखर रहने (वोकल फॉर लोकल), गुणवत्तापूर्ण कार्य, घरेलू पर्यटन, प्राकृतिक खेती, मोटे अनाजों के उपभोग और फिटनेस पर भी जोर दिया।

## समलैंगिकों को बच्चा गोद लेने का हक मिले

वॉशिंगटन डीसी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि संवैधानिक मुद्दों पर दिए गए फैसले अक्सर आपके मन की आवाज होते हैं। हालांकि कभी-कभी मन की आवाज, संविधान में कही गई बात से अलग होती है, लेकिन मैं समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले फैसले में अपनी अल्पमत राय पर अभी तक कायम हूं। समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बात करते हुए सीजेआइ ने कहा कि जब मैंने अपना फैसला सुनाया तो मैं अल्पमत में था। मेरा मानना था कि समलैंगिक जोड़े बच्चा गोद ले सकते हैं। वहीं, मेरे तीन साथियों का मानना था कि ऐसा नहीं होना चाहिए। हालांकि इस पर फैसला करना संसद का काम है। सीजेआई चंद्रचूड़ वॉशिंगटन डीसी में जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी की ओर से 23 अक्टूबर को आयोजित भारत और अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट प्रोग्राम में बोल रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अक्टूबर को समलैगिंक विवाह को कानूनी मान्यता देने से जुड़ी 21 याचिकाओं पर सुनवाई के बाद फैसला दिया था। कोर्ट ने कहा कि शादी नागरिक का मौलिक अधिकार नहीं है, हम स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकते। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। सीजेआई ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है।

# तमिलनाडु : सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, चार घायल

### मृतकों में पांच लोग असम के मूल निवासी थे

**चेन्नई।** तमिलनाडु में तिरुवन्नमलाई जिले के चेंगम के पास तिंडीवनम-कृष्णागिरी राष्ट्रीय राजमार्ग 77 पर सोमवार देर रात कार और तमिलनाडु राज्य एक्सप्रेस परिवहन निगम (टीएनएसईटीसी) की बस में टक्कर होने की वजह से सात लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों में पांच लोग असम के मूल निवासी थे। पीड़ित कृष्णागिरी जिले के होसुर के पास एक गम फैक्ट्री में काम करते थे और हादसे के समय पूजा की छुट्टियों के दौरान पुडुचेरी से लौट रहे थे।

मृतकों की पहचान आर. कुंचा राय (24), एस. नारायण सेठी (35), सी. भीनमाल तीर्थ (28), बी. दल्लू (26), और वी. निकोलस (22) के रूप में हुयी है। ये सभी असम के मूल निवासी थे। इसके अलावा मृतकों में कृष्णागिरी जिले के डेंकानिकोट्टई और मरमपट्टी गांव के निवासी एस. पुनीथ कुमार (23) और जी. कामराज (29) में शामिल हैं।

पुलिस ने कहा कि कार चालक पुनीथ ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बस से कार की टक्कर हो गयी। इस हादसे में बस यात्री या चालक दल में से कोई भी घायल नहीं हुआ।

इस हादसे में के. स्टीफन ओरा (44), वी. सैमुन ओरांगी (26), बी. किस्मोथ (30) और पिचेसी मुर्मू (29) घायल हुए हैं और उन्हें उपचार के लिए तिरुवन्नामलाई के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### ट्रेन की चपेट में आने से तीन दिव्यांगों की मौत

तमिलनाडु के उरापक्कम में बड़ा हादसा हुआ है। यहां ट्रेन की चपेट में आने से तीन दिव्यांगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों में दो भाई भी थे। तीनों दिव्यांग रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए थे। पुलिस ने कहा कि मंगलवार को शहर के बाहरी इलाके में उरापक्कम के पास एक उपनगरीय ट्रेन की चपेट में आने से दो भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। सभी दिव्यांग थे। तीनों की उम्र 11 से 15 साल के बीच थी और ये कर्नाटक के रहने वाले थे। तीनों बच्चे रेलवे ट्रैक को पार कर रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीनों में से दो भाई मूक-बधिर थे, जबकि तीसरा बोल नहीं सकता था। उनके माता-पिता चेन्नई में दिहाड़ी मजदूर करते हैं। रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।




प्रयागराज में दुर्गा पूजा उत्सव समारोह के आखिरी दिन विजयदशमी पर सिंदूर खेला में भाग लेते हुए महिलाएं एक-दूसरे को सिन्दूर लगाती हुई।

### खडगे, राहुल, प्रियंका ने दी देशवासियों को विजयादशमी की बधाई

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी के पर्व पर देशवासियों को आज बधाई दी। खडगे ने कहा असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई एवं अन्याय पर न्याय की विजय के प्रतीक विजयादशमी के पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। इस महापर्व पर अहंकार और बुराइयों का अंत कर हमें सामाजिक सद्भाव, सौहार्द एवं भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए।

# केवल 27 प्रतिशत शहरी बसें दिव्यांगों के अनुकूल

### केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने रिपोर्ट में बताया



नई दिल्ली। दिव्यांग जनों के लिए बसों और बस स्टॉप तक पहुंच योग्य और उनके अनूकूल बनाने के लिए जारी किए गए दिशा-निर्देशों के बावजूद अभी तक राज्यों में केवल 27 प्रतिशत इंटर-सिटी बसें ही इस लायक बन सकी हैं। शहर के भीतर चलने वाली बसों के मामले में स्थिति जरूर कुछ बेहतर है। इनमें 55 प्रतिशत बसें दिव्यांग जनों की सुविधा के लिहाज से अनुकूल हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में इंटर-सिटी ऑपरेशन में शामिल कुल 101908 बसों में से केवल 26,993 बसें ही दिव्यांगों के लिए पहुंच योग्य हैं, जबकि पूरी तरह एक्सेसबल यानी व्हील चेयर की सुविधा समेत वाली बसों की संख्या केवल 140 है। इस लिहाज से कुल 27133 बसें ही ऐसी हैं जो दिव्यांग लोगों के लिए अनुकूल कही जा सकती हैं।

#### दिव्यांग जनों की सुविधा का कम ध्यान रखा

इसी तरह अगर शहर के भीतर चलने वाली बसों की बात की जाए तो कुल 44,173 बसों में 15224 ऐसी बसें हैं जिनमें दिव्यांग जनों की सुविधा का ध्यान रखा गया है। व्हील चेयर की सुविधा वाली बसों की संख्या 8949 है। इस तरह कुल 24173 बसें दिव्यांग लोगों की सुविधा का ध्यान रखती है। ऐसे में कुल बसों में लगभग 35 प्रतिशत बसें दिव्यांग लोगों के लिए अनुकूल हैं।

#### मंत्रालय ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे

मंत्रालय ने दिव्यांग लोगों की सुविधा जांचने के लिए राज्यों के 62 सड़क परिवहन निगमों के डाटा एकत्र किए हैं। मंत्रालय ने पिछले साल सितंबर में बसों और बस स्टॉप को दिव्यांग लोगों के अनुकूल बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसके अलावा दिव्यांग लोगों के लिए लाइसेंसिंग और रजिस्ट्रेशन के नियम भी सरल किए गए हैं। केंद्र सरकार सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांग जनों के लिए प्रत्येक क्षेत्र में सुविधाएं और पूरा सिस्टम उनके अनुकूल बनाने की कोशिश कर रही है। इसी के तहत बसों और बस स्टॉप को भी पूर्ण पहुंच योग्य यानी व्हील चेयर की सुविधा युक्त बनाया जाना है।

**कैश जब्त**

### अफसर बोले- शराब, सोना, ड्रग्स को मिलाकर इस साल 1000 करोड़ से ज्यादा की बरामदगी हुई

# राजस्थान में 15 दिन में 244 करोड़ कैश बरामद

नई दिल्ली। राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले एजेंसियों ने पिछले 15 दिनों में 244 करोड़ रुपए का कैश जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, इनकम टैक्स, प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध नकदी, शराब, ड्रग्स, सोना, चांदी की जब्ती में नया रिकॉर्ड बनाया है।

राज्य में 2023 में 1,021 करोड़ से ज्यादा की बरामदगी हुई है। यह जब्ती पिछले साल के मुकाबले तीन गुना है। राजस्थान में साल 2021 में 322 करोड़ रुपए और 2022 में 347 करोड़ रुपए बरामद हुए थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि जून से चुनाव आयोग सभी प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। तब से हमने 648 करोड़ रुपए की नकदी और अन्य चीजें जब्त की हैं। 9 अक्टूबर से अब तक यानी पिछले 15 दिनों में 244 करोड़ रुपए की नकदी और अन्य चीजें जब्त की गई हैं। पुलिस, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट और अन्य एजेंसियों ने 39.30 करोड़ का कैश जब्त किया। इसके अलावा 20.12 करोड़ कीमत की 10.60 लाख लीटर से ज्यादा की अवैध शराब जब्त की गई।

प्रवीण गुप्ता ने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो , पुलिस और अन्य एजेंसियों ने 46.76 करोड़ रुपए की दवाएं और साइकोट्रोपिक



(नशीले) पदार्थ जब्त किए। पुलिस, आयकर विभाग और सीमा शुल्क विभाग ने 30.40 करोड़ रुपए का सोना, चांदी और अन्य कीमती मेटल जब्त किया। 84.22 करोड़ रुपए की अन्य चीजें भी जब्त की गई हैं।

#### किस जिले से कितनी बरामदगी हुई

अलवर में 14 दिनों में 3 करोड़ 30 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की गई है। इसी तरह बाड़मेर में 10 करोड़ की शराब और साढ़े 7 करोड़ का डोडा-पोस्त, अफीम आदि जब्त की गई है। भीलवाड़ा पुलिस ने पिछले 14 दिन में 12 लाख रुपए की अवैध शराब, 11 करोड़ रुपए की अफीम, गांजा और डोडा पकड़ा है।

चित्तौड़गढ़ पुलिस ने 14 दिन में 9 करोड़ रुपए की अवैध शराब, 7.50 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। जोधपुर पुलिस ने पिछले 14 दिन में साढ़े 9 करोड़ रुपए की अ ?वैध शराब और 5 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। कोटा पुलिस ने 4 करोड़ रुपए की अवैध शराब, 1.60 करोड़ रुपए का अफीम और डोडा-पोस्त पकड़ा है। जालोर पुलिस ने 1 करोड़ रुपए की अवैध शराब बरामद की है।

#### एक्शन लेने वालों को मिलेगा पुरस्कार

आईजी विकास कुमार ने बताया कि इस पूरे सिस्टम के लिए तस्करों की ट्रैकिंग का भी सि ?स्टम बनाया गया है। यानी कोई तस्कर डोडा-पोस्त या शराब लेकर अलग-अलग थानों से गुजरते हुए जयपुर या अजमेर में पकड़ा जाता है तो पता लगाया जाता है कि ये कौन-कौन से जिले और थानों से गुजरा।

# पैसे से चुनाव जीतने की बात करने वाले भाजपा नेताओं पर हो कार्रवाई : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के जो नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और पैसे के बल पर चुनाव जीतने की बात कर रहे हैं उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मध्य प्रदेश कांग्रेस की वरिष्ठ नेता शोभा ओझा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इस चुनाव में भाजपा बुरी तरह से हार रही है इसलिए उसके नेता, जनता को तरह-तरह के प्रलोभन दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य के परिवहन



एवं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एक वीडियो में कहते दिख रहे हैं कि जिस बूथ पर भाजपा को ज्यादा वोट पड़ेगा, उनके बूथ प्रभारियों को 25 लाख रुपए देंगे। एक अन्य वीडियो में कैलाश विजयवर्गीय ये कहते दिख रहे हैं कि जिस बूथ पर कांग्रेस को एक भी वोट नहीं मिलेगा उस बूथ के प्रभारी को मैं 51 हजार रुपए ईनाम दूंगा। यहां एक सवाल ये भी उठता है कि भाजपा के इन नेताओं के पास बूथ प्रभारियों को देने के लिए इतने पैसे कहां से आए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को लाखों रुपए देने की बात जब सामने आई, तो इसकी शिकायत मुख्य चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग से की गई। चुनाव आयोग ने इसकी जांच कर गोविंद सिंह राजपूत पर प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार में जो मंत्री तथा भाजपा नेता पैसे के बल पर चुनाव जीतने की बात कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### तीसरे दिन भी नहीं आया तीनों मासूमों को होश, एम्स रेफर की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार को हुए हादसे में ईको सवार घायल तीन मासूम बच्चों को तीसरे दिन भी होश नहीं आया। उन्हें अब दिल्ली के एम्स रेफर करने की तैयारी की जा रही है। हादसे में मासूम बच्चों के परिवार के चार सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। वहीं पुलिस अब तक आरोपी चालक और वाहन का पता नहीं लगा पाई है। यमुना एक्सप्रेसवे पर रबूपुरा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुए हादसे में ईको कार में सवार दंपती बिजेंद्र बैठा (36), पत्नी कांति देवी (30), बेटी ज्योति (12), बड़े भाई रामप्रीत (38), दोस्त सुरेश (45) की मौत हो गई। जबकि बिजेंद्र के बेटे आयुष (8), आर्यन (10) और उपेंद्र का बेटा सूरज (16) गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन का कहना है कि जेवर के निजी अस्पताल में तीनों मासूम बच्चों का बिना रुपये इलाज किया लेकिन बच्चों की हालत स्थित बनी हुई है। इसके चलते अस्पताल पुलिस से संपर्क कर तीनों बच्चों को दिल्ली के एम्स में रेफर कराने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

### टेम्पो ट्रैवलर के खाई में गिरने से एक की मौत

**कोझिकोड।** केरल के वडकारा में मदापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर मंगलवार तड़के एक टेम्पो ट्रैवलर के खाई में गिर जाने से एक महिला की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। घटना सुबह करीब पांच बजे की है।टेम्पो ट्रैवलर में सवार लोग कोट्टायम जिले के पाला से कासरगोड जिले के वेल्लारीकुंडु में अपने रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच मदापल्ली एनएच पर दूसरे वाहन को रास्ता देते समय टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गया। इस हादसे में एक महला की मौत हो गयी और 12 अन्य घायल हो गये जिनमें तीन की हालत गंभीर थी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान कोट्टायम जिले के पाला के सालिया(60) के रूप में हुई है। अग्निशमन बल और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया ।शेष लोगों का वडकारा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### हिमाचल में शारदीय नवरात्र में 12 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

शिमला। शारदीय नवरात्र के दौरान हिमाचल प्रदेश के विख्यात शक्तिपीठों व ऐतिहासिक देवी मंदिरों में नमन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी उछाल देखा गया। प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नवरात्र के दौरान नौ दिनों में 12 लाख 72 हज़ार श्रद्धालुओं ने शक्तिपीठों और प्रमुख देवी मंदिरों में शीश नवाया है। इनमें हिमाचल के अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली समेत अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी शामिल हैं। बिलासपुर जिला के श्री नैना देवी में सबसे ज्यादा श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। यहां तीन लाख 34 हज़ार 610 श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। इसी तरह सिरमौर जिला स्थित माता बाला सुंदरी में दो लाख 91 हज़ार श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। ऊना जिला के चिंतपूर्णी शक्तिपीठ में एक लाख 37 हज़ार 137, कांगड़ा जिला के ज्वालाजी शक्तिपीठ में एक लाख 36 हज़ार 300, ब्रजेश्वरी मंदिर में एक लाख 31 हज़ार 549 और चामुंडा देवी में एक लाख 11 हज़ार 160 और बगलामुखी में 31 हज़ार 993 श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। शिमला जिला के ऐतिहासिक मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### कच्चे मकान की दीवार गिरने से मजदूर की मौत

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में कांगडा जिले के पुलिस थाना रक्कड़ के अंतर्गत पंचायत कलोहा में एक मजदूर की दीवार गिरने से मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देहरा सिविल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने जानकारी के अनुसार सोमवार को उक्त व्यक्ति कलोहा में किसी के घर पर मजदूरी कर रहा था। इस दौरान वह कच्चे मकान के साथ जर्जर दीवार को गिराने की कोशिश कर रहा था कि अचानक कच्ची दीवार व्यक्ति के ऊपर गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से वह घायल हो गया। परिजनों ने उपप्रधान दलजीत सिंह को सूचित किया। जिसके बाद उपप्रधान ने रक्कड़ पुलिस थाना को घटना की जानकारी दी। मृतक की पहचान 55 वर्षीय देवी सिंह पुत्र दीनू राम निवासी निचला कलोहा के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी रक्कड़ गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देहरा सिविल अस्पताल भेज दिया है।

### सीकर जिले में कांग्रेस इस बार आठों सीटें जीतकर दोहराना चाहेगी इतिहास

सीकर। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्तारुढ़ कांग्रेस सीकर जिले में आठों विधानसभा सीटें फिर से जीतकर इतिहास दोहराना चाहेगी जबकि मुख्य विपक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी साख कायम करने का प्रयास करेगी। इस बार अभी सीकर जिले की पांच सीट कांग्रेस और दो सीट भाजपा के लिए पहेली बनी हुई हैं और इन सीटों पर दोनों ही पार्टियां अपने प्रत्याशी अभी तक तय नहीं कर पाई है। कांग्रेस को सीकर, धोद, खंडेला, दांतारामगढ और श्रीमाधोपुर क्षेत्र में उम्मीदवार तय करने हैं तो भाजपा को सीकर और खंडेला में अपने उम्मीदवारों का चयन करना है। फूंक-फूंक कर कदम रख रही कांग्रेस सीकर जिले की आठों सीट फिर से जीतकर इतिहास दोहरा चाहती है तो भाजपा इस बार कांग्रेस के गढ़ में सेंध मारने की कोशिश में हैं। इस बार राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) भी जिले में काफी जोर लगा रही हैं और इससे कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### बस के खाई में पलट जाने से दो यात्रियों की मौत

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कोटड़ी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह सड़क से उतरकर खाई में पलट जाने से एक महिला सहित दो यात्रियों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक श्याम सुंदर विश्नोई ने बताया कि सुबह भीलवाड़ा से एक निजी बस यात्री लेकर जहाजपुर के लिए रवाना हुई और करीब दस बजे कोटड़ी थाने के सातोलाखेड़ा क्षेत्र में आनंदा होटल के नजदीक बस को गड्ढे से बचाने की कोशिश में अनियंत्रित होकर सड़क से उतरते हुए खाई में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर घायलों की चीख-पुकार मचने पर आस-पास मौजूद लोगों ने घायलों को बस से निकाला और एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवा दिया। हादसे में घायल पन्द्रह यात्रियों में पारोली थाने के रोपां गांव निवासी ग्यारसी एवं आमली, हमीरगढ़ निवासी नारायण धोबी ने दम तोड़ दिया। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई गई है।

### सरदारपुरा क्षेत्र में पिछले चालीस वर्ष से मिल रहा है लोगों का प्यार-गहलोत

जोधपुर । राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि जोधपुर के सरदारपुरा क्षेत्र में उन्हें पिछले करीब 40 सालों से लोगों का प्यार और आर्शीवाद मिल रहा हैं और यही उनकी ताकत है। आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से जोधपुर के सरदारपुरा से पार्टी उम्मीदवार घोषित होने के बाद अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे श्री गहलोत ने अपने चुनाव प्रचार के दूसरे दिन मंगलवार को मीडिया से यह बात कही। दो दिनों में उनके स्वागत के लिए जिस तरह लोग उमड़ रहे है और उत्साहित है, उससे खुश मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे उन्हें शगुन मिला है और अब वह इस शगुन को लेकर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के लिए जायेंगे। उन्होंने दशहरे पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह भाग्यशाली है कि जब पहली बार सांसद बने तब से क्षेत्र में लोगों का आर्शीवाद मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह छोटे बच्चों में जो उत्साह दिख रहा है और उनमें मेरे प्रति जो भाव एवं प्यार हैं, यह पिछले 40 सालों से चला आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेशवासियों का उनके प्रति प्यार, दुलार एवं आशीर्वाद है और उनका आशीर्वाद होगा तभी तो मैं चुनाव में प्रचार कर पाऊंगा। जोधपुरवासियों से प्यार एवं दुलार है और मतदाताओं से पूछ लिया गया है कि उनका आर्शीवाद हो तो वह चुनाव प्रचार के लिए अन्य जगहों पर जाये, यहां के लोगों ने यह ईजाजत दे दी।

# डूब क्षेत्र में बगैर एनओसी के बेच सकेंगे जमीन, नहीं कर सकेंगे पक्का निर्माण

- जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जमीन की खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटाई, एक बार में खाते की पूरी जमीन बेचनी होगी
- डूब क्षेत्र के किसानों को मिलेगी राहत, वर्ष 2020 में लगाई गई थी रोक

**ग्रेटर नोएडा।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने डूब क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटा दी है। अब किसानों को अब प्राधिकरण या जिला प्रशासन से एनओसी लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि अब खातेदार को एक ही बार में खाते में दर्ज पूरी जमीन बेचनी होगी। साथ ही जमीन खरीदने के बाद उस पर किसी तरह का पक्का निर्माण नहीं किया जा सकेगा।

यदि सहखातेदारों में से एक किसी को जमीन बेचनी है तो उनको प्रशासनिक समिति से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होगा। जमीन की खरीद-बिक्री के लिए प्रशासन ने समिति का गठन कर दिया है।

यमुना और हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध कॉलोनियां बसा दी गई हैं। क्षेत्र में जारी अवैध निर्माण रोकने के लिए डीडीएमए ने अक्तूबर 2020 में आदेश जारी कर डूब क्षेत्र की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी थी। मगर इसमें क्षेत्र के किसानों को परेशानी होने लगी। वह अपनी जमीन नहीं बेच पा रहे थे। जिसके बाद संबंधित प्राधिकरण से एनओसी लेने के बाद ही रजिस्ट्री कराने की शर्त लगा दी गई थी। हालांकि अब डीडीएमए ने नियमों में बदलाव कर केवल असल किसानों को राहत देने का प्रयास किया है।

अधिकारियों के मुताबिक डूब क्षेत्र की जमीन का एक खाता नंबर होता है। किसान अब प्राधिकरण या प्रशासन की अनुमति लिए बगैर खाता नंबर में दर्ज पूरी जमीन बेच सकेंगे। यदि, खाता नंबर के अलग गाटा संख्या या किसी सहखातेदार में से किसी को एक जमीन बेचने के लिए जिला प्रशासन से एनओसी हासिल करना होगा। इसके लिए जिला स्तर पर पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति में संबंधित एसडीएम, सिंचाई विभाग, संबंधित प्राधिकरण का नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सर्वे विभाग का एक-एक अधिकारी शामिल किए गए हैं। समिति किसान के आवेदन पर अपनी रिपोर्ट देगी। जिसके आधार पर सब रजिस्ट्रार को रजिस्ट्री कराने के संबंध में निर्देशित किया जाएगा।

#### भूमाफिया ने निकाल लिया था रोक का तोड़

वर्ष 2020 में डूब क्षेत्र में रजिस्ट्री पर रोक लगने के बाद भी अवैध कॉलोनी काटने का सिलसिला जारी है। भूमाफिया ने रजिस्ट्री कराने के लिए करेक्शन डीड का सहारा ले रहे हैं। भूमाफिया आसपास के गांवों के आबादी के खसरा नंबर में रजिस्ट्री कराते हैं। बाद में करेक्शन डीड के माध्यम से आबादी के खसरा नंबर की जगह डूब क्षेत्र का खसरा नंबर डाल दिया जाता है। इसी तरह के एक मामले में प्रशासन ने दादरी कोतवाली में एक माफिया पर मामला भी दर्ज कराया था।

#### डूब क्षेत्र का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करेगी टीम

एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि गठित टीम डूब क्षेत्र की स्थिति, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, अनधिकृत रूप से आबादी के लिए प्रयोग हो रही जमीन का सर्वे करेगी। उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिए गए है कि अब डूब क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण रोकना होगा।

## सत्ता में आए तो 'दरबार मूव' का फैसला पलट देंगे : बुखारी

एजेंसी



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने मंगलवार को सत्ता में आने पर 'दरबार मूव' के फैसले को पलटने का वादा किया।

'दरबार मूव' जम्मू-कश्मीर के सचिवालय और अन्य सभी सरकारी कार्यालयों को एक राजधानी से दूसरे शहर-जम्मू में शीतकालीन राजधानी तथा ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में द्वि-वार्षिक स्थानांतरण को दिया गया नाम है, जो 1872 से 2021 तक संचालित था।

वर्ष 2021 में हालांकि अधिकारियों ने इस प्रथा को रोक दिया और कहा कि चूंकि प्रशासन ने ई-ऑफिस का परिवर्तन पूरा कर लिया है, इसलिए सरकारी कार्यालयों के द्विवार्षिक 'दरबार मूव' की प्रथा को जारी रखने की कोई आवश्यकता नहीं है।

अधिकारियों ने यहां तक कहा कि 'दरबार मूव' खत्म होने से सरकारी खजाने में 200 करोड़ रुपये की बचत होगी, डोगरा शासक महाराजा रणबीर सिंह ने 1872 में 'दरबार मूव' की प्रथा शुरू की थी। बुखारी ने मंगलवार को कहा कि वह 'दरबार मूव' पर सरकार के फैसले को पलट देंगे।

उन्होंने एक्स पर कहा, जम्मू और कश्मीर अपनी पार्टी 'दरबार मूव' के फैसले को बंद करने के फैसले को पलटने की जम्मू के लोगों की वैध मांग का पूरी तरह से समर्थन करती है।

उन्होंने कहा, यह रिकॉर्ड में रखा जाए कि सत्ता में आने के बाद अपनी पार्टी इस मामले को प्राथमिकता पर लेगी।

## राजनाथ सिंह ने अरुणाचल में अग्रिम चौकियों का किया दौरा

**ईटानगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए देश के सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में अग्रिम चौकियों पर सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों का प्रत्यक्ष जमीनी आकलन करते हुए यह बात कही। मंत्री ने कहा कि रक्षा उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन के माध्यम से देश की सैन्य शक्ति को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा सभी प्रयास किए जा रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान, सिंह ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अग्रिम पंक्ति के स्थानों पर तैनात सैनिकों से बातचीत की और उनके साथ दशहरा मनाया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में सीमाओं पर तैनात सैनिकों की अडिग भावना, अटूट प्रतिबद्धता और अद्वितीय साहस के प्रति आभार व्यक्त किया, जो हमेशा यह सुनिश्चित करते हैं कि देश और उसके लोग सुरक्षित रहें। राजनाथ ने तवांग में सैनिकों के साथ शस्त्र पूजा की और कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। अपने संबोधन में, उन्होंने विजयादशमी के त्योहार के लोकाचार के जीवित प्रमाण के रूप में बहादुर सशस्त्र बल कर्मियों की धार्मिकता और धर्म का वर्णन किया। रक्षा मंत्री ने बताया कि सशस्त्र बलों की वीरता और प्रतिबद्धता मुख्य कारणों में से एक है कि भारत का कद अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ा है और यह अब सबसे शक्तिशाली देशों में से एक है।

## नोएडा में जीएल बजाज कॉलेज में डांडिया नाइट का आयोजन

**जमकर थिरके छात्र, परिधानों में दिखा पारंपरिक गुजराती संस्कृति का रंग**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कालेज के तत्वावधान में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। डांडिया नाइट में डांडिया खेलने के लिए छात्रों में गजब का उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने अपने-अपने समूह में देर तक डांस किया। गानों की धुन पर छात्र जमकर थिरके।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव थीं। कालेज के डायरेक्टर मानस कुमार मिश्रा ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रीति यादव ने दीप जलाकर की। उन्होंने सभी को नवरात्रि व दशहरे की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नवरात्र में घर-घर में मां दुर्गा की पूजा होती है। पूजा का सही अर्थ तभी सिद्ध होगा जब पुरुष वर्ग हर मां, बहन, बेटी को पूरा सम्मान देगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित ग्रेटर नोएडा डांस अकादमी की टीम ने मंच पर शानदार डांडिया की प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति ने वहां पर बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों में जोश भर दिया। डांडिया नाइट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए छात्र व छात्राएं अपने-अपने ग्रुप में पहुंचे। डांडिया की विभिन्न प्रस्तुति पर छात्रों में जोश देखने को मिला। सुहाने मौसम में छात्रों ने कई घंटे तक डांस का आनंद लिया। डांडिया का सुरूर जैसे-जैसे बढ़ता गया छात्रों में जोश का इजाफा होता गया। छात्रों के साथ ही कालेज के कर्मचारियों ने भी डांडिया नाइट का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायिका राविका ने विभिन्न गानों की प्रस्तुति दी। उनके गानों पर भी छात्रों ने जमकर डांस किया।

#### परिधानों में दिखा पारंपरिक गुजराती संस्कृति का रंग

जीएल बजाज कालेज में हुई डांडिया नाइट में पारंपरिक गुजराती परिधानों में सज-धज कर लोग पहुंचे। नवरात्रि और डांडिया से जुड़े गीतों पर लोग झूमते नजर आए। महिलाओं और पुरुषों के साथ बच्चों ने भी बालीवुड के गीतों पर खूब ठुमके लगाए। आम लोगों के साथ संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विद्यार्थियों पर पाश्चत्य परिधानों का रंग देखने को मिला। मां दुर्गा के पूजन के साथ शाम को शुरू हुई डांडिया नाइट का उत्साह सभी के सिर चढ़कर बोला। देर रात तक लोग उमंग में डांडिया करते नजर आए।

## इजरायल विरोधी प्रदर्शन से पहले कई पीडीपी नेताओं को हिरासत में लिया गया

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रस्तावित इजरायल विरोधी तथा फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शन से पहले हिरासत में लिया गया या घर में नजरबंद कर दिया गया। पार्टी ने मंगलवार को इस आशय की जानकारी दी। इन गिरफ्तारियों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।



पीडीपी की मीडिया सलाहकार एवं पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को किसी न किसी बहाने चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया जा रहा है।

इल्तिजा ने श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, हमने फिलिस्तीनी लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए आज एक विरोध कार्यक्रम की योजना बनाई थी, जिन्हें सामूहिक रूप से इज़राइल के हाथों निशाना बनाया जा रहा है। पिछली शाम से पार्टी महासचिवों, यहां तक कि डीडीसी सदस्यों सहित कई नेताओं को घर में नजरबंद कर दिया गया है और कुछ को थानों में रखा गया है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के बाद एक चिंताजनक पैटर्न सामने आया है, जहां पीडीपी पहले नयी दिल्ली में विभाजित हुई और अब जब पार्टी कोई राजनीतिक गतिविधि या शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना चाहती है, तो उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई या जा रहा है।

उन्होंने कहा, मैं स्थानीय प्रशासन से पूछना चाहती हूं कि वर्ष 2019 से आप लगातार पीडीपी पर कार्रवाई क्यों कर रहे हैं। आप हमें राष्ट्र-विरोधी भी कहते हैं और सच्चाई यह है कि हम बहुत शांतिपूर्ण तरीके से गतिविधियां चलाना चाहते हैं। इल्तिजा ने कहा कि भारत भी शुरू से फिलिस्तीन मुद्दे के साथ खड़ा है और वे इस बात से हैरान हैं कि अधिकारियों ने उन्हें इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति क्यों नहीं दी।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, हमारा विरोध हमारे राष्ट्रीय हित के खिलाफ नहीं है। हम लोकतंत्र और शांति में विश्वास करते हैं। विरोध करना हमारा मौलिक अधिकार है. जम्मू-कश्मीर प्रशासन हमसे यह लोकतांत्रिक अधिकार क्यों छीन रहा है।

### हिमाचल में हेरोइन की ओवरडोज से छात्र की मौत, सप्लायर समेत चार गिरफ्तार

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर में प्रथम वर्ष के छात्र की हेरोइन की ओवरडोज मौत हो गई है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपी आपूर्तिकर्ता व दो छात्रों समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। छात्र की पहचान बिलासपुर जिले के पंजगांई निवासी सुजल शर्मा के रूप में हुई है। स्टूडेंट की उम्र महज 22 साल थी, जोकि एनआईटी हमीरपुर के धौलाधार हॉस्टल में अपने कमरे में मृत मिला है। इस मामले में स्टूडेंट को हेरोइन सप्लाई करने वाले एक आरोपी को हमीरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अब आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी से हमीरपुर पुलिस ने हेरोइन भी बरामद की है। पुलिस टीम ने मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें एनआईटी हमीरपुर के दो छात्र भी शामिल हैं। मामला सामने आने के बाद मृतक युवक की कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने एनआईटी हमीरपुर से कुछ ही दूरी पर कोट नामक स्थान पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यहां गाड़ी में दो लड़के बैठे हुए पाए गए जिनकी पहचान रजत उर्फ गिफ्टी निवासी रोपा ख्याह तहसील व जिला हमीरपुर तथा इशांत राणा निवासी अणु कलां मकान 118 वार्ड दो तहसील व जिला हमीरपुर के रूप में हुई। इनके कब्जे से 06.98 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। रजत उर्फ गिफ्टी हेरोइन (चिट्टा) का मुख्य आपूर्तिकर्ता है।

## नवरात्र में फीका रहा पर्यटन कारोबार, 30 फीसदी रही ऑक्यूपेंसी

शिमला। नवरात्र के दौरान जहां पहाड़ों की रानी शिमला पर्यटकों से गुलजार रहती थी। हर वर्ष नवरात्रि के दौरान दुर्गा पूजा के लिए बंगाल और गुजरात से सैलानी बड़ी संख्या में शिमला आते थे। इसके लिए एक माह पहले ही बुकिंग शुरू हो जाती थी। कारोबारियों को नवरात्रि में कारोबार बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। इस बार नवरात्र में पर्यटक काफी कम तादाद में शिमला पहुंचे।

शिमला में नवरात्र के दौरान 30 फीसदी से कम ऑक्यूपेंसी रही, जिससे पर्यटन कारोबारी परेशान है। आपदा में पहले ही पर्यटन कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ था। वहीं अब स्थिति सामान्य होने के बाद पर्यटक कारोबार पटरी पर लौटने की उम्मीद थी, लेकिन बाहरी राज्यों के टेम्पो ट्रैवलर और वॉल्वो बसों पर टैक्स से पर्यटन कारोबार प्रभावित हुआ।

शिमला टूर एंड ट्रेवल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन पॉल ने कहा कि इस बार नवरात्रि में पर्यटन कारोबार पूरी तरह से ठप रहा। गत 10 जुलाई के बाद आपदा के चलते सभी बुकिंग कैंसिल हो गई थी। तीन महीने तक कारोबार जीरो हो गया था।

## बदरीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर को शीतकाल हेतु होंगे बंद

**बदरीनाथ धाम/देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जनपद स्थित श्री बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल हेतु इस वर्ष 18 नवंबर को अपराह्न तीन बजकर 33 मिनट पर बंद हो जायेंगे। मंगलवार को विजय दशमी पर मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक समारोह में रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी ने आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी को साक्षी मानकर कपाट बंद करने की तिथि की घोषणा की। धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल ने पंचांग गणना की तथा वेदपाठी रविन्द्र भट्ट सहित वेदाचार्यो ने स्वास्तिवाचन किया। आज ही नये यात्रा वर्ष में भंडार व्यवस्था के लिए पगड़ी भेंट कर, जिम्मेदारी दी गयी।



श्री बद्रीनाथ, केदार नाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने हकूक धारियों को यह पगड़ी भेंट की। यह पगड़ी राम सिंह भंडारी, मोहन प्रसाद भट्ट, निश्चय मेहता, अविनाश पंवार को भेंट हुई। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि इस बार अभी तक बदरी- केदार यात्रा में रिकार्ड 34 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन कर लिए हैं।

बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कपाट बंद होने की प्रक्रिया में पहले पंच पूजा शुरू होंगी। आगामी 14 नवंबर को गणेश जी के कपाट बंद होंगे। इसके बाद 15 नवंबर दिन ? में आदि केदारेश्वर मंदिर के कपाट बंद होंगे। आगामी 16 नवंबर तीसरे दिन खडग पुस्तक पूजन के बाद वेद ऋचाओं का पाठ बंद हो जायेगा। चौथे दिन 17 नवंबर को लक्ष्मी जी को कढाई भोग तथा पांचवे दिन 18 नवंबर को रावल जी स्त्री भेष धारण कर, लक्ष्मी माता को भगवान बदरीनाथ जी के सानिध्य में रखेंगे। उसके पश्चात, अपराह्न तीन बजकर, 33 मिनट पर भगवान बदरी विशाल के कपाट बंद हो जायेंगे। कपाट बंद होने के बाद 19 नवंबर को प्रातः श्री उद्धव जी एवं कुबेर जी योगध्यान बदरी मंदिर पांडुकेश्वर तथा आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी श्री नृसिंह मंदिर स्थित गद्दीस्थल को प्रस्थान करेगी। उल्लेखनीय है कि श्री केदारनाथ तथा यमुनोत्री धाम के कपाट भैया दूज के अवसर पर 15 नवंबर दोपहर को बंद हो जायेंगे। वहीं, श्री गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट के अवसर पर 14 नवंबर को शीतकाल हेतु बंद होंगे जबकि द्वितीय केदार मद्महेश्वर जी के कपाट 22 नवंबर तथा तृतीय केदार तुंगनाथ जो के कपाट एक नवंबर पूर्वाह्न को बंद कर दिये जायेंगे।

## त्रिपुरा माफिया सिंडिकेट से निपटने के लिए एसटीएफ का गठन करेगा

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने मंगलवार को दशहरा और विजयादशमी के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और बताया कि उनकी सरकार लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और राज्य की सामान्य कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

साहा ने कहा, हम माफिया सिंडिकेट से निपटने के लिए एक विशेष कार्य बल (एसटीएफ) स्थापित करने पर विचार कर रहे हैं। त्रिपुरा में जल्द ही राज्य पुलिस की



अपराध शाखा के तहत साइबर स्पेस में अपराधों को संभालने के लिए एक समर्पित साइबर अपराध पुलिस स्टेशन होगा।

त्रिपुरा पुलिस की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा में अपराध दर देश के सभी राज्यों में सबसे कम है, जो सुरक्षा एजेंसियों के समन्वित प्रयासों के कारण संभव हुआ है। नशीली दवाओं के खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए साहा ने कहा, हम राज्य में प्रवेश करने वाले नशीले पदार्थों का पता लगाने के लिए एक ड्रग स्कैनिंग मशीन हासिल करने की प्रक्रिया में हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा स्टेट राइफल्स (टीएसआर) की दो इंडिया रिजर्व बटालियनों के 1,417 कर्मियों को इस उद्देश्य के लिए भर्ती किया गया है और वर्तमान में प्रशिक्षण ले रहे हैं और कुल 1,417 रंगरूटों में से 137 महिलाएं हैं। त्रिपुरा सरकार अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस रखती है और वह व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रखते हैं।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में त्रिपुरा में विभिन्न अभियानों में 59 रोहिंग्या, 160 भारतीय और 150 बांग्लादेशी नागरिकों सहित 369 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## ईएमयू ट्रेन के चार खाली डिब्बे पटरी से उतरे

चेन्नई। तमिलनाडु के चेन्नई में उपनगरीय अवाडी स्टेशन के पास ईएमयू ट्रेन के चार खाली डिब्बे मंगलवार सुबह पटरी से उतर गये।

अन्नानूर यार्ड से लाई गई ट्रेन को अवैद स्टेशन पर शंट किया जाने वाला था, तभी डिब्बे पटरी से उतर गए।

प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि ईएमयू लोको चालक ने सिग्नल तोड़ दिया, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। डिब्बों के पटरी से उतरने के कारण अराक्कोनम-तिरुवल्लूर-चेन्नई सेंट्रल खंड पर रेल यातायात प्रभावित हुआ एवं चेन्नई सेंट्रल से बेंगलुरु, कोयंबटूर और तिरूपति सहित कई गंतव्यों तक जाने वाली कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन में देरी हुई। रेलवे अधिकारी पटरी से उतरे डिब्बों को हटाकर यातायात बहाल करने में लगे हुए हैं।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
बुधवार 25 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## बदमाशों ने सुरक्षाकर्मी को सरिया घोंपा

नई दिल्ली। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की साइट पर लोहा चोरी करने आए बदमाशों ने सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर दिया। एक के सीने में सरिया घोंप दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल 37 वर्षीय मो. इमरान परिवार के साथ दिलशाद कॉलोनी की झुग्गियों में रहता है। उसने बताया कि वह ठेकेदारी करता है और उसके पांच सुरक्षाकर्मी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की खिजराबाद साइट पर काम करते हैं। वे कई बार बता चुके हैं कि कुछ लोग साइट पर आकर लोहा चोरी करते हैं। 20 अक्तूबर की रात को इमरान शाहजाद, इकबाल और रहीस साइट पर थे। इसी दौरान अरविंद उर्फ केजरीवाल और करण लोहा चोरी करने पहुंच गए। इसी दौरान इमरान और उसके साथियों ने अरविंद को पकड़ लिया। करण वहां से गया और अपने साथियों को बुला लाया। करण, खुर्रम और उनके 4-5 साथी मौके पर आए और सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर दिया। इमरान के सीने में लोहे का सरिया घोंप दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि वारदात के बाद पुलिस मौके पर आई और घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया। पुलिस ने उपचार के बाद इमरान के बयान पर केस दर्ज कर लिया है।

## धान का ओवरलोड ट्रक पलटा, नीचे दबे तीन

हापुड़। हापुड़ जिले के देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नेशनल हाईवे-9 पर काली नदी पुल के पास धान से भरा ओवरलोड ट्रक टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के दौरान वहां से गुजर रही बाइक सवार तीन युवक उसके नीचे दब गए। मौके पर पहुंची पुलिस व लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को ट्रक के नीचे से निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायलों का अभी भी उपचार चल रहा है। बाबूगढ़ कस्बा निवासी तीन दोस्त पारस, रचित और राजा सोमवार देर रात एक ही बाइक पर हापुड़ की रामलीला देखने के लिए आ रहे थे। जब वे पुराने एनएच 09 पर काली नदी पुल के पास पहुंचे तो गढ़ से हापुड़ की ओर आ धान से भरे ओवरलोड ट्रक का अचानक टायर फट गया। अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया और बाइक सवार तीनों युवक उसकी चपेट में आकर बुरी तरह से जख्मी हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान पारस की मौत हो गई। जबकि रचित और राजा की हालत गंभीर बनी हुई है।

## जितेंद्र हत्याकांड में महिला समेत दो गिरफ्तार

लोनी। अशोक विहार कॉलोनी के सामने बाइक सवार बदमाशों द्वारा जितेंद्र की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मदन की पत्नी सोनिया और सुरेंद्र को गिरफ्तार किया है। इस घटना में मुख्य आरोपी मदन और उसके अन्य साथी फरार चल रहे हैं। फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। उधर आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर परिजनों में रोष है। एसीपी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि जितेंद्र हत्याकांड में पुलिस ने सुरेंद्र और सोनिया को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि करीब 2 वर्ष पूर्व दिनेश की हत्या हुई थी। दिनेश हत्याकांड में जितेंद्र पैरवी कर रहा था। दोनों पक्षों में समझौता भी हो रहा था लेकिन बाद में जितेंद्र नहीं माना जिसके चलते जितेंद्र की हत्या की योजना बनाई गई। योजना के तहत जितेंद्र की गोली मारकर हत्या की गई। एसीपी ने बताया कि इस घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी मदन और उसके साथियों के ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

## 6 साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़

**मानेसर।** मानेसर थाना के तहत आने वाले एक गांव की 6 साल की बच्ची के साथ उसके पड़ोसी द्वारा शराब के नशे में छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। महिला थाना में आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट की धारा 17 व 18 के तहत मामला दर्ज कराया है। मानेसर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां पर उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना के तहत आने वाले एक गांव की नाबालिग दो लड़कियां बीते सुबह अपने घर से गायों को रोटी देने के लिए गई थी। रास्ते में शराब के नशे में उत्तर प्रदेश के जिला सलोन के परमाल पुत्र देवीसिंह खड़ा था। परमाल सिंह ने मौका देखकर उनमें से एक लड़की को बहला-फुसलाकर पास की झाड़ियों में ले गया। उनमें से दूसरी बच्ची द्वारा शोर मचाने पर लोग एकत्र हो गए तथा नाबालिग को बचाकर आरोपी को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। नाबालिग बच्ची की मेडिकल करवाकर उसे उसके अभिभावक के पास भेज दिया है।

## माता शीतला मंदिर में कंजक पूजन

**गुरुग्राम।** नौ दिनों से चल रहा देवी मां की आराधना का व्रत मां सिद्धिदात्री के पूजन के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने हवन और पूजन के बाद देवी का रूप मानकर कंजिकाओं की पूजा की। उनके पांव पखारे, खीर पूड़ी , हलवा बनाकर भोजन कराया, दक्षिणा दी और इसके बाद नवरात्र के व्रत को पूरा किया। माता शीतला के मंदिर में नवमी के हवन के बाद कंजिका पूजन किया गया। मंदिर के अधिकारी यज्ञ दत्त शर्मा और अन्य पुजारियों ने कंजिका पूजन किया। मंदिर में नवमी रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। रेलवे रोड स्थित माता चिंतपूर्णी के मंदिर, सुदर्शन माता मंदिर के वैष्णव देवी दरबार, सेक्टर 41 स्थित शक्तिपीठ मंदिर, मदनपुरी स्थित देवी मंदिर, गुफा वाले मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। इन मंदिरों में पिछले नौ दिनों से दुर्गा सप्तशती का पाठ चल रहा था। मंदिरों में हवन, पूजन और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। दुर्गा पूजा पंडालों में भी श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को पुष्पांजलि दी।

## बिना टिकट यात्रियों पर होगी कार्रवाई

गुरुग्राम। त्योहारी सीजन में ट्रेनों और रेलवे स्टेशन पर भीड़ बढ़ने लगी है। रेलवे विभाग ने ट्रेनों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए योजना बनाकर कार्रवाई शुरू की है। विभाग की ओर से रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाने के आदेश जारी किए हैं। गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर दिन व रात्रि के समय यात्रियों का आवागमन रहता है। ऐसे में यहां पर भी विशेष अभियान कभी भी चेकिंग की जा सकती है। ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिलने के कारण कई बार यात्री बिना टिकट ही सफर करते हैं। ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वालों पर कार्रवाई करते हुए मौके पर ही जुर्माना वसूला जाएगा। गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के अधीक्षक शंकर लाल मीणा ने बताया कि रेलवे की ओर से 20 अक्तूबर से 27 नवंबर तक यह अभियान चलाया जा रहा है। इसकी एक रिपोर्ट तैयार करके चार दिसंबर तक रेलवे मुख्यालय में जमा करवानी होगी, ताकि रिपोर्ट का आकलन किया जा सके। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक पैसेंजर मार्केटिंग नीरज शर्मा ने सभी जोनल महाप्रबंधकों व मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश जारी किए हैं। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि पूरी कार्रवाई के दौरान आरपीएफ की भी मदद ली जा रही है।

## पिज्जा की दुकान में लगी आग, महिला झुलसी

गुरुग्राम। पटौदी पुलिस चौकी के पास रविवार की रात को एक पिज्जा की दुकान में आग लगने से उसमें काम करने वाली महिला बुरी तरह से झुलस गई। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। आग उस दौरान लगी जब महिला लाइटर से चूल्हा जला रही थी। गनीमत रही कि आग से सिलिंडर नहीं फटा, जिसके चलते बड़ा हादसा टल गया। वहीं आग ने समीप ही बने एक सैलून को भी अपनी जद में ले लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। फायर अधिकारी के अनुसार पटौदी पुलिस चौकी के पास पूनम नामक महिला की कुल्हड़ पिज्जा की दुकान है। रात को 9 बजे के करीब पूनम ने जैसे ही गैस चूल्हा जलाने के लिए लाइटर जलाया तो धमाके के साथ आग भड़क गई। जिसकी चपेट में आकर पूनम बुरी तरह से झुलस गई। आसपास के लोगों से उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैल गई। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई।

# दिल्ली में प्रदूषण : एक्यू आई 303 पहुंचा

### मंगलवार को धौला कुंआ में एक्यूआई 303 दर्ज किया गया

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में मौसम ठंडा होने के साथ ही प्रदूषण का प्रभाव भी बढ़ने लगा है। जिसका असर दिल्ली ही नहीं नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद तक दिख रहा है। मंगलवार सुबह को दिल्ली के कई इलाकों में वायु प्रदूषण से हवा बहुत खराब हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, सफर इंडिया ने बताया कि दिल्ली में वायु प्रदूषण लगातार बहुत खराब श्रेणी में है। मंगलवार को धौला कुंआ में एक्यूआई 303 दर्ज किया गया।

सोमवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 263 दर्ज हुआ। जोकि खराब श्रेणी में रहा। वहीं, रविवार के मुकाबले 50 सूचकांक में कमी आई थी। तीन इलाके में हवा बेहद खराब और 27 में खराब श्रेणी में रही। साथ ही, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का वायु गुणवत्ता सर्वाधिक रहा, जबकि गुरुग्राम का सबसे कम दर्ज किया गया।



दिल्ली की हवा समग्र रूप से हवा बेहद खराब दर्ज की गई। सुबह के समय स्मॉग रहा, जोकि धूप निकलने के बाद कम हो गया। कमोबेश यही स्थिति पूरे सप्ताह बने रहने का अनुमान है। विशेषज्ञों के अनुसार हवा की दिशा व गति बदलने से स्मॉग छा रहा है। वहीं, पराली का धुआं अब और परेशान करेगा। बता दें दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का दूसरा चरण लागू है।

#### और खराब हो सकती है दिल्ली की हवा

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक सोमवार को हवाएं उत्तर-पूर्वी व उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 4 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही। मंगलवार को हवाएं उत्तर-पूर्वी दिशाओं से चलने का अनुमान है। हवा की गति 4 से 16 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। वहीं, सुबह के समय धुंध छाए रहने का भी अनुमान है। इस दौरान हवा बेहद खराब श्रेणी में रहने का अनुमान है। साथ ही बुधवार को भी हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलेंगी। हवा की चाल 8 से 16 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। सफर इंडिया के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा लगभग 124 दर्ज की गई, जोकि खराब श्रेणी में है। वहीं, पीएम 10 की मात्रा करीब 215 दर्ज की गई।

#### ग्रेटर नोएडा में सबसे प्रदूषित रही हवा

सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 299 रहा, जोकि खराब श्रेणी है। वहीं, फरीदाबाद में 256, दिल्ली में 263, नोएडा में 229, गाजियाबाद में 220 व गुरुग्राम में 182 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# नोएडा : 2.33 करोड़ की धोखाधड़ी में एक गिरफ्तार

### प्रॉपर्टी बेचने के नाम लिए थे पैसे



**नोएडा।** थाना फेस 1 पुलिस ने धोखाधड़ी कर प्रॉपर्टी बेचने के नाम पर 2 करोड़ 33 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान श्रवण चौधरी पुत्र मदन चौधरी निवासी ए 51 रामाकृष्णा अपार्टमैंट दिल्ली हुई है। पुलिस ने बताया कि 31 जुलाई 2023 को पीड़ित ने थाना फेज-1 में शिकायत दी कि श्रवण चौधरी ने प्रॉपर्टी खरीदने के नाम पर उनसे इकरारनामा के आधार पर 2 करोड़ 33 लाख रुपए। आरोपी के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया जा चुका था। प्रॉपर्टी नहीं मिलने पर जब पीड़ित ने उससे पैसे मांगे तो आरोपी ने नहीं दिए। यही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी धोखाधड़ी करने के बाद लंदन भाग गया था। पुलिस उसकी टोह ले रही थी। कुछ दिन पहले ही वो लंदन से लौट कर आया। ऐसे में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे नई दिल्ली एयरपोर्ट के गेट नंबर पांच टर्मिनल-3 से गिरफ्तार किया। बताया गया कि वो वापस दिल्ली भागने की फिराक में था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। साथ ही इस मामले में अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

# गाजियाबाद में युवक को चाकू घोंपकर मार हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी इलाके में सोमवार आधी रात एक युवक को कुछ लोगों ने चाकू मार दिया। दिल्ली के लोक नारायण जेपी हॉस्पिटल इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि मृतक और आरोपियों के बीच रामलीला में किसी बात पर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद इस वारदात को अंजाम दिया गया। हालांकि पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या की सही वजह स्पष्ट हो पाएगी।

ये घटनाक्रम गांव इलायचीपुर की नसीब कॉलोनी का है। यहां रहने वाले जितेंद्र ने सोमवार रात करीब डेढ़ बजे न्यू लुक सैलून के संचालक के घर का दरवाजा खटखटाया। वो बाहर निकलकर आया तो जितेंद्र लहूलुहान अवस्था में था।

बकौल जितेंद्र, उसे कुछ लोगों ने चाकू मारा है। सैलून संचालक ने तुरंत जितेंद्र के परिजनों को सूचना दी। वे मौके पर आए और घायल को दिल्ली के हॉस्पिटल में ले गए। यहां हालत गंभीर देख उसे एलएनजेपी हॉस्पिटल रेफर कर दिया। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

गाजियाबाद पुलिस को इस घटनाक्रम का तब पता चला, जब हॉस्पिटल से मरीज का मेमो पहुंचा। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। जितेंद्र के परिजनों ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ थाना ट्रोनिका सिटी में एप्लिकेशन दी है।

एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया, आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उसके बाद ही पता चलेगा कि दोनों पक्षों में किस बात को लेकर विवाद हुआ था।

## गोकशी कर रहे बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़

मोदीनगर। मोदीनगर के गांव अमराला बंबे की पटरी पर रात को गौकशी कर रहे बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने बदमाश के पास से तमंचा, पिकअप और दो पशु बरामद किए हैं। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि रात को 11:30 बजे के आसपास अबलपुर बंबे के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच किसी ने सूचना दी कि दो बदमाश प्रतिबंधित पशुओं को अमराला बंबे पटरी मार्ग पर ले गए और गौकशी करने वाले हैं। सूचना मिलते ही भोजपुर थानाप्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की कई टीम बनाई गई और मौके पर भेजी गई। जब पुलिस गांव अमराला स्थित बंबे पर पटरी पर पहुंची तो दो बदमाश गौकशी कर रहे थे।

# दिल्ली में 1000 किलो से ज्यादा अवैध पटाखे जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

### जनरल स्टोर की आड़ में बेच रहा था

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को 1000 किलो से ज्यादा अवैध पटाखे जब्त किए। मामले में एक दुकानदार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जनरल स्टोर की आड़ में पटाखे बेच रहा था।

पुलिस का कहना है कि फेस्टिवल सीजन की वजह से राजधानी में कई जगह अवैध रूप से पटाखे बेचे जा रहे हैं। इसे रोकने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। दरअसल, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पटाखों की बिक्री और खरीद पर रोक लगाने का आदेश दिया था, क्योंकि इससे पॉल्यूशन बढ़ता है। कोर्ट के इस फैसले के बाद पुलिस की एक स्पेशल टीम बनाई गई थी, जो पटाखों की बिक्री और खरीददारी पर नजर रख रही है।



#### जनरल स्टोर की आड़ में बेच रहा था अवैध पटाखे

पुलिस को सूचना मिली थी कि कल्याणपुरी इलाके में हिमांशु गोयल जनरल स्टोर की आड़ में पटाखे बेच रहा है। उसने सीक्रेट जगह पर भारी मात्रा में इसे छुपा रखा है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस की एक टीम ने जनरल स्टोर पर छापेमारी की। मौके से 1 टन यानी 1000 किलो अवैध पटाखे मिले। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा 9B और धारा 188 में केस दर्ज किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शस्त्र पूजन कर राष्ट्र और स्वाभिमान की रक्षा का लिया संकल्प



▶ महासभा के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष राणा सुजीत सिंह के सैनिक फॉर्म स्थित आवास पर आयोजित समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा मानवेंद्र सिंह सहित देश भर के राजपूत समाज के जागरूक लोगों ने की शिरकत

नई दिल्ली। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष राणा सुजीत सिंह के नई दिल्ली के नेवी वैली सैनिक फार्म में आयोजित शस्त्र पूजन समारोह में शस्त्र पूजा कर राष्ट्र की संरक्षा और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा मानवेंद्र सिंह ने शस्त्र पूजन के साथ समारोह में उपस्थित राजपूत समाज सहित सभी समाज के नागरिकों को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। राजा मानवेंद्र सिंह ने कहा कि शस्त्र पूजन और समाज एवं राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शस्त्र चलाना राजपूत समाज की परंपरा और इतिहास रहा है। इसलिए हम सभी समाज के लोगों को परंपरा संस्कृति और सभ्यता को बनाए रखने के लिए शस्त्र पूजन करना चाहिए। राजा मानवेंद्र सिंह ने राजपूत समाज का आह्वान किया कि अपने स्वाभिमान और राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए हर समय अपना प्रयास जारी रखें। बच्चों को शिक्षित करने के साथ उन्हें आत्मरक्षा और समाज की परंपरा की जानकारी भी अवश्य दें। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष उदयवीर सिंह चौहान और उपाध्यक्ष राणा सुजीत सिंह ने कार्यक्रम के दौरान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा मानवेंद्र सिंह सहित क्षत्रिय समाज के सभी गणमान्य नागरिकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए हर समय आगे रहना क्षत्रिय समाज की परंपरा रही है। राजपूत समाज ने अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए भी अस्त्र उठाए हैं, इसलिए शस्त्र पूजन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राणा सुजीत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए क्षत्रिय समाज को एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में दिल्ली के साथ हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि राज्यों से भी क्षत्रिय समाज के हजारों नागरिकों ने सहभागिता की और सभी ने एक साथ शस्त्र पूजन कर राजपूत समाज की संस्कृति सभ्यता और परंपरा को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विशाल सहभोज का भी आयोजन किया गया।

## मोदीनगर के नाहल झाल में मिला बुजुर्ग का शव

मोदीनगर। मोदी नगर में तीन दिन पहले लापता हुए आदर्श नगर कॉलोनी निवासी बुजुर्ग का शव मंसूरी में नाहल झाल से बरामद हुआ है। लोगों ने संपत्ति विवाद के चलते आत्महत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस प्रथम दृश्यता इसे आत्महत्या मानकर मामले की जांच कर रही है। बुलन्दशहर के औरंगाबाद निवासी अनिल कुमार परिवार सहित काफी समय से मोदीनगर की आदर्श नगर कॉलोनी में रहते थे। 20 अक्टूबर की शाम सात बजे बाजार से सामान ले जाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात होने के बाद भी वह घर वापस नहीं आए। काफी तलाश करने के बाद भी जब अनिल कुमार नहीं मिले तो परिजनों ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी। मोदीनगर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी थी मंगलवार को बुजुर्ग अनिल कुमार का शव मंसूरी थाना क्षेत्र में नाहल नहर झाल पर मिला। मंसूरी पुलिस ने शव को नहर से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शव को पोस्टमॉर्टम को भेजने के बाद शव की शिनाख्त हुई।

# नोएडा में सीपी ने 3 पिंक बूथों का किया शुभारंभ

### अब तक शहर में कुल संख्या 7 हुई

**नोएडा।** मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सशक्तिकरण करने की दिशा में नोएडा में तीन पुलिस चौकियों में पिंक पुलिस बूथ का शुभारंभ किया गया। इसको मिलाकर जिले में पिंक पुलिस बूथों की कुल संख्या 7 हो गयी है। नोएडा पुलिस की कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने मंगलवार सेक्टर-49 थाना क्षेत्र की सेक्टर-51 चौकी , बरौला और गेझा में पिंक पुलिस बूथ का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर पुलिस के कई शीर्ष अफसर भी मौजूद रहे।

इन पिंक पुलिस बूथों पर एक सब-इंस्पेक्टर तथा 4 महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। इन पिंक बूथों पर महिलाओं की शिकायत दर्ज करने से लेकर उनके बैठने समेत सभी व्यवस्थाएं हैं।

पीड़ित या फरियादी महिलाओं के लिए वाश रूम, शिकायत कक्ष, किचन, प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था है। फरियादी महिलाओं की शिकायतों का तुरंत निवारण व उन्हें सहायता दी



जाएगी। किसी भी आपात काल की स्थिति में इन पुलिस पिंक बूथों की महिलाएं मदद ले सकती हैं। इन पिंक बूथ से महिलाओं को काफी सहूलियत होगी।

उन्होंने कहा कि पिंक बूथ महिलाओं को सशक्त बनाने कि दिशा में बड़ा कदम है। सेफ सिटी परियोजनाओं के तहत पिंक बूथ बनें है। इसका मुख्य उद्देश्य फैक्ट्री एरिया, स्लम एरिया, कामकाजी महिलाओं और स्कूल लड़कियों को सुरक्षित माहौल देना है। स्वयं सिद्धा और एंटी रोमियो स्क्वाड को इन्हीं पिंक बूथ से संचालित होंगी। पिंक बूथ महिला चौकी के रूप में काम करेंगी।

# सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के दरोगा पर दर्ज की एफआईआर

एजेंसी

गाजियाबाद। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर के खिलाफ 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि सब इंस्पेक्टर ने गाजियाबाद में एक व्यक्ति को आर्म्स बनाने और सप्लाई करने के मामले में जेल भेजने की धमकी दी। इससे बचने के लिए उससे ये रिश्वत मांगी गई। पीड़ित की शिकायत पर सीबीआई ने जाल बिछाया और रिश्वत मांगने के सारे सुबूत रिकॉर्ड कर लिए।

लोनी क्षेत्र के श्याम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित नवीन कुंज निवासी जगत सिंह ने बताया, प्लॉट नंबर 25 में मेरा एक घर है, जिसे मैं साल-2016 से किराए पर देता आ रहा हूं। तीन अक्टूबर 2023 को ये घर मैंने सुमित नामक शख्स को किराए पर दिया था।

7 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर विजयपाल ने इस घर की तलाशी ली और जगत सिंह को बताया कि उनके घर में अवैध हथियार बनाए जा रहे हैं।

इस सिलसिले में सब इंस्पेक्टर ने उन्हें 16 अक्टूबर को दिल्ली के मौरिस नगर पुलिस स्टेशन में बुलाया और उनके बेटे परविंद्र को जेल न भेजने की एवज में 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। जगत सिंह का कहना है कि दिल्ली पुलिस ने आर्म्स सप्लाई के जिस मामले में छापेमारी की और जो मुकदमा दर्ज है, उसमें कहीं भी उनके बेटे परविंद्र का नाम दर्ज नहीं है।

# क्रॉसिंग रामलीला मंचन के नवें दिन कुंभकर्ण एवं मेघनाथ वध

गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक सांस्कृतिक कला संगम समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के नवें दिन सोमवार को क्रॉसिंगवासियों ने रावण कुंभकर्ण संवाद, कुंभकर्ण विभीषण संवाद, कुंभकर्ण वध, मेघनाथ लक्ष्मण युद्ध, मेघनाथ वध, कटी भुजा का सुलोचना महल में गिरना, सुलोचना विलाप, सुलोचना का राम दल में पहुंचना तथा शीश मांगना आदि का मंचन देखा। क्रॉसिंग के स्थानीय कलाकारों द्वारा उक्त मंचन किया गया। उक्त रामलीला मंचन में श्री राम की भूमिका श्रेयस अग्निहोत्री ने, लक्ष्मण की बंटी ने, सुग्रीव की गगन ने, हनुमान की वंश ने, जामवंत की निखिल ने, अंगद की सचिन ने, कुंभकर्ण की गौरव गर्ग ने, मेघनाथ की अजीत ने, रावण की पार्थ ने, विभीषण की आर्यन ने तथा सुलोचना की नीरज ने अभिनव करके क्रॉसिंगवासियों को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के सूत्रधार की भूमिका प्रतिदिन की भांति साहित्यकार आशीष प्रकाश सक्सेना ने बखूबी निभाई।



क्रॉसिंग के इस बहुचर्चित रामलीला में पुलिस उपायुक्त सिटी गाजियाबाद, निपुण अग्रवाल, आईपीएस बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अन्य विशिष्ट अतिथियों में कार्टूनिस्ट एवं शॉर्ट स्टोरी राइटर पीयूष गोयल, गाजियाबाद के चीफ फायर ऑफिसर राहुल उपस्थित रहे।

रामलीला से पूर्व स्थानीय बच्चों के 12 ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम समूह नृत्य एवं गीत का आयोजन किया गया, जिसमें से रुपांतिका ग्रुप प्रथम तथा सुपरटेक (नटराज) द्वितीय स्थान पर रहे। इन दोनों ग्रुप को परफॉर्मेंस ऑफ द डे का अवार्ड मिला।

कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा माहेश्वरी एवं साहित्यकार आशीष प्रकाश ने की।

कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक कला संगम समिति के अध्यक्ष क्षितिज सिंघल ने अन्य सहयोगियों नीरज जागेटिया, तरुण भरत चौहान, आशुतोष चंदन, प्रदीप अश्वनी, बी पी एस भाटिया, विवेक शर्मा, दुर्गेश सिंह, विजय गोयल, रवि गुप्ता, डा. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर, संजय अग्निहोत्री, राकेश कुमार सिंह, अर्चना अग्निहोत्री, अंजली, संजू यादव के साथ किया।

नीरज मिश्रा, एस के गुप्ता, सुमीता वर्मा, अविनाश वर्मा, का विशेष सहयोग रहा। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना के प्रभारी निरीक्षक रवि बालियान मेले की शांति व्यवस्था बनाए रखने में टीम के साथ मुस्तैद दिखे।

# संपादकीय

## संकट में सहयोग

फिलिस्तीन और खासकर गाजा पट्टी में जैसे हालात हैं, वहां लोगों को न तो ठीक से जरूरी चीजें मिल पा रही हैं, न इलाज मिल पा रहा है। ऐसे में भारत का मदद को बढ़ा हाथ बड़ा मानवीय संबल है।

भारत ने संकटग्रस्त फिलिस्तीन को दवा और आपदा राहत सामग्री की खेप भेज कर एक बार फिर यही साबित किया है कि वह मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों का पक्षधर है। जब भी किसी देश में इस तरह का कोई संकट खड़ा हुआ है, भारत ने वहां मदद का हाथ बढ़ाया है। कोरोना काल में जब दुनिया के अनेक देशों को दवाओं और टीके की जरूरत थी, भारत ने उन्हें खुले हाथों मदद पहुंचाई।

फिलिस्तीन के साथ तो भारत का सदा सदाशयतापूर्ण संबंध रहा है। वह फिलिस्तीन की संप्रभुता और लोकतांत्रिक अधिकारों के पक्ष में खुल कर बोलता रहा है। हालांकि जब इजरायल पर हमास का हमला हुआ, तब भारत ने इजरायल के साथ खड़े रहने का एलान कर दिया, जिसे लेकर एक अजीब तरह का वातावरण बना कि भारत ने अपनी परंपरागत पक्षधरता बदल दी है। मगर जब गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमला हुआ, जिसमें करीब पांच सौ लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए, तब प्रधानमंत्री ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से फोन पर बात करके संवेदना प्रकट की और उन्हें हर मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। उस आश्वासन को पूरा करते हुए दवा और आपदा राहत सामग्री की पहली खेप रवाना भी कर दी गई है।

राहत सामग्री की खेप भेज कर भारत ने अब स्पष्ट कर दिया है कि फिलिस्तीन के मूल अधिकारों को लेकर उसके पक्ष में कोई बदलाव नहीं आया है। प्रधानमंत्री ने कुछ दिनों पहले कहा भी था कि फिलिस्तीन की संप्रभुता बहाल होनी चाहिए, उसके हक की जमीन उसे मिलनी ही चाहिए। यह ठीक है कि इजरायल के साथ भारत की नजदीकी पिछले कुछ समय से बढ़ी है और तकनीकी आदि मामलों में वहां से सहयोग भी मिला है। मगर फिलिस्तीन और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष में अगर भारत केवल कुछ व्यापारिक संबंधों की वजह से इजराइल के साथ खड़ा होता, तो उसकी लोकतांत्रिक पक्षधरता का प्रश्नांकित होना स्वाभाविक था।

जब भारत ने इजरायल के साथ खड़ा होने की बात कही थी, तब उसका विरोध फिलिस्तीन नहीं, बल्कि आतंकवाद को लेकर था। भारत सदा से आतंकवाद के विरुद्ध रहा है और दुनिया के किसी भी मंच पर, जहां भी अवसर आया है, उसने आतंकवाद के खिलाफ जंग छेड़ने की बात की है। संयुक्त राष्ट्र के मंच से वह लगातार इसकी मांग उठाता रहा है। इसलिए उसने हमास के हमले का विरोध करते हुए इजरायल के प्रति संवेदना व्यक्त की थी। अब जब मामला फिलिस्तीन के अधिकारों का है, तो वह सदा की तरह संकट में उसके साथ खड़ा नजर आ रहा है।

यह ठीक है कि दुनिया आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के आधार पर गुटों में बंटी हुई है, जिसमें शक्ति संपन्न देश सदा से एक साथ रहे हैं। इजरायल के साथ अमेरिका खुल कर खड़ा है। भारत के दोनों देशों से संबंध बेहतर हैं। मगर भारत ने केवल अपने व्यापारिक रिश्तों को तरजीह नहीं दी, मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों को ऊपर रखा। दुनिया जानती है कि फिलिस्तीन के हिस्से की बहुत सारी जमीन इजरायल ने जोर-जबर्दस्ती से छीन ली है।

अब वह फिलिस्तीन का अस्तित्व ही मिटाने पर तुला हुआ है। इसे कोई भी लोकतांत्रिक देश उचित नहीं मान सकता। अभी फिलिस्तीन और खासकर गाजा पट्टी में जैसे हालात हैं, वहां लोगों को न तो ठीक से जरूरी चीजें मिल पा रही हैं, न इलाज मिल पा रहा है। ऐसे में भारत का मदद को बढ़ा हाथ बड़ा मानवीय संबल है।

## तेजी से बढ़ रहीं हिमनद झीलें

अफसोस की बात है कि हिमनदों की बदलती स्थिति और इसके कारणों के बारे में सब स्पष्ट होने के बावजूद प्रदूषण, अनियंत्रित निर्माण और कार्बन उत्सर्जन जैसे कारकों पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं दिखती है।

बढ़ते तापमान को लेकर दुनिया भर में चिंता जताई जा रही है। इस मसले पर बड़े-बड़े सम्मेलन भी होते रहे हैं। मगर दशकों से चल रही ऐसी कवायदों के बीच यह समस्या और गहराती जा रही है। अब हालत यह है कि एक बड़े भूभाग और व्यापक आबादी के सामने व्यापक संकट सिर पर मंडराने लगा है। हिमनदों के पिघलने और इससे पैदा होने वाले हालात के खतरे से अब सभी परिचित हैं, लेकिन कुछ समय पहले सिक्किम में अचानक आई बाढ़ के पीछे जो कारण सामने आए, उसके बाद हिमनदों की बदलती तस्वीर को लेकर चिंता बढ़ गई है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन के कारण हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे इलाकों में हिमनद झीलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इससे पैदा होने वाले खतरे के प्रति आगाह करते हुए चेतावनी दी गई है कि हिमनदों के आकार में अगर इसी तरह बदलाव होता रहा, तो हिमालयी क्षेत्र में बड़ी तबाही आ सकती है।

गौरतलब है कि हाल ही में सिक्किम में हुई बारिश के बीच अचानक ही जिस पैमाने की बाढ़ आई, उसने समूचे प्रभावित क्षेत्र में लोगों को संभलने का मौका तक नहीं दिया और जानमाल का व्यापक नुकसान हुआ। पचहत्तर से ज्यादा लोगों की जान चली गई, हजारों को विस्थापित होना पड़ा और कई प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं नष्ट हो गईं।

भारी बरसात के बीच हुई तबाही के लिए बढ़ते तापमान, हिमखंडों के पिघलने और इसकी वजह से हिमनद झीलों के नाकाम होने को भी मुख्य रूप से जिम्मेदार माना गया है।

अचानक हुई भारी बरसात को एक प्राकृतिक उथल-पुथल का नतीजा माना जा सकता है, लेकिन हिमखंडों का पिघलना और झीलों का विफल होना केवल कुछ दिनों का नतीजा नहीं होता है। किसी महत्त्वाकांक्षी परियोजना के संदर्भ में सभी पहलुओं के बारे में तस्वीर पहले से साफ होती है कि इनकी उपयोगिता क्या है और इसके जोखिम क्या हैं। अगर पहाड़ी इलाकों में किसी परियोजना के मद्देनजर झीलों का निर्माण होता है, तो उसकी नाकामी के कारणों, टूटने से पैदा होने वाली स्थितियों का अंदाजा लगाना इतना मुश्किल नहीं है। सिक्किम की बाढ़ से हुई तबाही से पहले 2013 में केदारनाथ आपदा से हुए व्यापक विनाश की जड़ में भी चोराबरी हिमनद झील में आया उफान ही था।

चिंता की बात है कि हिमालय क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे इलाकों में भी इसी तरह हिमनद झील विस्फोट से बाढ़ के खतरे की आशंका जताई जाने लगी है। इन क्षेत्रों के तापमान में बढ़ोतरी की वजह से कई हिमनद झीलें तेजी से बढ़ रही हैं। ज्यादा वक्त नहीं बीते हैं, जब हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और उसकी वजह से आई बाढ़ से व्यापक तबाही हुई। ऐसे में अगर हिमखंडों के पिघलने या फिर भूकम्प की वजह से हिमनद झीलों या बांधों के टूटने के हालात पैदा होते हैं, तो हालात की केवल कल्पना ही की जा सकती है।

इन खतरों के बावजूद इस जोखिम को और बढ़ाने वाली परियोजनाओं पर काम करने के स्वरूप में बदलाव के बारे में सोचना और समय रहते हिमनद झीलों से होने वाली तबाही की गुंजाइश को खत्म करना सरकारों को जरूरी क्यों नहीं लगता है?

अफसोस की बात है कि हिमनदों की बदलती स्थिति और इसके कारणों के बारे में सब स्पष्ट होने के बावजूद प्रदूषण, अनियंत्रित निर्माण और कार्बन उत्सर्जन जैसे कारकों पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं दिखती है।

# पेंटागन की रिपोर्ट के अनुरूप भारत को तैयार कीजिए



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन नई रिपोर्ट चौंकाने वाली है।भारत के लिए ये चिंताकर है। भारत चीन सीमापर रिपोर्ट चीन की युद्ध तैयारी का खुलासा करती है। साथ ही इस बात का संकेत है कि भारत को अपनी सुरक्षा को बहुत मजबूत करना होगा। अपने बूते पर मजबूत करना होगा। स्वदेशी तकनीक से मजबूत करना होगा।अपने को इस तरह ढालना होगा कि एक साथ दो देशों से युद्ध की स्थिति का वह मजबूती के साथ मुकाबला कर सके।

अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन नई रिपोर्ट भारत के सचेत करने के लिए है। इसमें कहा गया है कि चीन भारत से लगी सीमा एलएसी (लाइन आफ एचुअल कंट्रोल )पर बड़े स्तर पर जंग की तैयारी कर रहा है।पेंटागन की रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन एलएसी पर अपने सैन्य जमावड़े को कम नहीं कर रहा है। बल्कि बदले वह अपनी सैन्य क्षमता बढ़ा रहा है। वह सीमा पर इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ा रहा है। परमाणु हथियार से लेकर लॉन्ग रेंज बैलिस्टिक मिसाइल की क्षमता में इजाफा कर रहा है। चीन एलएसी के पास अंडरग्राउंड स्टोरेज सुविधा, सड़क, दोहरे इस्तेमाल वाले गांव, एयर फिल्ड और हेलीपैड बना रहा है।चीन युद्ध के सभी डोमेन में अपनी सेना को सक्रिय रूप से आधुनिक बना रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग का लक्ष्य 2049 तक चीन की सेना को विश्व-स्तरीय बनाने का है। चीन ने 3,488 किलोमीटर लंबे एलएसी के पास अपनी सेना को 2023 में भी तैनात रखा।

चीन ने एलएसी के पश्चिमी क्षेत्र (लद्दाख) में शिनजियांग और तिब्बत सैन्य जिलों के डिवीजनों द्वारा समर्थित सीमा रेजिमेंटों को तैनात किया है। ये बल टैंक, तोपखाने, एयर डिफेंस मिसाइल और अन्य हथियारों से लैस हैं। इसके अतिरिक्त, चीन ने पूर्वी (सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश) और सेंट्रल (उत्तराखंड, हिमाचल) क्षेत्रों में लाइट-टू-मेडियम संयुक्त-आर्म्स ब्रिगेड (सीएबीएस) को तैनात किया है। चीन के डोकलाम के पास भूमिगत भंडारण सुविधाएं तैयार की है। वह एलएसी के पास नई सड़कें बना रहा है। चीन ने भूटान में विवादित क्षेत्रों में नए गांव बसाए हैं। उसने पंगोंग झील पर दूसरा पुल तैयार किया है। इसके साथ ही हवाई अड्डे और कई हेलीपैड तैयार किए हैं।

दोनों देशों की सेनाएं लगभग तीन साल से आधुनिक शस्त्रों के साथ आमने-सामने हैं। भारत और चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पार पूर्वी लद्दाख सेक्टर में 50,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। कई जगह तो वह बहुत ही नजदीक हैं। भारत चीन के बीच सीमा विवाद का कोई हल नहीं निकल रहा। सीमा पर तनाव होने के बावजूद शांति है। तीन साल पहले हुए गलवान घाटी संघर्ष के और बाद में 2022 में अरुणाचल के तवांग घाटी में बाद कोई घटना नहीं हुई। यह सब बहुत ही अच्छा है। लेकिन चीन के इरादे कुछ और कहते हैं। उसकी तैयारी कुछ और इशारा करती हैं।हालाकि वह पहले भी कभी ऐसा पड़ौसी नही रहा, जिसका यकीन किया जा सके, जिस पर विश्वास किया जा सके। दूसरे अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन की नई रिपोर्ट अब आई है किंतु सीमा के हालात से भारत वाकिफ नही होगा, ऐसा नही लगता।उसे भी सब पता होगा।



आज दुनिया के हालात बहुत बदले हुए हैं।भारत का संकट का मित्र रूस यूक्रेन युद्ध में फंसा हुआ। अमेरिका और मित्र देश यूक्रेन की शस्त्र आदि से पूरी मदद कर रहे हैं।ऐसे हालात में रूस और चीन की नजदीकी बढ़ रही है।ऐसे में चीन से युद्ध में रूस हमारे साथ आएगा, ऐसा नही लगता।उसे तो यूक्रेन युद्ध में अपनी फंसी टांग निकालने से ही समय नही मिल रहा।हालाकि आज अमेरिका का रवैया बता रहा है कि वह भारत के साथ है किंतु वह कभी विश्वसनीय मित्र नही रहा। यहीं हाल उसके मित्र देश कनाडा आदि का है।कनाडा से तो एक सिख आतंकी की कनाड़ा में मौत के बाद भारत के रिश्ते काफी खराब हुए हैं। अमेरिका और उसके कई मित्र देश भारत के फरार और इनामी आंतकियों को शरण दिए हुए हैं।हालांकि चीन के मुकाबले के लिए अमेरिका को भारत की बड़ी जरूरत है। वह मानता है कि चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए उसे भारत का साथ चाहिए।किंतु अमेरिका ड़ेढ साल से ज्यादा समय से रूस के साथ चल रहे यूक्रेन के युद्ध में सभी तरह से यूक्रेन की मदद कर रहा है। अब उसके मित्र देश इस्राइल और हमास में युद्ध शुरू हो गया। यहां भी उसे इस्राइल की शस्त्रों आदि से मदद करनी पड़ रही है। इस्राइल हमारा मित्र देश है किंतु वह खुद युद्ध में लगा है।ऐसे में संकट में हमें इन सबसे मदद की उम्मीद नही करनी चाहिए।

युद्ध के लिए हमें युद्ध का अपने बूते पर अपनी तकनीक से मुकाबला करना होगा।हालाकि वर्तमान हालात में जबकि अमेरिका यूक्रेन और इस्राइल में फंसा है, चीन के लिए अच्छा अवसर है कि वह वियतनाम पर कब्जा करले। वियतनाम पर वह काफी समय से गिद्ध दृष्टि लगाए है। बार बार वियतनाम के पास युद्धाभ्यास करने में लगा हुआ है।

जो भी हो चीन की तैयारी हमें यह बताने के लिए काफी है, कि उसका कोई भरोसा नही किया जा सकता। दूसरे दुनिया की दो शक्तियां अमेरिका और रूस यूक्रेन में लगी हैं। अब अमेरिक इस्राइल में फंस गया। दुनिया की तीसरी शक्ति चीन अभी शांति के साथ अपने को मजबूत करने में लगा है। उससे भारत के लिए सदा सचेत रहने और उससे युद्ध के लिए अपने को तैयार करने के लिए लगे रहना होगा। भारत का इसके लिए भी तैयार रहना होगा, कि चीन के साथ युद्ध की हालत में चीन का मित्र देश पाकिस्तान भी भारत के खिलाफ मोरचा खोल सकता है।इसे देखते हुए एक साथ दो मोरचों पर युद्ध के लिए तैयार करना होगा।

अब तक चीन का रवैया युद्ध करना नहीं, युद्ध का हौवा खड़ा करके सामने के देश पर दबाव बनाकर लाभ उठाना रहा है। किंतु इस बार वह अपनी इस रणनीति में कामयाब नही हो पा रहा। चीन ने भारत सीमा पर सेना बढ़ाई तो भारत ने भी सीमा पर सैना तैनात कर दी। इतना ही नहीं भारत ने आधुनिक तोप और लड़ाकू विमान भी तैनात कर दिए हैं। चीन से बात करने के लिए सामने वाले का मजबूत होना और सीना तान कर सामने खड़ा होना जरूरी है। आज भारत इस हालत में है। उसने स्पष्ट भी कर दिया है कि भारत अपने हितों की रक्षा के लिये तैयार है।

पूरा देश जानता है कि चीन हमारा दुश्मन है, कभी दोस्त नहीं हो सकता। इसके बावजूद सस्ते के लालच में हम चीन का बना सामान खरीद रहे हैं। हममें देशभक्ति सिर्फ सोशल मीडिया पर नजर आती है। फेसबुक पर नजर आती है, व्हाटसएप पर नजर आती है, इंस्ट्रागाम पर दिखाई देता है। व्यवहार में ऐसा नहीं है। चीन के सीमा पर सेना तैनात करने के बाद से चीनी सामान बहिष्कार का आंदोलन इस तरह चला था कि लगता था कि कोई भारतीय चीन का बना सामान नहीं खरीदेगा। किंतु हो इसके विपरीत रहा है। इस साल की पहली छमाही में भारत को चीन का निर्यात 56.53 अरब डॉलर का रहा। यह एक साल पहले के 57.51 अरब डॉलर से 0.9 फीसदी कम है। चीनी कस्टम्स द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकार मिली है। वहीं, चीन को भारत का निर्यात इस अवधि में कुल 9.49 अरब डॉलर रहा। यह एक साल पहले 9.57 अरब डॉलर रहा था। इस तरह साल 2023 की पहली छमाही में व्यापार घाटा एक साल पहले के 67.08 अरब डॉलर से घटकर 47.04 अरब डॉलर रह गया। पिछला साल भारत-चीन व्यापार के लिए बंपर ईयर रहा था। यह पिछले साल 135.98 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। साल 2022 में कुल भारत-चीन व्यापार 8.4 फीसदी की बढ़त के साथ एक साल पहले के 125 अरब के आंकड़े को पार कर गया था। व्यापारी चीन से माल खरीदकर बेचने से बाज नही आ रहा और जनता सस्ते के लालच में उसे खरीद रही है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि चीन से आने वाले सामान पर आयात शुल्क ज्यादा लगाकर और चीन से आ रहा सामान देश में बनाकर चीन से आयात कम करना होगा।

भारत को वर्तमान हालात में अपने को युद्ध के लिए, आने वाले युद्ध की चुनौती के लिए युद्ध स्तर पर अपने को तैयार करना होगा। अपने को मजबूत बनाना होगा। घर में बैठे गद्दारों से सचेत रहना होगा।हालाकिं भारतीय सुरक्षा एजेंसियां इसमें लगातार लगी है।किंतु जरासी चूक और लापरवाही देश को भारी पड़ सकती है।

# रचनात्मक ,प्रगतिशील प्रयास सार्थक जिंदगी के अहम पहलू

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3त्न नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है।

सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है।

## कितने कितने हिंदुस्तान ?

नल पर अकाल की व्यतिरेक ग्रस्त
जनानाओं की
आत्मभूत मर्दाना वाच्याएं।
एक-दूसरे के वयस की अंतरंग
बातों,
पहलुओं को
सरेआम निर्वस्त्र करती,
वात्या सदृश्य क्षणिकाएं,
चीरहरण, संवादों से
आत्म प्रवंचना, स्व-स्तुति,
स्त्रियों के अधोवस्त्रों में झांकती
शब्दों की तीक्ष्ण नजरें,
निज संबंधों को
उघाड़ती शब्दांजलियां,
पानी के चंद कतरों को
गुण्डियों, जंग लगी छेद वाली
बाल्टियों में सहेजती।
कभी-कभी असगर और अमर के
लहू का लाल रंग
इस नल के पानी से कितना
मिलता-जुलता दिखता है।
पानी शायद रंगहीन
न जात, न पात।
लहू-लाल, न हिन्दू न मुसलमान,
वैसे ही जैसा खुला आसमान ?
समाज में पानी का अहम,
लहू के रंग से कहीं ज्यादा,
गहरा, और नल के ठीके पर
दिखाई देती है, सुबह शाम
धर्म निरपेक्षता की जीती-जागती
और सच्ची मिसालें।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# अमेरिका भारत का सबसे बड़ा भागीदार बनकर उभरा



वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना रहेगा - एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानीं गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर हर क्षेत्र में चुनौतियों का दायरा बढ़ता जा रहा है क्योंकि इसकी वजह रूस यूक्रेन युद्ध की बढ़ती लंबी अवधि हमास-इजरायल युद्ध में अरब देशों और पश्चिमी देशों की बढ़ती खाई, बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ती वैश्विक गुटबंदी, बिगड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई इत्यादि अनेक चुनौतियां बढ़ती जा रही है। जहां एक और कोरोना महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की कमर तोड़ी वहीं अब दूसरी ओर बढ़ते युद्ध के ट्रेड से तैलीय पदार्थ और आयात निर्यात में बाधा, बढ़ती महंगाई के डंक उन पीड़ित देश के नागरिक झेल रहे हैं, परंतु युद्ध पर नकेल कसकर शांति की नींव डालने कोई देश सामने नहीं आ रहा है,मिस्त्र की राजधानी काहिरा में परसों युद्ध शांति सम्मेलन भी बेनतीजा रहा। इधर भारत अमेरिका की बढ़ती गहरी साझेदारी से किसी न किसी रूप में बैठक शुरू है, जिससे दुनियां को उम्मीद जगी है कि भारत अमेरिका दोनों मिलकर ही वैश्विक समस्याओं का समाधान निकाल सकते हैं,क्योंकि अनेक क्षेत्रों में भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदार हैं और अभी 22 अक्टूबर 2023 को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2023 -24 की पहली छमाही में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा भागीदार बनकर उभरा है तो वहीं 9 10 नवंबर 2023 को दोनों देशों के बीच टू प्लस टू मीटिंग होने की संभावना जताई जा रही है, हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की घोषणा नहीं हुई है। चूंकि भारत अमेरिका की नजदीकियां तेजी के साथ प्रगाड़य होते जा रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना रहेगा।

साथियों बात अगर हम चालू वित्त वर्ष 2023-24 कीपहली छमाही में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार होने की करें तो,वैश्विक आर्थिकअनिश्चितताओं और घटते निर्यात एवं आयात के बावजूद अमेरिका चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है। सरकारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है। वाणिज्य मंत्रालय के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर, 2023 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 11.3 फीसदी घटकर 59.67 अरब डॉलर रह गया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 67.28 अरब डॉलर था। अप्रैल-सितंबर, 2023 में अमेरिका को निर्यात घटकर 38.28 अरब डॉलर हो गया, जो इससे पिछले साल समान अवधि में 41.49 अरब डॉलर था।अमेरिका से आयात भी घटकर 21.39 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 25.79 अरब डॉलर थाएक्सपर्ट्स का मानना है कि वैश्विक मांग में कमजोरी के कारण भारत और अमेरिका के बीच निर्यात तथा आयात में गिरावट आ रही है, लेकिन व्यापार वृद्धि जल्द सकारात्मक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद आने वाले वर्षों में अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का रुझान जारी रहेगा, क्योंकि भारत और अमेरिका आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी तरह, भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार भी 3.56 फीसदी घटकर 58.11 अरब डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में चीन को निर्यात मामूली रूप से घटकर 7.74 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 7.84 अरब डॉलर था। चीन से आयात भी घटकर 50.47 अरब डॉलर पर आ गया, जो पिछले साल समान अवधि में 52.42 अरब डॉलर था। अमेरिका ने व्यापार में चीन को छोड़ा पीछे, पहली छमाही में बना भारत का पार्टनर नंबर-वन। भारतीय उद्योग परिसंघ की निर्यात व आयात (एक्जिम) पर राष्ट्रीय समिति के अध्यक्श ने पहले कहा था भारतीय निर्यातकों को अमेरिका द्वारा सामान्य तरजीह प्रणाली (जीएसपी) लाभ की बहाली के लिए शीघ्र समाधान समय की मांग है। क्योंकि इससे द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ावा मिलने में मदद मिलेगी। मुंबई स्थित एक निर्यातक ने कहा कि रुझान के अनुसार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना रहेगा। लुधियाना के एक निर्यातक ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार लगातार बढ़ेगा। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत और अमेरिका के बीच निर्यात और आयात की संख्या में गिरावट आई है। हालाँकि, इसी अवधि के दौरान भारत और चीन के बीच व्यापार में गिरावट आई। अंतिम डेटा से पता चलता है कि इस अवधि के दौरान अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। साथियों बात अगर हम भारत अमेरिका टू प्लस टू बैठक आयोजित होने की करें तो भारत और अमेरिका 9 -10 नवंबर के आसपास नई दिल्ली में 2+2 बैठक आयोजित करने वाले हैं। सरकारी सूत्रों ने समाचार एजेंसी को बताया कि अमेरिकी रक्षा सचिव और विदेश मंत्री, राष्ट्रीय राजधानी में विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री से मुलाकात करने वाले हैं। 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद एक राजनयिक शिखर सम्मेलन है जो 2018 में शुरू हुई थी। मीडिया सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान नेताओं के इजरायल हमास युद्ध के कारण मध्य पूर्व में उभरती स्थिति सहित वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने की उम्मीद है। 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद एक राजनयिक शिखर सम्मेलन है, जो 2018 में शुरू हुई थी और हर साल शुरू में विदेश मंत्री और भारत के रक्षा मंत्री के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के राज्य सचिव और रक्षा सचिव के बीच चर्चा के लिए आयोजित किया जाता है। सूत्रों ने कहा कि भारत और अमेरिका अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए ये वार्ताएं कर रही हैं और यह इन वार्ताओं का पांचवां संस्करण होगा। बैठक में यूरोप में चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ-साथ क्षेत्र पर इसके असर पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में भारतीय-अमेरिकी नेताओं के बीच इस्राइल-हमास युद्ध के कारण सामने आए हालातों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा युद्ध के चलते पश्चिम एशिया में पैदा हुए हालातों के साथ-साथ वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। साथियों बात अगर हम विशेषज्ञों द्वारा,भारत अमेरिका की दोस्ती 100 सालों से अधिक समय तक टिकी रहने के कयासों की करें तो, अमेरिकन फाइनेंसर और इन्वेस्टमेंट बैंकर ने भारत के सरकारी बॉन्ड्स को अपने बेंचमार्क इमर्जिंग-मार्केट इंडेक्स में शामिल किया है। इससे भारत के लिए उधार लेने की लागत घटेगी और घरेलू डेट मार्केट में करीब 30 अरब डॉलर का निवेश आने की संभावना है। इस बीच कंपनी के चेयरमैन और चीफ का कहना है कि भारत और अमेरिका बेस्ट नेचुरल पार्टनर हैं और उनकी दोस्ती अगले 100 साल तक टिकी रहने वाली है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अमेरिका और भारत के पास अपनी दोस्ती को अगले लेवल पर ले जाने का बेहतरीन मौका है।

## शार्ट न्यूज

### गोपूजन कर सीएम योगी ने की गोसेवा



**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी के विशिष्ट पूजन के क्रम में सीएम योगी ने मंगलवार सुबह मंदिर की गोशाला में गोपूजन किया। गोमाता के माथे पर तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। पूजनोपरांत मुख्यमंत्री ने गोमाता को प्रेम और श्रद्धाभाव से पूड़ी, गुड़, खिलाकर उनकी सेवा की। गोसेवा के प्रति सीएम योगी बेहद संवेदनशील रहते हैं। उनका गोमाता और गोवंश से आत्मीय लगाव है। यही वजह है कि कुछ छोटे गोवंश को पूड़ी खिलाते हुए उन्होंने पूड़ी के छोटे-छोटे टुकड़े कर दिए ताकि उन्हें खाने में तकलीफ न हो। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भीम सरोवर का पूजन कर इसमें रहने वाली मछलियों को चारा (लाई) भी खिलाया।

### किशोर की हत्या, जंगल में मिला शव

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी में एक किशोर की गला रेत कर हत्या कर दी गई। किशोर का शव गांव से बाहर जंगल में मिला। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोहब्बतपुर निवासी मेराज (14) अपने दोस्त गुलाम हुसैन और आशिक अली के साथ 22 अक्टूबर को दुर्गा पूजा देखने गया था। दुर्गा पूजा देख कर दोनों दोस्त घर चले आये जबकि मेराज उनके साथ नही लौटा। परेशान परिजनो ने उसके दोस्तों से पूछा लेकिन दोनो ने कोई संतोषजनक जवाब नही दिया। थक हार कर परिजनो ने पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी। मंगलवार सुबह घर से 500 मीटर दूर जंगल मे एक गर्दन कटा शव मिलने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और शव की पहचान मेराज के रूप में की। पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी। इस बीच परिजनों के द्वारा बताए गए आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### फर्जी लेटर पैड और हस्ताक्षर बनाया

गोंडा। गोंडा में 4 जून 2017 को दलित रमई की जमीन के विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही थी, लेकिन जांच से संतुष्ट न होकर परिवार ने एससी-एसटी आयोग का दरवाजा खटखटाया था। आयोग ने मामले की सीबीसीआईडी को जांच कर कार्रवाई करने की निर्देश दिया था। लेकिन आरोपियों ने 14 बार मृतक की पत्नी का फर्जी अंगूठा लगाकर जांच बदलाई। आरोपी यही नहीं रुके, उन्होंने कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के लेटर पैड पर फर्जी तरीके से लिख करके और उनके फर्जी हस्ताक्षर बनवाकर भी जांच को ट्रांसफर करवाया। खुलासा होने पर अब बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को पत्र भेज कर पूरे मामले का खंडन किया है और ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। बीजेपी सांसद ने पत्र में लिखा कि मुझे पता चला कि मुकदमा अपराध संख्या 238/2017 की विवेचना स्थानांतरित करने के संबंध में वर्ष 2017 में मेरा एक फर्जी पत्र आपको प्रेषित किया गया है। वह पत्र और मेरे हस्ताक्षर पूरी तरह फर्जी हैं।

### रेल मंत्रालय का फर्जी सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने खुद को रेल मंत्रालय का सदस्य बताकर करोड़ों की ठगी करने वाले अनूप चौधरी को गिरफ्तार किया है। उसके साथ ड्राइवर को भी पकड़ा गया है। सभी अयोध्या के सर्किट हाउस में ठहरे थे। उत्तराखंड में अनूप पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित है। अनूप चौधरी ने पुलिसकर्मी भी सुरक्षा के लिए तैनात कर रखा था। एसटीएफ के मुताबिक, सोमवार रात दबिश दी गई। अनूप के साथ स्कार्पियो गाड़ी में 4 अन्य लोग गनर पवन कुमार, ओएसडी श्रीनिवास नाराला, एक व्यापारी सत्य प्रकाश और ड्राइवर फिरोज था। गनर पवन कुमार ने खुद को प्रोटोकॉल ड्यूटी पर बताया। पवन ने कहा कि वह गाजियाबाद पुलिस में तैनात है। पीछे की सीट पर अनूप और व्यापारी सत्य प्रकाश बैठा था। पूछताछ में अनूप ने बताया कि वह क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर रेलवे एवं भारतीय खाद्य निगम लखनऊ का सदस्य है। विभाग के मंत्री को मिले प्रोटोकॉल सुविधा को देखकर निजी तौर पर गैर सरकारी श्रीनिवास नाराला को अपना ओएसडी बनाया है।

### दिव्यांग की जेब में पड़ा विस्फोटक पदार्थ फटा

उन्नाव। उन्नाव में मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान दिव्यांग किशोर की जेब में पड़ा विस्फोटक फटने से वृद्ध महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। उधर सभी घायलों को सीएचसी भेजा गया, जहां से वृद्ध महिला व दिव्यांग किशोर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस घटना के बाद से जांच पड़ताल में जुटी है। सफीपुर कस्बे के मोटेश्वर महादेव मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा मूर्ति स्थापित की गई थी। इसको दशहरा के दिन ऑटो रिक्शा से मूर्ति को लेकर विसर्जन के लिए यात्रा जा रही थी। तभी कस्बे के मोहल्ला उम्मेद राय बाजार निवासी सरवन के चौदह वर्षीय दिव्यांग पुत्र पियूष के जेब में पड़ा विस्फोटक पदार्थ फटने से दिव्यांग किशोर सहित ऑटो चालक विकास पाल पुत्र राम कृष्ण पाल निवासी सोहरवा तालाब और उम्मेद राय बाजार निवासिनी शैलकुमारी (60) पत्नी रामलाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

### संक्रमित खून ने थैलेसीमिया रोगियों की बढ़ाई मुसीबत

कानपुर। संक्रमित खून ने थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों की मुसीबतें बढ़ा दी है। 180 रोगियों की स्क्रीनिंग में 14 मरीज ऐसे सामने आए हैं, जिनके अंदर हेपेटाइटिस B,C व HIV की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। हालांकि आपको बता दे कि डॉक्टर के मुताबिक यह आंकड़ा पिछले 10 सालों का है। इन मरीजों ने निजी अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों में खून चढ़वाया था। हालांकि यह चीज अभी तक नहीं सुनिश्चित हो पाई है कि किस अस्पताल से संक्रमित खून मरीज के अंदर पहुंचा है। थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों को हर 3 से 4 हफ्ते के बीच ब्लड चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में कभी-कभी मरीज अपनी सुविधा के अनुसार जो अस्पताल घर के पास हुआ वहां से खून चढ़वा लेते हैं। उस समय तो मरीज को नहीं पता चलता है लेकिन बाद में जब संक्रमण फैल चुका होता है तब मरीज को इसकी जानकारी होती है, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कानपुर मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार आर्या ने बताया कि थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों की स्क्रीनिंग हर 3 से 4 महीने के बीच में की जाती है।

### सड़क हादसे में पीआरडी जवान की मौत

श्रावस्ती। श्रावस्ती के भिनगा से बीती रात्रि यातायात की ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहे पीआरडी जवान को कार चालक ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में पीआरडी जवान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। रामगढ़ी नेवरिया निवासी मृतक पीआरडी जवान राधेश्याम विश्वकर्मा 1986 में प्रशिक्षण प्राप्त किए थे। तब से विभाग में सजक प्रहरी के तौर पर कार्यरत थे। इन दोनों पीआरडी जवान राधेश्याम विश्वकर्मा की यातायात में भिनगा तिराहे पर ड्यूटी कर रहे थे। बीती रात्रि में ड्यूटी से वापस घर जाते समय भिनगा-बहराइच मार्ग के सिसवा के पास भिनगा से बहराइच को जा रही कार ने पीछे से मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मार दिया। जिससे पीआरडी जवान राधेश्याम विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में पीआरडी जवानों के साथ जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा ने 2 मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना भी व्यक्त की। पीआरडी जवानों ने पीड़ित परिवार के लिए प्रशासन से मदद की मांग की है।

# निपुण लक्ष्य हासिल करने में मदद करेंगे एनजीओ और उत्कृष्ट शिक्षक

## 2025-26 तक निपुण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गंभीरता से मिशन में जुटी योगी सरकार

लखनऊ, 24 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने के लिए संकल्पित योगी सरकार पूरी गंभीरता से इस दिशा में आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में बच्चों में बुनियादी भाषायी व गणित विषयों में दक्षता के विकास के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने 25 अक्टूबर से 10 दिसंबर तक प्रदेश भर के शिक्षकों व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का प्रशिक्षण डायट स्तर पर 25 अक्तूबर से चार नवंबर के बीच होगा। वहीं, प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर छह नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होगा। खास बात ये है कि प्रशिक्षण में फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी (एफएलएन) के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जाएगा, जबकि ऐसे प्रधानाचार्यों और शिक्षको को भी अपने अनुभव साझा करने का अवसर दिया जाएगा जिन्होंने अपने विद्यालयों में 80 प्रतिशत तक निपुण लक्ष्य को हासिल कर लिया है।

### अभियान को मिलेगी गति

महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने बताया कि निपुण लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों व ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। इसके लिए डीआईओएस, बीएसए व बीईओ आदि का प्रशिक्षण पूरा किया जा चुका है।

इसी क्रम में अब प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षामित्रों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम तय किया गया है, जिससे वे विद्यार्थियों को निपुण बनाने के अभियान को गति दे सकें। इसके लिए ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का प्रशिक्षण डायट स्तर पर 25 अक्तूबर से चार नवंबर के बीच होगा।

वहीं, प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर छह नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होगा। हर ब्लॉक में पांच एआरपी व सभी डायट मेंटर शामिल होंगे। इनको सीमैट प्रयागराज के संदर्भदाता प्रशिक्षण देंगे। महानिदेशक ने कहा है कि शिक्षकों का बैच 50-50 का होगा। अगर शिक्षक अनुपस्थित मिलते हैं तो इसके लिए बीईओ जिम्मेदार होंगे।

जारी निर्देशों में कहा गया है की प्रशिक्षण में फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी (एफएलएन) के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को भी जनपद और विकास खंड स्तरीय प्रशिक्षण में आमंत्रित किया जाए, जिससे कि उनके अनुभव एवं विशेषज्ञता का लाभ प्राप्त हो सके।

# राम-रावण की सेनाओं के बीच कुप्पी युद्ध, उमड़ा जन सैलाब

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के दारानगर कस्बा के ऐतिहासिक दशहरा मेला में मंगलवार को राम-रावण की सेना के बीच अद्भुत संजीव कुप्पी युद्ध देखने के लिये दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा।

विजयदशमी के दिन आज दोनों सेनाओं के बीच चार घमासान युद्ध संपन्न हुये। कुप्पी युद्ध को लेकर पिछले 244 वर्षों से दारानगर का दशहरा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां दशमी एकादशी दो तिथियों को दशहरा मेला आयोजित होता है। विजय दशमी को राम रावण युद्ध के लिए मैदान तैयार किया जाता है। भगवान राम की सवारी के साथ उनकी सेना जैसे ही युद्ध भूमि पहुंचती है, रावण की सेना मुकाबला करने के लिए डट जाती है। राम दल के सेनानी गेरुआ वस्त्र धारण करते हैं, सर पर साफा हाथ में गदा लेते है। रावण दल के योद्धा काला पोशाक के हाथ डंडा धारी होते हैं। आयोजक मंडल द्वारा पहले पहले दिन यानी विजयदशमी को चार लड़ाई कराई जाती है। दोनों दलों के योद्धाओं के बीच धर्म युद्ध का पालन किया जाता है, एक दूसरे पर प्रहार केवल प्लास्टिक की घड़ा नुमा बनी प्लास्टिक की कुप्पियों से किया जाता है । कुप्पिया फेंक कर मारी जाती हैं। युद्ध में दोनों दलों के योद्धा गदा और दंडा का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। कुप्पी से बचाव के लिए ढाल के रूप में योद्धा इनका प्रयोग जरूर करते हैं।

आयोजक मंडल के सीटी बजाते ही दोनों दलों के योद्धाओं में घमासान युद्ध शुरू हो जाता है जैसे ही आयोजक मंडल द्वारा युद्ध विराम के लिए सीटी बजाते हैं युद्ध रोक दिया जाता है। युद्ध में आसुरी सेना भारी पड़ती है लेकिन अंत में जीत रामदल की सेना की होती है। इस युद्ध में घायल कोई भी योद्धा इलाज नहीं करता युद्ध क्षेत्र की मिट्टी लगा लेने से ही ठीक हो जाता है।

# फेसबुक पर धमकाने के मामले में चार पुलिसकर्मी निलंबित

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा में पुलिस अभिरक्षा में पेशी पर ले जाते समय बंदी के फेसबुक पर लाइव आकर धमकाने की घटना में दोषी एक दरोगा समेत चार पुलिस कर्मियों को आज निलंबित कर दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया कि महोबा उप कारागार में निरुद्ध बंदी लोकेंद्र सिंह उर्फ कारतूस यादव को हमीरपुर में एक मुकदमे में पेशी के लिए 21 अक्टूबर को पुलिस के वज्र वाहन में भेजा गया था।

इस वाहन में बंदी की अभिरक्षा के लिए पुलिस लाइन से एक दरोगा और तीन सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई थी। आरोप है कि हमीरपुर तक आवागमन के दौरान बंदी लोकेंद्र ने अपनी फेसबुक आईडी पर लाइव आकर विपक्षियों को गाली.गलौज करते हुए धमकियां दी। अभियुक्त लोकेंद्र का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस घटना से पुलिस महकमे की खासी किरकिरी हुई।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वायरल वीडियो के मद्देनजर प्रकरण में संबंधित पुलिस कर्मियों को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए ड्यूटी में लगाए गए उप निरीक्षक शशांक देव शुक्ला, आरक्षी अरविंद आर्या, कौशलेंद्र मिश्रा व कमलेश कुमार को कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है जबकि अभियुक्त लोकेंद्र यादव के खिलाफ महोबा सदर कोतवाली में आईपीसी की धारा 507 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### सीतापुर में शव मिलने से सनसनी

सीतापुर । उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के नईमीशरण क्षेत्र में बिलहरी पुलिस चौकी के पास मंगलवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान दिखनापुर निवासी रूपचंद के पुत्र संदीप (20) के तौर पर की गयी है। परिजनो के अनुसार युवक सोमवार शाम तीन बजे आवश्यक कार्य से घर से गया था। शाम तक नहीं लौटने पर उसकी खोज घर वालों ने की। आज सुबह उसका शव रामशाला के पास एक गाने के खेत में पड़ा मिला। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह पुलिस क्षेत्राधिकार मिश्री और सुशील कुमार यादव भी मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

# पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक को दिलायेंगे उनका हक : सपा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने विजय दशमी के मौके पर संकल्प लिया कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में लोकतंत्र तथा संविधान को बचाने तथा पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को हक और सम्मान दिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मंगलवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि आज देश की सत्ता में बैठे लोग संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने की मानसिकता से कार्य कर रहे है। सत्ता का दुरूपयोग कर जनता के मौलिक अधिकारों को छीना जा रहा है। राष्ट्रीय सम्पत्तियों को बेचा जा रहा है। शिक्षा-स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर न प्रदान कर जनता को लाचार और कमजोर बनाया जा रहा है। सरकार जनहित में काम करती है लेकिन देश की वर्तमान भाजपा सरकार जनविरोधी कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कुठाराघात हो रहा है। संवैधानिक अधिकार छीने जा रहा है। संस्थानों की स्वतंत्रता छीनी जा रही है। भेदभाव पूर्ण नीति से विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। समाज को नफरत फैलाकर बांटने की साजिशें करने वाले देश को अपना चारागाह बनाने की साजिशें कर रहे है।

सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद सेमहंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बेलगाम है। सत्ता संरक्षितों की दबंगई एवं गुंडई से जनसामान्य का जीना मुश्किल है। किसान, नौजवान, छात्र सभी परेशान है। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है लेकिन किसान को फसल का एमएसपी नहीं मिला। भाजपा सरकार किसान, नौजवान विरोधी है।

# बस्ती में भगवती जागरण के दौरान देश विरोधी नारा लगाने वाले चार गिरफ्तार

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के परशुरामपुर क्षेत्र में भगवती जागरण के दौरान मंच पर चढ़ कर देश विरोधी नारे लगाने और दुर्गा प्रतिमा के पर काला कपड़ा फेंकने का प्रयास करने वाले चार लोगों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफतार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के चैरी बाजार में सोमवार रात भगवती जागरण का आयोजन था जिसमें भजन गायन का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान कुछ लोग मंच पर चढ़ गये और कथित रूप से पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया और प्रतिमा पर काला कपड़ा फेंकने का प्रयास



किया, जिसको लेकर दो पक्षो के बीच तकरार शुरु हो गयी मगर मामले को सुलह समझौता से सुलझा लिया गया था लेकिन मंगलवार को उसी बात को लेकर स्थानीय लोगो द्वारा विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया जिसकी जानकारी होने के बाद पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया। मौके पर लोगो को शांति करा कर वहां से प्रदर्शन समाप्त कराया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि देश विरोधी 'पाकिस्तान' का नारा लगाने तथा साजिश रचने वाले लोगो की गिरफ्तारी करायी जाये, जिसको लेकर परशुरामपुर थाने की पुलिस द्वारा समी, जाकिर उर्फ ईदू, साहिबा, शहीदुनिशा को गिरफ्तार किया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस फोर्स तैनात है। स्थानीय लोगो ने बताया है कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई जिसमें चैरी बाजार निवासी सूरज घायल हो गए उनके सिर पर चोट आई है।

### मिर्जापुर में अलग अलग घटनाओं में दो की मौत

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि खोदाईपुर गांव निवासी शम्भू हरिजन (60) ने आज अपने घर पर फांसी लगा कर जान दे दी। आत्महत्या का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। दूसरी घटना में कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के चन्ददीपा मोहल्ला के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि इसी मोहल्ला निवासी मुरली बिंद (52) की आज सुबह ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

# सट्टा खिलाने वाले पिता पुत्र गिरफ्तार

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में पुलिस ने विश्वकप क्रिकेट को लेकर सट्टे का खेल करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख से अधिक की धनराशि और लाखों का विस्फोटक बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि बीती देर रात मुखबिर की सूना पी कस्बा महाबन के उपरकोट मोहल्ले में अफरोज रिजवी एवं उनके पुत्र को अपने ही घर में सट्टे की ,खाईबाड़ी करते हुए रंगे हांथों पकड़ा गया। इस खेल में शामिल होने जा रहे दो लोग अफरोज के मकान की सीढ़ियों से भागने में सफल रहे। पुलिस ने पिता पुत्र के कब्जे से दो लाख 20 हजार 400 रूपए नगद बरामद किये।

पुलिस अधीक्षक देहात त्रिगुण बिशेन ने पत्रकारों को बताया कि घर में ही ली गई तलाशी में अवैध रूप से भंडारण किये गए 10 कुंतल दो2 किलो 500 ग्राम पटाखे आदि तथा कच्चा माल भी बरामद किया गया है।बरामद विस्फोटक की कीमत लगभग नौ लाख बताई जा रही है।

# सुल्तानपुर में जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

सुलतानपुर। बर्थ डे पार्टी से लौटते समय युवक पर जानलेवा हमले के मामले में कूरेभार पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दो आरोपी अब भी फरार हैं जिन्हें पुलिस तलाश कर रही है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

कूरेभार पुलिस ने किया गिरफ्तारी एसओ कूरेभार प्रवीण यादव ने बताया कि आरोपी भीम दूबे उर्फ प्रवेश दूबे पुत्र इन्द्रमणि दूबे निवासी ग्राम सिहोरिया थाना कूरेभार, विनय विश्वकर्मा पुत्र विन्ध्यादीन विश्वकर्मा निवासी कनौली विट्ठलपुर थाना गोसाईगंज और निखिल मिश्रा उर्फ अभिषेक मिश्रा पुत्र कुलदीप मिश्रा निवासी नरायनपुर थाना गोसाईगंज को गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि अयोध्या जिले के हैदरगंज थाना अंतर्गत बैतीकला गांव निवासी बंटी सिंह बीते गुरुवार शाम कूरेभार थाना अंतर्गत फुलौना गांव में एक बर्थ डे पार्टी में आया हुआ था। वहां से लौटते समय वो फुलौना चौराहे पर पहुंचा ही था कि पुरानी रंजिश में विपक्षियों ने उसे गोली मार दी। गोली सीधे उसके बाएं पैर में जा लगी तभी बदमाश मौके से फरार हो गए थे।

स्थानीय लोगों ने उसे एम्बुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचाया था।

# आगरा में नकली देशी घी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

## वनस्पति घी, केमिकल और एसेंस मिलाकर बना रहे थे घी, 150 रुपए की लागत 600 रुपए बेच रहे

आगरा। आगरा में त्योहार से पहले पुलिस और एसटीएफ ने नकली देशी घी बनाकर बाजार में खपाने वाले सिंडिकेट पकड़ा है। पॉश कॉलोनी में बड़े स्तर पर वनस्पति घी, चर्बी और एसेंस से देशी घी बनाया जा रहा था। इस घी को आगरा और दिल्ली में खपाया जाता था।

एसटीएफ के सीओ उदय प्रताप ने बताया कि लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि आगरा में बड़े स्तर पर नकली देशी घी बनाया जा रहा है। इस पर वो बकाम कर रहे थे।

मंगलवार को एसटीएफ और पुलिस ने संयुक्त रूप से विजय नगर में छापा मारा। यहां पर अवनीश गर्ग के मकान में बड़े स्तर पर नकली देशी घी



बनाया जा रहा था। पूरे घर में वनस्पति घी और ऐसेंस के ड्रम रखे थे।

वनस्पति घी में रिफाइंड और दूसरे केमिकल मिलाकर उसे देशी घी जैसे बनाया जाता था।

इसके बाद इसमें सुगंध के लिए एसेंस मिला देते थे।एसटीएफ के सीओ ने बताया कि मौके पर करीब दो हजार किलो मिलावटी देशी घी व अन्य सामान मिला है। फूड और ड्रग विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुला लिया गया है।

फिलहाल आरोपी ने बताया है कि वो इस माल को दिल्ली, आगरा और आसपास के जिलों में सप्लाई करता है। एक किलो घी की लागत करीब 150 रुपए आती है। इसे 550 से 600 रुपए के बीच में बाजार में मोटे मुनाफे पर इसे देशी घी के नाम पर खपाया जा रहा है।

करीब तीन माह से इस जगह पर उसका काम चल रहा था। उसने बताया कि जो लोग माल लेते हैं, वो अपना मार्का लगाकर बाजार में बेच देते हैं।

### सेहत के साथ खिलवाड़

देशी घी के नाम पर लोगों की सहेत के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। जो लोग इस घी को खाएंगे, उन्हें केवल वनस्पति घी और एसेंस ही मिलेगा। एसटीएफ अभी बरामद माल की गिनती कर रही है। मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# बेटे के सामने पत्नी की हत्या, खुद फांसी पर लटका

**बहराइच।** बहराइच में सोमवार रात एक पति ने पत्नी की रॉड से पीट-पीटकर हत्या की। फिर खुद सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि वह घर पर शराब पीकर पहुंचा था। पत्नी के विरोध करने पर उसने उसकी हत्या कर दी। अपनी मां की हत्या का गवाह एक 4 साल का बच्चा बना है।

बच्चे ने बताया कि पापा ने मम्मी को पहले लात-घूसों से पीटा। इसके बाद रॉड से पीट-पीटकर मम्मी को मार डाला। मम्मी को मारने के बाद उन्होंने



मुझसे कहा कि अगर किसी तो इस बारे में बताया तो तुम्हें भी मार डालूंगा। इसके बाद पापा ने खुद भी लटक कर अपनी जान दे दी। बच्चे ने इस बात की जानकारी पड़ोस में रहने वाली अपनी मौसी को दी। इसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पूरी घटना बहराइच के नानपारा कोतवाली क्षेत्र के नानपारा कस्बे की है। मृतक युवक का नाम धीरज (32) है। उसके दो बच्चे भी हैं। एक की उम्र 4 साल है, जबकि दूसरे की 6 साल है। बताया जा रहा है कि धीरज नशे का आदी था। 6 साल के मासूम बेटे ने बताया कि पापा के घर आने से पहले हम लोग सो चुके थे। इसके बाद जब पापा-मम्मी में लड़ाई होने लगी तो मेरी नींद टूट गई। मैं उठा तो देखा पापा मम्मी को बाल पकड़कर मार रहे हैं। वह मम्मी का सिर बार-बार दीवार पर लड़ा रहे थे। मम्मी बहुत चिल्ला रही थी। फिर पापा मम्मी को बेड पर धक्का दे देते हैं।

इसके बाद रॉड से मम्मी के सिर पर मारते हैं। जिससे मम्मी के सिर से खून बहने लगा। इसके बाद पापा मम्मी का हाथ उठाकर देखते हैं।

### रावण के 55 फीट के पुतले का हुआ-दहन

बिजनौर। बिजनौर में मंगलवार को धूमधाम से विजय दशमी का पर्व मनाया गया। ग्रामीण और नगरीय इलाकों में रावण का पुतला दहन देखने के लिए रामलीला मैदान में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर की ऐतिहासिक रामलीला में हजारों लोगों की मौजूदगी में बुराई के प्रतीक रावण के पुतले को दहन किया गया। शहर की 130 साल पुरानी रामलीला में 55 फुट ऊंचे पुतले का दहन किया गया। इस दौरान सदर भाजपा विधायक सूची मौसम चौधरी, भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी, सहित भाजपा के कई नेता, रामलीला कमेटी के लोग शहर के गणमान्य लोग व शहर के हजारों लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अफ़ज़लगढ में राघवेन्द्र रंगमंच पर मथुरा से आये कलाकारों द्वारा राम लीला का मंचन किया जा रहा था। दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में मेले का आयोजन किया गया। रामकथा में रावण पर राम की और असत्य पर सत्य की जीत हुई। इसके पश्चात बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया।

## शार्ट न्यूज

### स्वैप अनुबंध की उम्मीद से रुपये में मजबूती बरकरार

हाजिर बाजार में रुपया स्थिर बना रहा और वायदा प्रीमियम में भी उतनी गिरावट नहीं आई, जितना सोमवार को अनुमान जताया गया था, क्योंकि आरबीआई द्वारा 5 अरब डॉलर के स्वैप की संभावना है। डीलरों का कहना है कि यदि आरबीआई ने बिक्री/खरीद स्वैप को परिपक्व होने और सोमवार को 5 अरब डॉलर प्राप्त करने की अनुमति दी होती, तो इसके परिणामस्वरूप व्यवस्था में डॉलर की भारी कमी हो सकती थी, जिससे अमेरिकी मुद्रा के लिए मांग में इजाफा हो जाता। रुपया सोमवार को डॉलर की तुलना में 83.19 पर बंद हुआ, जबकि शुक्रवार को यह 83.12 पर था। पिछले वर्ष अप्रैल के दौरान, जब आरबीआई ने सेल/बाई स्वैप को क्रियान्वित किया था तो भारतीय मुद्रा रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से अपने ऐतिहासिक निचले स्तर के आसपास मंडरा रही थी। स्वैप खरीद-बिक्री की घोषणा के बाद, एक वर्षीय फॉर्वर्ड डॉलर/रुपये पर प्रीमियम काफी बढ़ गया था। एक वर्षीय डॉलर/रुपया वायदा अनुबंध पर प्रीमियम सोमवार को 1.66 प्रतिशत पर था, जो शुक्रवार को 1.69 प्रतिशत था। यदि स्वैप की परिपक्वता को आगामी तारीख तक बढ़ाया जाता है तो इससे प्रीमियम में बड़ी गिरावट थम सकती है। स्थानीय मुद्रा दिन के दौरान 83.11 से 83.18 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में रही। बाजार कारोबारियों का मानना है कि डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर बना रहेगा, लेकिन माना जा रहा है कि यदि केंद्रीय बैंक समय पर हस्तक्षेप करे तो भारतीय मुद्रा 83.28 प्रति डॉलर के आसपास पहुंच सकती है।

### आपूर्ति की तुलना में ज्यादा मांग के कारण सब्जियों के दामों में इजाफा

हाल के समय में आपूर्ति की तुलना में ज्यादा मांग के कारण कई बार सब्जियों के दामों में इजाफा हुआ है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक खाद्य श्रेणी में सबसे ज्यादा उतार-चढ़ाव सब्जियों के दामों में हुआ है। ग्राहकों और किसानों के लिए सब्जियों के दाम बढ़ना खराब है। यह नीति निर्माताओं को भी अल्पावधि के लिए विचलित करते हैं और उन्हें सब्जियों के दाम स्थिर करने के लिए कदम उठाने पड़ते हैं। अध्ययन में यह जानकारी मिली कि आपूर्ति से कहीं अधिक मांग सब्जियों की रही। जनसंख्या बढ़ने व जनसांख्यिकीय संक्रमण, आय बढ़ने और खान पान का तरीका बदलने से सब्जियों की मांग में बुनियादी बदलाव आया और इनकी मांग तेजी से बढ़ी। हालांकि सब्जियों के उत्पादन के साथ साथ प्रति व्यक्ति उत्पादन भी बढ़ा है लेकिन सब्जियां बढ़ती मांग से तालमेल स्थापित नहीं कर पाईं। रिपोर्ट के अनुसार मौसम की गड़बड़ी व कीटों के हमले, भंडारण व यातायात के कारण फसल बाद होने वाले नुकसान के कारण बाजार में सब्जियों की उपलब्धता भी और कम हो जाती है। अध्ययन के अनुसार, ' सब्जियां उगाने वाले प्रतिकूल जोखिम इनाम डायनॉमिक्स और मूल्यों में अनिश्चितता होने के कारण खासे परेशान रहते हैं।' खाद्य सूचकांक में सब्जियों की हिस्सेदारी 15.5 प्रतिशत है।

### चालू वित्त वर्ष के पहले 5 महीनों में नई औपचारिक नौकरियों में आई कमी

चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) के दौरान पिछले साल की समान अवधि की तुलना में नई नौकरियों में कमी आई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के आंकड़ों के मुताबिक बीते साल की समान अवधि की तुलना में इस साल 5 लाख कम नई नौकरियां पैदा हुईं। लिहाजा बेरोजगारी दर गिरने के साथ रोजगार की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है। ईपीएफओ के पेरोल आंकड़ों के मुताबिक इस साल अप्रैल से अगस्त के दौरान कुल 49.2 लाख नए सदस्य इस सामाजिक सुरक्षा संगठन से जुड़े थे जबकि बीते साल की इसी अवधि में 55.1 लाख नए सदस्य जुड़े थे, जो नई नौकरियों के सृजन में 10.7 फीसदी की कमी को दर्शाती है। इस क्रम में नई नौकरियों में युवा सदस्यों 18-28 वर्ष के आयु वर्ग में 9.9 प्रतिशत की गिरावट आई। यह बीते साल की इसी अवधि में युवाओं के लिए नई नौकरियां का सृजन 36.4 लाख हुआ था जो इस साल गिरकर 33 लाख हो गया। इस आयु वर्ग के सदस्यों को नई नौकरियां मिलना महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि इस आयु वर्ग के लोग आमतौर पर पहली बार श्रम बाजार में अपनी नौकरी शुरू करते हैं। इसके अलावा महिलाओं के रोजगार में भी 10.9 प्रतिशत की गिरावट आई।

### इजरायल-हमास टकराव : वैश्विक संकटों पर रहेगा वित्त मंत्रालय के व्यय प्रबंधन का ध्यान

वित्त मंत्रालय की व्यय प्रबंधन की कवायद में अप्रत्याशित आपात स्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा, जो इस समय चल रहे इजरायल-हमास टकराव से पैदा हो सकती हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि ऐसे में संकट की स्थिति में खर्च को लेकर नए सिरे से प्राथमिकता तय की जा सकेगी। अधिकारी ने कहा, 'हमें व्यय की योजना बनाते समय समझदारी दिखानी होगी, क्योंकि वैश्विक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है।' वित्त मंत्रालय की सितंबर महीने की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया है कि फारस की खाड़ी में हाल के भू-राजनीतिक घटनाक्रम से वैश्विक अनिश्चितता बढ़ गई हैं। आगे कच्चे तेल के दामों में उछाल आ सकती है। इसके अलावा अमेरिका में लगातार जारी सख्त मौद्रिक नीति और अमेरिकी प्रतिभूतियों की आपूर्ति बहुत अधिक रहने की वजह से वित्तीय स्थिति 'तंग' हो सकती है और इससे अन्य देशों की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। इस समय विभिन्न मंत्रालयों से अगले वित्त वर्ष के लिए उनकी मांग को लेकर बजट पूर्व चर्चा चल रही है और वित्त मंत्रालय ने कुल 102 मांगों में से 35 पर चर्चा पूरी कर ली है।

### जैसे ही आए त्योहार गाड़ियों ने पकड़ी रफ्तार

यूं तो साल के बारहों महीने वाहन जमकर खरीदे जाते हैं मगर इस साल नवरात्र के दौरान गाड़ियां कुछ ज्यादा ही बिकीं। वाहन डीलरों के मुताबिक दीवाली तक गाड़ियों की बिक्री यूं ही बढ़ती रहेगी। त्योहारी सीजन में बिक्री बढाने के लिए वाहनों की कीमतों पर छूट भी मिल रही है। वाहन उद्योग के मुताबिक सितंबर में वाहनों की बिक्री में 20 फीसदी इजाफा हुआ है और अक्टूबर में भी बिक्री बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। नोएडा में टाटा मोटर्स के डीलर सागर मोटर्स के शोरूम मैनेजर सचिन त्यागी ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया कि इस बार नवरात्र में वाहन खूब बिके हैं क्योंकि त्योहारों में आम तौर पर नवरात्र और धनतेरस पर ही गाड़ियां सबसे ज्यादा खरीदी जाती हैं। त्यागी ने कहा कि इस साल नवरात्र की शुरुआत से दशहरे तक उनके शोरूम से करीब 1,500 कार बिकने की संभावना है, जो पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी अधिक हैं। वाहन खरीदारों को इस बार कीमत में छूट भी दी जा रही है। अलग-अलग मॉडलों पर 50,000 रुपये से 1.25 लाख रुपये तक छूट दी जा रही है। सबसे ज्यादा मांग नेक्सॉन और अल्ट्रोज कार की है। नोएडा में ही ह्युंडै की अधिकृत डीलरशिप में सेल्स कर्मचारी ने बताया कि इस त्योहारी सीजन में वाहनों की बिक्री अच्छी हो रही है।

### सेलेरियो का नया एक्स्ट्रा एडिशन लॉन्च

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी ने फेस्टिव सीजन के लिए इंडियन मार्केट में सेलेरियो का नया एक्स्ट्रा एडिशन लॉन्च किया है। कंपनी ने कार की कीमतों का खुलासा नहीं किया है। हालांकि, ऑल्टो और एस-प्रेसो के एक्स्ट्रा एडिशन की तरह सेलेरियो के रेगुलर वैरिएंट से 25 हजार रुपए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 5.36 लाख रुपए से शुरू होती है, जो टॉप वैरिएंट में 7.14 लाख रुपए तक जाती है। कंपनी ने कार में सिर्फ कुछ कॉस्मेटिक चेंजेस किए हैं। एक्स्ट्रा एडिशन में नई एक्सेसरीज मिलेगी। इसमें व्हील आर्च क्लैडिंग, बॉडी साइड मोल्डिंग, डोर वाइजर गार्निश इंसर्ट, मल्टीमीडिया स्टीरियो सहित कई अपडेशन शामिल हैं। इसके अलावा इंटीरियर में स्टाइलिंग किट, 3डी मैट, बूट मैट, डोर सिल गार्ड, स्टीयरिंग कवर, नंबर प्लेट गार्निश जैसी एडिशनल चीजें मिलेंगी। सेलेरियो में 3डी स्कल्प्टेड एक्सटीरियर बॉडी प्रोफाइल के साथ नया रेडिएंट फ्रंट ग्रिल, शार्प हेडलाइट यूनिट और फॉग लाइट केसिंग मिलता है। ब्लैक एक्सेंट वाला फ्रंट बंपर भी नया है। इसमें 15-इंच के अलॉय व्हील नए डिजाइन के साथ दिए हैं। रियर में बॉडी कलर्ड रियर बंपर, फ्लुइड लुकिंग टेललाइट्स और एक कर्वी टेलगेट मिलता है। कार 6 कलर ऑप्शन के साथ अवेलेबल है।

# शक्कर में तेजी, खाद्य तेलों में नरमी, दलहन- दाल में सुधार, चावल यथावत

इंदौर। सियागंज किराना बाजार दशहरा पर बंद रहा। खाद्य तेलों में मांग घटी रही इससे भाव कमी लिए रहे। सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। तिलहनों में खरीदी बताई गई। मंडी बंद रही।

### तेल-तिलहन

मांग सुस्ती के चलते खाद्य तेल नरमी लिए रहे।आज सोयाबीन रिफाइंड घटकर बिका। तिलहनों में उठाव रहा।

### किराना

शक्कर 4060 से 4100 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 100 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2200 से 3550 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7000 से 7800, पैकिंग में 8200 से 8300 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6200 से 6300, सोयाबीन 3500 से 4750 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1570 से 1590, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 905 से 910, साल्वेंट 860 से 865, पाम तेल 885 से 890 रुपये प्रति 10 किलो।



### दाल

चना दाल 8200 से 8700, तुअर दाल सवा नंबर 14900 से 15000, तुअर दाल फूल 15400 से 15600, तुअर दाल बोल्ड 16500 से 17000, आयातित तुअर दाल 14000 से 14100, मसूर दाल 7750 से 8050, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 10900 से 11200, उड़द मोगर 11500 से 11900 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1670 से 1680, मैदा 1580 से 1590, आटा 1550 से 1560, चना बेसन 4100 से 4125 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# एसएंडपी ग्लोबल का अनुमान, 2030 तक जापान को पछाड़कर भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साल 2030 तक भारत के 7,300 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ जापान को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है। वहीं एशिया में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया विनिर्माण ने अपने नवीनतम खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में यह बात कही।

### जीडीपी 6.2-6.3 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

वर्ष 2021 और 2022 में दो वर्षों की तीव्र आर्थिक वृद्धि के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने इस साल भी निरंतर




वृद्धि दिखाना जारी रखा। मार्च 2024 में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.2-6.3 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था इस वित्त वर्ष में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था होगी। अप्रैल-जून तिमाही में एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही।

एसएंडपी ग्लोबल ने कहा, '2024 में लगातार तीव्र विस्तार का अनुमान है, जो घरेलू मांग में मजबूत वृद्धि पर आधारित है।'

### 7300 अरब डॉलर होने का अनुमान

अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में मापी गई भारत की वर्तमान कीमतों की जीडीपी 2022 में 3500 अरब डॉलर से बढ़कर 2030 तक 7300 अरब डॉलर होने का अनुमान है। आर्थिक विस्तार की इस तीव्र गति के परिणामस्वरूप 2030 तक भारतीय जीडीपी का आकार जापानी जीडीपी से अधिक हो जाएगा, जिससे भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### यह है सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

अमेरिका वर्तमान में 25,500 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके बाद चीन 18,000 अरब डॉलर के साथ दूसरी और जापान 4,200 अरब डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वहीं, भारतीय जीडीपी का आकार 2022 तक ब्रिटेन और फ्रांस की जीडीपी से भी बड़ा हो चुका था। 2030 तक भारत की जीडीपी जर्मनी से भी आगे निकलने का अनुमान है।

## भारत में 'एसी' के लिए बिजली की मांग अफ्रीका की कुल बिजली खपत से अधिक होगी

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने मंगलवार को कहा कि घरेलू एयर कंडीशनर चलाने के लिए भारत की बिजली की मांग 2050 तक नौ गुना बढ़ने का अनुमान है, जो पूरे अफ्रीका की मौजूदा कुल बिजली खपत से अधिक होगी। आईईए ने अपने 'विश्व ऊर्जा आउटलुक' में कहा कि भारत में अगले तीन दशक में दुनिया के किसी भी देश या क्षेत्र की तुलना में ऊर्जा मांग में वृद्धि सबसे अधिक होगी। आईईए ने घोषित नीतिगत परिदृश्यों के तहत भारत की ऊर्जा आपूर्ति 2022 में 42 एक्साजूल (ईजे) से बढ़कर 2030 में 53.7 ईजे और 2050 में 73 ईजे हो जाने का अनुमान है। वहीं घोषित प्रतिज्ञाओं के तहत इसके 2030 तक 47.6 ईजे और 2050 तक 60.3 ईजे हो जाने का अनुमान लगाया है। घोषित नीतिगत परिदृश्य के तहत तेल की मांग 2022 में 52 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) से बढ़कर 2030 में 68 लाख बीपीडी और 2050 में 78 लाख बीपीडी होने का अनुमान है। वहीं घोषित प्रतिज्ञाओं के तहत यह मांग 2030 में 62 लाख बीपीडी और 2050 में 47 लाख बीपीडी हो सकती है। पेरिस स्थित एजेंसी ने कहा, " बिजली की खपत पर शीतलन आवश्यकताओं का प्रभाव पहले से ही स्पष्ट है। बिजली की मांग तापमान पर निर्भर करती है और भारत में इस मांग में तेजी से वृद्धि हुई हैज।" 'विश्व ऊर्जा आउटलुक' में कहा गया, " आईईए परिदृश्यों में घरेलू एयर कंडीशनर को चलाने के लिए बिजली की मांग 2050 तक नौ गुना बढ़ने का अनुमान है, जो टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन सहित हर अन्य प्रमुख घरेलू उपकरण की वृद्धि को पीछे छोड़ देगा।

# वैश्विक चुनौतियों के बीच देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत

भू-राजनीतिक स्तर पर उथल-पुथल और तेल के बढ़ते दाम ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने नई चुनौतियां उत्पन्न कर दी हैं। हालात और बिगड़े तो भारत में भी आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय की आज जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में ये बातें कहीं गई हैं।

सितंबर महीने की इस समीक्षा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राजस्व निरंतर बढ़ने से सरकारी खजाना मजबूत हुआ है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 प्रतिशत तक समेटने का लक्ष्य रखा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों से राजस्व में निरंतर वृद्धि हुई है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था की अंदरूनी मजबूती और करदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी का पता चलता है।' रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सितंबर में मुद्रास्फीति में कमी आई है, जो बताता है कि उससे पहले के दो महीनों में महंगाई में वृद्धि अस्थायी थी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'मॉनसून में उतार-चढ़ाव और वैश्विक स्तर पर हो रही उठापटक के जोखिमों को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता है।' वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा तैयार इस रिपोर्ट में कहा गया कि पश्चिम एशिया में हालिया उथल-पुथल से वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताएं और बढ़ गई हैं। हालात नहीं सुधरे तो कच्चे तेल की कीमतें और ऊपर जा सकती हैं। किंतु समीक्षा में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत के वृहद आर्थिक हालात अनुकूल लग रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार निजी उपभोग और निवेश की मांग में तेजी के बीच देश की अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत लग रही है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'सुस्त वैश्विक मांग से भारत का व्यापार जरूर प्रभावित हो रहा है मगर वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में इसमें सुधार आने का अनुमान है। व्यापार के आंकड़े थोड़े सुस्त रहने के बावजूद व्यापार घाटा कम रहने एवं विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त रहने से भारत का विदेशी खाता मजबूत दिख रहा है।'

# अब तक 9,100 करोड़ से अधिक लोन, 53 लाख से अधिक फुटकर व्यापारियों को लाभ

नई दिल्ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, रेहड़ी-पटरी पर सामान बेचकर गुजारा करने वाले लोगों की मदद के लिए मोदी सरकार की सूक्ष्म-ऋण योजना- पीएम स्वनिधि काफी मददगार रही है। समावेशी उद्यमिता सुनिश्चित करने के मकसद से शुरू की गई इस योजना के तहत लगभग 75 प्रतिशत लाभार्थी गैर-सामान्य वर्ग के हैं। एसबीआई की शोध रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस 75 फीसदी में 44 फीसदी लाभार्थी ओबीसी समुदाय से हैं।

रेहड़ी-पटरी वालों के लिए मोदी सरकार की सूक्ष्म-ऋण योजना की सराहना करते हुए एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के 22 प्रतिशत लाभार्थियों को आर्थिक मदद मुहैया कराई गई है। कुल लाभार्थियों में से 43 प्रतिशत महिलाएं हैं।

PM SVANidhi

रिपोर्ट में कहा गया है, लाभार्थी की कुल संख्या में महिलाओं की हिस्सेदारी शहरी महिलाओं में उद्यमशीलता की क्षमता का और सशक्त होना दिखाता है। इससे स्वनिधि को लिंग समानता का टैग भी मिलता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-एक्स पर शोध रिपोर्ट साझा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारतीय स्टेट बैंक के सौम्य कांति घोष का यह गहन शोध पीएम स्वनिधि के परिवर्तनकारी प्रभाव की बहुत स्पष्ट तस्वीर दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह इस योजना की समावेशी प्रकृति को रेखांकित करता है। पीएम मोदी के अनुसार, एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट इस बात पर भी प्रकाश डालती है कि इसने वित्तीय सशक्तिकरण को कैसे बढ़ावा दिया है। प्रधानमंत्री ने अपनी वेबसाइट पर भी रिपोर्ट की मुख्य बातें साझा कीं।

रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 75 प्रतिशत ऋण लाभार्थियों का गैर-सामान्य श्रेणी से आना दिखाता है कि नीति परिवर्तनकारी बदलाव लाने वाली है। इससे नेक इरादे वाली योजनाएं बनाने की जन्मजात शक्ति का प्रमाण भी मिलता है। शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएम स्वनिधि योजना की मदद से सामुदायिक बाधाओं को तोड़ने में मदद मिली है। हाशिए पर रहने वाले शहरी सूक्ष्म उद्यमियों को निर्बाध रूप से जोड़ा गया है।

एसबीआई के शोध के अनुसार, दृढ़ता अनुपात (पहला और दूसरा ऋण चुकाया गया) बढ़ रहा है। इससे योजना की जरूरत और लोकप्रियता का पता चलता है। पीएम स्वनिधि स्कीम की सफलता से उन लोगों को और प्रोत्साहन मिल रहा है जो ऋण वापस कर रहे हैं। बता दें कि 10,000 रुपये का पहला ऋण चुकाने के बाद सरकार 20,000 रुपये का दूसरा ऋण देती है। इस लाभ को उठाने वाले लाभार्थियों का अनुपात 68 प्रतिशत है। 20,000 रुपये का दूसरा ऋण चुकाने और 50,000 रुपये का तीसरा ऋण लेने वाले लोगों का अनुपात 75 प्रतिशत है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अब तक, तीनों किश्तों में लगभग 70 लाख ऋण बंटे जा चुके हैं। इससे 53 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को लाभ हुआ है। बांटी गई ऋण राशि 9,100 करोड़ रुपये से अधिक है। प्रधानमंत्री मोदी की वेबसाइट पर रिपोर्ट की हाइलाइट्स में कहा गया है कि आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से पीएम स्वनिधि योजना एक बड़ी सफलता है। योजना के तहत 65 प्रतिशत से अधिक कर्जदार 26-45 आयु वर्ग के हैं।

# युवाओं में बढ़ रहा महंगी कारों का खुमार

## प्रोफेशनल्स और स्टार्टअप फाउंडर्स लग्जरी गाड़ियों के बड़े खरीदार

देश में कम उम्र के लोगों में महंगी कारों का शौक तेजी से बढ़ रहा है। इन लोगों की उम्र महज 30-35 साल है और वे महंगी कारों का लुत्फ उठाने में पीछे नहीं रहना चाहते हैं। पहले धनाढ्य परिवार से ताल्लुक रखने वाले लोग ही महंगी कारों की सवारी किया करते थे मगर अब इनके खरीदारों में बड़ी तादाद में युवा पेशेवर हैं।

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने कहा कि पिछले एक दशक में महंगी कारों का शौक रखने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा, 'पुराने अमीर परिवारों के अलावा भारत में एक नए वर्ग का उदय हुआ है, जो आजाद नजरिया रखता है और घूमने-फिरने का शौकीन होने के साथ ही महंगे उत्पादों के इस्तेमाल की चाह भी रखता है।' युवा उद्यमी कार बाजार में महंगी कारों की मांग को एक नए मुकाम तक पहुंचा रहे हैं। इनकी खर्च करने योग्य आय पहले से काफी बढ़ी है, जिसका इस्तेमाल वे महंगे उत्पाद एवं सेवाओं पर कर रहे हैं।

पावाह ने कहा कि कोविड महामारी के बाद लोगों में खुलकर जीवन जीने की चाह काफी बढ़ गई है और वे हरेक लम्हे का लुत्फ उठाना चाहते हैं। इसके



अलावा महामारी के बाद निजी वाहनों के इस्तेमाल की तरफ भी लोगों की झुकाव पहले की तुलना में काफी बढ़ा है। बीएमडब्ल्यू (लग्जरी क्लास में) खरीदारों में लगभग 59 प्रतिशत लोगों की उम्र 31 से 45 साल के बीच है। लगभग 35 प्रतिशत खरीदारों के पास तो पहले से ही कंपनी का कोई न कोई मॉडल मौजूद है। प्रीमियम या महंगी श्रेणी में 62 प्रतिशत खरीदारों की उम्र 31 से 45 साल के बीच होती है और लगभग 80 प्रतिशत ग्राहक थोड़ी निचली श्रेणी से महंगी श्रेणी की कारें खरीद रहे हैं।

मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी संतोष अय्यर ने कहा कि मर्सिडीज खरीदने वालों की औसत उम्र 42 साल से कम होकर लगभग 38 साल रह गई है। इनमें तो कई लोगों की उम्र तो 30 साल के करीब ही है। अय्यर ने कहा, 'बॉलीवुड से लेकर स्टार्टअप उद्योग तक में काम करने वाले कई लोगों ने पहली कार खरीदी तो सुपर लग्जरी कार खरीदी। ये सभी लोग दूसरी पीढ़ी के खरीदार हैं, जिनकी उम्र महज 30 साल या इससे कुछ अधिक है।'

मर्सिडीज के ग्राहकों में महिला खरीदारों की संख्या लगभग 15 प्रतिशत है, जबकि वेतनभोगी कर्मचारियों की संख्या लगभग 15-20 प्रतिशत है। वेतनभोगी ग्राहकों की संख्या बढ़ती जा रही है। अय्यर ने कहा कि पहले कंपनी जगत से ताल्लुक रखने वाले 8-9 प्रतिशत लोग महंगी कारें खरीदते थे मगर इनकी संख्या अब बढ़कर 14-15 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

दूसरे ब्रांडों का भी कुछ ऐसा ही अनुभव है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, 'भारत में महंगी कारों की मांग धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने लगी है। अब अधिक संख्या में युवा खासकर स्टार्टअप इकाइयों के मालिक एवं युवा पेशेवर कम उम्र में इन कारों की सवारी करना चाहते हैं। इन लोगों के पास अपना यह शौक पूरा करने के लिए इच्छा एवं साधन दोनों ही मौजूद हैं।'

ढिल्लों ने कहा कि पिछले दो से तीन साल में दूसरी एवं तीसरी पीढ़ियों के ग्राहकों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद तो लोग जीवन के हरेक क्षण का आनंद लेने में विश्वास करने लगे हैं। इन सभी कारणों से वेतनभोगी लोगों में महंगी कारें खरीदने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है।

# बासमती चावल पर एक्सपोर्ट प्राइस घटाएगी सरकार

केंद्र सरकार बासमती चावल के निर्यात के लिए निर्धारित फ्लोर प्राइस या न्यूनतम निर्यात मूल्य में कटौती कर सकती है। किसानों और निर्यातकों की व्यापार को नुकसान पहुंचने की शिकायतों के बाद केंद्र की मोदी सरकार की तरफ से यह कदम उठाया जा सकता है।

सूत्रों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर कहा कि सरकार बासमती चावल के लिए फ्लोर प्राइस या न्यूनतम निर्यात मूल्य को 1,200 डॉलर प्रति मीट्रिक टन से घटाकर 950 डॉलर प्रति मीट्रिक टन कर सकती है। बता दें कि सरकार ने प्रमुख राज्यों में चुनाव से पहले स्थानीय स्तर खाद्य की कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए अगस्त में बासमती चावल के शिपमेंट का फ्लोर प्राइस 1,200 डॉलर प्रति टन कर दिया था।

### किसानों और निर्यातकों ने जताई थी नाराजगी

नई सीज़न की फसल के आगमन के साथ MEP में कटौती की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने 14 अक्टूबर को कहा कि वह अगली सूचना तक इसे बनाए रखेगी।

हालांकि, सरकार के इस कदम से नाराज किसानों और निर्यातकों ने कहा कि नई फसल के कारण घरेलू कीमतों में गिरावट आई है।

किसानों और निर्यातकों के शिकायत के बाद अधिकारियों ने बाद में कहा कि वे सक्रिय रूप से एमईपी की समीक्षा कर रहे है और इस दिशा में जल्द एक फैसला लिया जाएगा।

बता दें कि भारत और पाकिस्तान बासमती चावल के एकमात्र उत्पादक हैं।

भारत ईरान, इराक, यमन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों को 40 लाख मीट्रिक टन से अधिक बासमती चावल का निर्यात करता है। बासमती चावल अपनी सुगंध के लिए प्रसिद्ध लंबे अनाज वाली चावल की प्रीमियम किस्म है।

दुनिया के सबसे बड़े चावल निर्यातक भारत ने गैर-बासमती चावल किस्मों के निर्यात पर भी अंकुश लगा रखा है। एमईपी ने व्यापार को इतनी बुरी तरह प्रभावित किया कि निर्यातकों ने किसानों से चावल खरीदना बंद कर दिया था। सरकार अगर फ्लोर प्राइस घटाने का फैसला लेती है तो, इससे बासमती चावल का व्यापार फिर से शुरू करने में मदद मिलेगी।

## शार्ट न्यूज

### एशियाई पैरा खेलों में आज भारत ने दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते




**हांगझोउ।** चीन में चल रहे एशियाई पैरा खेलों में भारत ने प्राची यादव के कैनो महिला केएल 2 स्पर्धा का स्वर्ण और दीप्ति जिवांजी ने महिलाओं की 400 मीटर-टी20 में स्वर्ण सहित मंगलवार को पांच पदक जीते है। एथलीट प्राची यादव ने पैरा कैनो महिला केएल2 स्पर्धा में 54.962 समय के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक और गजेंद्र सिंह ने कैनो पुरुष वीएल2 में कांस्य पदक जीता है। दीप्ति जिवांजी ने महिलाओं की 400 मीटर-टी20 में 56.69 के समय के साथ एक नया एशियाई पैरा रिकॉर्ड बनाते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। वहीं दिन में, अजय कुमार ने पुरुषों की टी 64 400 मीटर में रजत पदक जीता। उन्होंने 54.85 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और वह सऊदी अरब के आसन नूर से कुछ सेकंड पीछे रहे जिन्होंने 52.81 सेकंड दर्ज कर स्वर्ण पदक जीता। इस बीच, महिलाओं की टी12 100 मीटर में सिमरन कौर ने 12.68 सेकंड का समय लेकर रजत पदक जीता। आज के इन पांच पदकों के साथ भारत चौथे एशियाई पैरा खेलों में कुल 23 पदक जीत चुका है।

### लीजेंड्स क्रिकेट लीग में खेलेंगे क्रिस गेल

वेस्टइंडीज दिग्गज खिलाड़ी क्रिस गेल लीजेंड्स क्रिकेट लीग आएंगे। गेल सोशल मीडिया पर मैसेज शेयर कहा कि, वें क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। गेल भारत में होने वाली लिजेंड्स क्रिकेट लीग का हिस्सा होंगे। गेल गुजरात जायंट्स टीम से खेलेंगे। 18 नवंबर से लीजेंड्स लीग क्रिकेट का आयोजन होगा। क्रिस गेल ने टी20 में अब तक 1056 छक्के लगाए हैं। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज यह कारनामा नहीं कर सका है। दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के ही किरोन पोलार्ड है। उन्होंने 828 छक्के लगाए हैं। टी20 की एक पारी में सबसे अधिक 18 छक्के का रिकॉर्ड भी गेल के ही नाम है। उन्होंने 2017 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग के एक मुकाबले में रंगापुर राइडर्स की ओर से खेलते हुए यह कारनामा किया था। इस साल लीजेंड्स लीग का दूसरा सीजन खेला जाएगा। पहला सीजन गौतम गंभीर की कप्तानी में इंडिया कैपिटल्स ने जीता था। इंडिया कैपिटल्स ने भीलवाड़ा किंग्स को 104 रनों से हराकर ट्रॉफी जीती थी। इस साल टूर्नामेंट की शुरुआत 18 नवंबर को रांची में गौतम गंभीर की कप्तानी वाली इंडिया कैपिटल्स और इरफान पठान की कप्तानी वाली भीलवाड़ा किंग्स के बीच उद्घाटन मैच के साथ होगी। 22 दिन के टूर्नामेंट के दौरान कुल 19 मैच होंगे। इसमें सचिन तेंडुलकर, वीरेंद्र सहवाग, गौतम गंभीर, इरफान पठान, क्रिस गेल, शाहिद अफरीदी जैसे दिग्गज क्रिकेटर शामिल होंगे।

### स्टोक्स ने ईसीबी के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को प्लेयर्स के साथ मल्टी ईयर कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी की। इसमें इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने आश्चर्यजनक रूप से सिर्फ एक साल कॉन्ट्रैक्ट साइन किया हैं। ईसीबी पहले सालभर के कॉन्ट्रैक्ट ही साइन कराता था, लेकिन दुनियाभर में प्रोफेशनल लीग के चलते कई खिलाड़ियों ने ईसीबी से अनुबंध तोड़ दिए हैं। इसलिए इस बार ईसीबी ने 3 साल तक के कॉन्ट्रैक्ट साइन किए हैं। इंग्लैंड के 41 साल के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भी ईसीबी के साथ 1 साल का अनुबंध किया है। जबकि, वर्ल्ड कप स्क्वाड में शामिल डेविड विली को कोई कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला। हैरी ब्रूक, जो रूट और मार्क वुड ने तीन साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया हैं। लेकिन टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने सिर्फ 1 साल का अनुबंध किया। स्टोक्स पिछले 9 साल से ईसीबी कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा हैं। पिछले हफ्ते स्टोक्स ने बदलते क्रिकेट पर बोला था कि, मैं इंग्लैंड के लिए ज्यादा से ज्यादा क्रिकेट खेलना चाहता हूं। चाहे वह टेस्ट हो, वनडे हो या टी-20 क्रिकेट। मुझे इंग्लैंड से प्यार है। पिछले महीने स्टोक्स ने कहा था कि, पैसे कमाने के लिए क्रिकेट बोर्ड के साथ कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने में कोई बुराई नहीं हैं।

### ईयू, मध्य एशियाई देश 2024 में शिखर सम्मेलन आयोजित करेंगे

ब्रुसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) और मध्य एशियाई देश 2024 की पहली छमाही में एक शिखर सम्मेलन आयोजित करेंगे। यूरोपीय संघ के विदेश मंत्री जोसेप बोरेल ने सोमवार को यह जानकारी दी। बोरेल ने लक्ज़मबर्ग में यूरोपीय संघ के विदेश मामलों की परिषद के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं आज की चर्चा का स्वागत करता हूं। इसे अगले साल की पहली छमाही में आयोजित होने वाले यूरोपीय संघ-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन में भी जारी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मध्य एशियाई देशों के प्रतिनिधियों के साथ यूरोपीय मंत्रियों की बैठक भी हुई। उसी दिन ईयू की परिषद ने कहा कि बैठक के प्रतिभागी यूरोपीय संघ और मध्य एशिया के बीच सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए। ईयू की परिषद ने अपने बयान में कहा, उज़्बेकिस्तान के समरकंद में 18 नवंबर 2022 को आयोजित यूरोपीय संघ-मध्य एशिया कनेक्टिविटी सम्मेलन में घोषित परियोजनाओं के आधार पर प्रतिभागियों ने व्यापार, परिवहन, ऊर्जा, डिजिटल और लोगों से लोगों के संपर्क के क्षेत्रों में यूरोपीय संघ और मध्य एशिया के बीच स्थायी कनेक्टिविटी पर सहयोग तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। बयान के अनुसार, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान और यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख ने बैठक में शामिल हुए।

### व्यापक मध्यपूर्व संघर्ष से तेल बाज़ार बाधित होने की संभावना: जैफ्रे डी सैच्स

वाशिंगटन। विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क के अध्यक्ष जैफ्रे डी सैच्स ने कहा कि इजरायल-हमास युद्ध से उत्पन्न मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष तेल बाजारों को बाधित करेगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर करेगा। सैच्स ने कहा, अगर मध्य पूर्व में व्यापक युद्ध होता है, तो तेल बाजार बाधित होने की संभावना है। यह निश्चित रूप से विश्व अर्थव्यवस्था को और अधिक अस्थिर कर देगा। उन्हें गाजा पर इजरायली जमीनी आक्रमण से युद्ध व्यापक होने की आशंका है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास नहीं है कि अगर इजरायल गाजा में बड़े पैमाने पर हत्याएं कर रहा है, खासकर जमीनी हमले में, तो मुस्लिम दुनिया इसे चुपचाप और निष्क्रिय रूप से देखेगी। अमेरिका कथित तौर पर हमास द्वारा रखे गए बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत करने के लिए इज़रायल से अपने जमीनी आक्रमण में देरी करने का आग्रह कर रहा है। इसके अलावा, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बाद की टिप्पणियों में कहा कि इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम के बारे में कोई भी बातचीत तभी संभव हो सकती है जब सभी बंधकों को रिहा कर दिया जाए। उन्होंने कहा, मुस्लिम जगत को तुरंत इजरायल-फिलिस्तीन संकट के राजनीतिक समाधान का आह्वान करना चाहिए, जिसका अर्थ है कि हमास को निरस्त्र करना और संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की शुरूआत सहित संघर्ष के विसैन्यीकरण की योजना के साथ एक फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना करना। श्री सैच्स के अनुसार, सात अक्टूबर को इज़रायल के खिलाफ हमले करने के पीछे हमास के कई उद्देश्य हो सकते हैं, जिसमें इजरायल-सऊदी सामान्यीकरण वार्ता को बाधित करना भी शामिल है।

# आज से शुरू होगा 40वां इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन

जालंधर। पंजाब में जालंधर के ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम, बर्लटन पार्क में बुधवार से 40वां इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट का आगाज किया जाएगा।

सुरजीत हॉकी सोसाइटी के अध्यक्ष विशेष सारंगल मंगलवार को कहा कि टूर्नामेंट का 40वां संस्करण नॉकआउट-कम-लीग आधार पर खेला जाएगा। पिछले साल की चैंपियन इंडियन रेलवे नयी दिल्ली, आर्मी-इलेवन दिल्ली और पंजाब नेशनल बैंक नई दिल्ली की टीमों को पूल-बी में रखा गया है, जबकि पिछले साल की उपविजेता इंडियन ऑयल, मुंबई, पूर्व चैंपियन पंजाब एंड सिंध बैंक नई दिल्ली और भारतीय वायु सेना दिल्ली टीम को पूल-बी में रखा गया है। नॉकआउट चरण से दो टीमें क्वालिफाई करेंगी, जिसमें बी.एस.एफ. जालंधर, पंजाब पुलिस, भारतीय नौसेना मुंबई, सी.ए.जी. नई दिल्ली और एफ.सी.आई नई दिल्ली की टीमें शामिल है। एफ.सी.आई. नयी दिल्ली की टीम ने सुरजीत प्री-क्वालीफाइंग राउंड जीत कर प्रवेश किया है जबकि इस राउंड में सीआरपीएफ, दिल्ली, आर्मी (ग्रीन), बेंगलुरु, आर.सी एफ. कपूरथला, आई.टी.बी.पी. चंडीगढ़ और सी.आई.एस.एफ. नई दिल्ली की टीमें शामिल थीं। पाकिस्तानी टीमों का टूर्नामेन्ट में भाग लेना भारत सरकार की और से मंजूरी पर निर्भर है।

टूर्नामेंट का आयोजन सुरजीत हॉकी सोसायटी, जालंधर द्वारा भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और ओलंपियन स्वर्गीय सरदार सुरजीत सिंह रंधावा के नाम पर हर साल यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है जो 07 जनवरी 1984 को जालंधर के पास एक दुखद कार दुर्घटना में अपनी जान गंवा बैठे थे।




सुरजीत हॉकी सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ.) इकबाल सिंह संधू ने कहा कि टूर्नामेंट समिति को बड़ी संख्या में हॉकी प्रेमियों की उम्मीद है क्योंकि इस साल भी हॉकी मैच देखने आने वाले दर्शकों और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों / अधिकारियों को स्लोगन 'सुरजीत हॉकी देखें-ऑल्टो कार और आकर्षक पुरस्कार जीतें' अधीन आल्टो कार, मोटरसाइकिल, रेफ्रिजरेटर और एलसीडी वगैरा अंतिम दिन इनाम के तौर पर दिया जाएगा। इन पुरस्कारों का निर्धारण ड्रा द्वारा किया जाएगा और प्रत्येक दर्शक को प्रतिदिन नौ दिनों के लिए लकी कूपन जारी किए जाएंगे, जबकि पहले मैच के दिन खिलाड़ियों/अधिकारियों को लकी कूपन दिए जाएंगे। ये मैच स्टेडियम में फ्लड लाइट में खेले जाएंगे और दर्शकों की एंट्री फ्री होगी। खिलाड़ियों और अधिकारियों के रहने, परिवहन, सुरक्षा, चिकित्सा आदि की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

सोसाइटी के सचिव श्री रणबीर सिंह टुट ने बताया कि टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मैच क्रमश दो और तीन नवंबर को पी.टी.सी. चैनलों पर सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गई है। ऑल इंडिया रेडियो, जालंधर फाइनल मैच की बॉल-टू-बॉल रनिंग कमेंट्री भी प्रसारित करेगा। टूर्नामेंट के अंतिम दिन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें लोकप्रिय पंजाबी लोक गायक बब्बू मान 03 नवंबर को शाम 4.00 बजे से शुरू होने वाले फाइनल मैच से पहले दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लाइव परफॉर्म करेंगे। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सुविधा के लिए एक पूर्ण मीडिया केंद्र भी स्थापित किया गया है।

सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा के अनुसार टूर्नामेंट का उद्घाटन पंजाब सरकार के मंत्री बलकार सिंह कल शाम 5.45 बजे करेंगे, जबकि श्री पीयूष मित्तल, सीजीएम (खुदरा बिक्री), इंडियन ऑयल के साथ स्थानीय विधायक अतिथि के रूप में भाग लेंगे। उद्घाटन मैच एफ.सी.आई नई दिल्ली और भारतीय नौसेना मुंबई सी.आर.पी.एफ, दिल्ली के बीच खेला जाएगा।

## मैक्लोडगंज में दलाईलामा से मिले न्यूजीलैंड टीम के खिलाड़ी



**शिमला।** हिमाचल के धर्मशाला में पहुंचे क्रिकेट विश्वकप के मैच खेलने आई न्यूजीलैंड की टीम ने मंगलवार को तिब्बती अध्यात्मिक गुरु दलाईलामा से मुलाकात की। मुख्य बौद्ध मंदिर मैक्लोडगंज में टीम के खिलाड़ी कप्तान टॉम लैथम के नेतृत्व में पहुंचे थे।

इस दौरान दलाईलामा ने खिलाड़ियों के साथ हल्की-फुल्की बातचीत भी की। दलाईलामा से मिलने के बाद खिलाड़ी फिलहाल अपने होटल में वापस चले गए। आज दोपहर न्यूजीलैंड की टीम ने स्टेडियम में वर्कआउट किया। उधर, भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और ईशान किशन मंगलवार सुबह ही होटल से निकल गए थे। उन्होंने मॉर्निंग वर्कआउट मैक्लोडगंज के धर्मकोट में किया। गौरतलब है कि बुधवार को भारतीय टीम धर्मशाला से वापस लौट जाएगी जबकि न्यूजीलैंड टीम अभी 28 अक्तूबर तक धर्मशाला में ही रहेगी।

## मुख्यमंत्री सुक्खू से विराट कोहली ने की भेंट

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से धर्मशाला में भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भेंट की। इस दौरान दोनों के मध्य क्रिकेट को लेकर चर्चा हुई। सुक्खू ने सोमवार को मुलाकात के दौरान पूर्व कप्तान विराट कोहली को न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में निर्णायक पारी खेलने के लिए बधाई दी। उन्होंने विश्व कप में भारतीय टीम के विजय अभियान जारी रखने पर प्रदेशवासियों की ओर से शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय टीम बेहतरीन फॉर्म में है। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया इस बार विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार है। हर भारतीय की भी कामना है कि भारतीय टीम एक बार फिर विश्व कप जीते।

## सरबजोत ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक

चांगवोन। भारतीय पिस्टल निशानेबाज सरबजोत सिंह ने मंगलवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 के 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक का कोटा हासिल किया है।

निशानेबाजी में यह भारत का आठवां कोटा है और पिस्टल स्पर्धा में पहला कोटा है।

सरबजोत सिंह ने दक्षिण कोरिया के चांगवोन में आज खेले गये फाइनल में 221.1 प्वाइंट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं चीन के झांग यिफान और लियू जिन्याओ ने 243.7 और 242.1 अंक हासिल करते हुए क्रमश स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किया।

एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए



एक क्वालीफाइंग स्पर्धा है। इस स्पर्धा में कुल 24 ओलंपिक कोटा के लिए एथलीट अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं, जिसमें 12 ओलंपिक निशानेबाजी स्पर्धाओं में से प्रत्येक में शीर्ष दो फिनिशर (प्रति देश एक) अपनी राष्ट्रीय टीमों के लिए कोटा स्थान सुरक्षित करेंगे।

चीन ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में पहले ही क्वालीफाइंग स्पर्धाओं से अधिकतम दो कोटा प्राप्त कर लिया था, सरबजोत सिंह ने पदक राउंड में तीसरे स्थान पर रहकर भारत के लिए कोटा हासिल किया।

भारतीय निशानेबाज सरबजोत ने 48 सदस्यीय एथलीटों के क्वालीफाइंग राउंड में 581 अंक हासिल करते हुए आठवां स्थान हासिल किया और मेडल राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित की।

उल्लेखनीय है कि एशियाई खेल 2023 में सरबजोत सिंह ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम के साथ स्वर्ण पदक और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

एशियन खेल में भारत की स्वर्ण पदक विजेता पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम के सदस्य शिव नरवाल 576 अंक के साथ 20वें स्थान पर रहें और क्वालीफाई नहीं कर सके।

# पाकिस्तान में 122 सालों से कैद बरगद का पेड़

### ब्रिटिश अफसर पर हमले की कोशिश का आरोप; पेशावर में 183 सालों से कैद में दरवाजा



#### अपराध : पश्तून हमला नहीं रोक पाने के लिए दरवाजा जिम्मेदार

पेशावर से 32 किमी दूर शबकादर किले के दरवाजे भी जंजीर से एक वॉच टॉवर से बंधे हैं। 1840 में पाकिस्तान के ज्यादातर हिस्से पर पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह के बेटे महाराजा शेर सिंह का शासन था। उन्होंने अपनी सेना को पश्चिमी शैली में युद्ध में प्रशिक्षित करने के लिए फ्रांसीसी जनरल जीयान वेंचुरा की नियुक्ति की थी। 1840 की सर्दियों में पश्तून लड़ाकों ने शबकादर गढ़ पर हमला बोल दिया। रातभर लड़ाई चली और सुबह किले में रहने वाले शेर सिंह के नेतृत्व में सिखों ने हमलावरों को खदेड़ दिया। फिर शेर सिंह ने आदेश दिया है कि हमले के लिए जिम्मेदार की तलाश करके उसका कोर्ट मार्शल किया जाए। जनरल वेंचुरा ने 2 दिन की जांच के बाद हमले के लिए दरवाजे को दोषी माना और उसे 100 साल की सजा सुनाई गई। तब से दरवाजा जंजीरों में है।

बात 1898 की है, जब ब्रिटिश आर्मी के ऑफिसर जेम्स स्क्वाड की तोरखम बॉर्डर पर स्थित लांदी कोटल में पोस्टिंग थी। बताया जाता है कि एक दिन जब स्क्वाड नशे में थे, तो उन्हें लगा कि बरगद का पेड़ उनकी तरफ बढ़ रहा है, उन्हें मारना चाहता है। स्क्वाड ने अपने मैस सार्जेंट को आदेश दिया कि पेड़ को जंजीरों में कैद कर लिया जाए।

तब से किसी ने जेम्स स्क्वाड के आदेश को पलटने की कोशिश नहीं की और पिछले 122 साल से बरगद का यह पेड़ जंजीरों में कैद है। इतिहासकार मुबारक अली ने दैनिक भास्कर को बताया कि आजादी के बाद भी पेड़ की जंजीरें बनी हुई हैं क्योंकि अब इस पेड़ ने ऐतिहासिक महत्व हासिल कर लिया है।

गिरफ्तार पेड़ पर आज भी भारी-भारी जंजीरें लटकी हुई हैं। यही नहीं गिरफ्तार पेड़ पर एक तख्ती भी लटकी हुई है जिस पर पेड़ के हवाले से लिखा हुआ है मैं गिरफ्तार हूं। आज तक जंजीरें इसलिए नहीं हटाई गईं, ताकि अंग्रेजी शासन की क्रूरता को दर्शाया जा सके।

स्थानीय लोगों के मुताबिक यह बंदी पेड़ ब्रिटिश राज के काले कानूनों में से एक ड्रेकोनियन फ्रंटियर क्राइम रेगुलेशन कानून की क्रूरता को दुनिया के सामने लाता है। यह कानून ब्रिटिश शासन के दौरान पश्तून विरोध का मुकाबला करने के लिए लागू किया गया था। इसके तहत तब ब्रिटिश सरकार को यह अधिकार था कि वह पश्तून जनजाति में किसी व्यक्ति या परिवार के द्वारा अपराध करने पर उसे सीधे दंडित कर सकते हैं।

## पुतिन को कार्डियक अरेस्ट की खबर झूठी निकली

### क्रेमलिन के पूर्व अधिकारी ने कहा था- बेड के पास गिरे मिले रूसी राष्ट्रपति

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कार्डियक अरेस्ट आने का खबर झूठी बताई जा रही है। क्रेमलिन के एक पूर्व अधिकारी ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पुतिन को कार्डियक अरेस्ट आने का दावा किया था। द मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक ये झूठ है। पुतिन एकदम स्वस्थ हैं।

इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि क्रेमलिन के गार्ड्स को पुतिन अपने बेडरूम में जमीन पर पड़े मिले थे। इसके बाद उन्हें स्पेशल मेडिकल फेसेलिटी में ले जाया गया। डॉक्टरों को तुरंत पुतिन की तबीयत खराब होने की जानकारी दी गई थी

रूस की सरकार या किसी भी मीडिया एजेंसी ने इस बात की पुष्टि नहीं की थी। रूस के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल ने अपने टेलीग्राम चैनल जनरल स्क्रपर ये जानकारी साझा की थी। उन्होंने बताया कि पुतिन के सुरक्षा अधिकारियों ने उनके कमरे से कुछ



गिरने की आवाजें सुनीं। जब वो अंदर पहुंचे तो उन्हें रूसी राष्ट्रपति जमीन पर पड़े मिले।

जनरल SVR के मुताबिक, पुतिन के बेड के पास ही एक मेज भी गिरी हुई थी, जिस पर खाना और ड्रिंक्स थीं। पुतिन की हालत अब ठीक बताई जा रही है। उन्हें होश भी आ चुका है। बता दें कि इस चैनल पर पहले भी पुतिन के स्वास्थ्य से जुड़ी झूठी खबरें आ चुकी हैं। इससे पहले अप्रैल में भी इस चैनल ने दावा किया था कि पुतिन काफी बीमार हैं। उन्हें सरदर्द, साफ दिखाई न देने जैसी दिक्कतें हैं। पिछले साल मई में भी इस चैनल ने कहा था कि पुतिन की एक सर्जरी हुई है।

#### पुतिन को पार्किंसन होने का दावा

इसके अलावा पिछले साल एक वीडियो देखकर बहुत से लोगों ने दावा किया था कि पुतिन को पार्किंसन की बीमारी है। वीडियो में पुतिन की जबान लड़खड़ाती और हाथ-पैर कांपते हुए दिख रहे थे। यूक्रेन युद्ध के बाद ये कयास और तेज हो गए थे कि पुतिन मौत के मुहाने पर हैं और अपनी विरासत मजबूत करने के लिए यह युद्ध कर रहे हैं।

पिछले साल दिसंबर में एक अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन गंभीर रूप से बीमार हैं और कुछ दिन पहले मॉस्को में अपने ऑफिशियल रेसिडेंस की सीढ़ियों से गिर गए थे।

### गाजा अस्पताल के जनरेटरों का ईंधन 48 घंटों में खत्म हो जाएगा : स्वास्थ्य मंत्रालय

गाजा पट्टी। गाजा पट्टी में स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इजरायल सुरक्षा बलों से घिरे इलाके में तेज हवाई हमलों के बीच ईंधन की कमी के कारण अगले 48 घंटों के भीतर गाजा के अस्पतालों में बिजली जनरेटर काम करना बंद कर देंगे। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने मंगलवार सुबह टेलीग्राम पर एक संक्षिप्त बयान में कहा कि गाजा में मानवीय सहायता की रफ्तार मंद पड़ चुकी है और हम जमीन वास्तविकता को नहीं बदल सकते। गाजा पट्टी में चिकित्सा देखभाल प्रणाली बद से बदतर स्थिति में पहुंच गयी है। इससे पहले सोमवार को मंत्रालय ने कहा था कि कि इज़रायल द्वारा ईंधन सहित आवश्यक आपूर्ति की पहुंच बंद करने के बाद 32 स्वास्थ्य सेवा केंद्र ने काम करना बंद कर दिया है। क्योंकि इजरायल की ओर से हवाई हमले अभियान जारी है जिसने गाजा को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है।

### चीन के रक्षा मंत्री बर्खास्त किये गये

बीजिंग। चीन सरकार ने सार्वजनिक जीवन से गायब होने के दो महीने बाद अपने रक्षा मंत्री ली शांगफू को आधिकारिक तौर पर बर्खास्त कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जनरल ली को हटाने के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, न ही उनकी नौकरी के लिए किसी प्रतिस्थापन की घोषणा की गई है। उनकी बर्खास्तगी हाल ही में श्री किन गैंग सहित कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद हुई है - जिन्हें जुलाई में विदेश मंत्री के पद से हटा दिया गया था। श्री किन और जनरल ली को मंगलवार को देश के मंत्रालय, राज्य परिषद में उनके पदों से भी हटा दिया गया। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के शीर्ष विधायकों, नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने दोनों व्यक्तियों को हटाने की मंजूरी दे दी। चीन में इस सप्ताह विदेशी रक्षा अधिकारियों की मेजबानी करने की तैयारी चल रही है। पिछले महीने की रिपोर्ट के अनुसार उपकरण खरीद और विकास से संबंधित संदिग्ध भ्रष्टाचार के मामले में जनरल ली के खिलाफ जांच चल रही थी। उन्हें आखिरी बार 29 अगस्त को अफ्रीकी देशों के साथ बीजिंग सुरक्षा मंच पर सार्वजनिक रूप से देखा गया था। वह मार्च से ही इस पद पर थे। एक एयरोस्पेस इंजीनियर, जिन्होंने एक उपग्रह और रॉकेट लॉन्च सेंटर में अपना करियर शुरू किया, जनरल ली ने सैन्य और चीनी राजनीतिक अभिजात वर्ग के रैंकों के माध्यम से आसानी से प्रगति की है।

### इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत ने तोशखाना मामले में नवाज की जमानत की मंजूर

इस्लामाबाद। इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत ने मंगलवार को तोशाखाना मामले में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की जमानत मंजूर किए जाने की पुष्टि की। जवाबदेही अदालत ने 19 अक्टूबर को तोशाखाना मामले में नवाज के लिए वर्ष 2020 में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया था। सुनवाई की शुरुआत में अदालत ने नवाज शरीफ की हाजिरी लगाने का निर्देश दिया। हालांकि, सुनवाई हंगामे की भेंट चढ़ गई जिसके बाद अदालत ने नवाज को अदालत कक्ष से बाहर जाने का निर्देश दिया। जब सुनवाई दोबारा शुरू हुई तो राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) अभियोजक ने दलील दी कि नवाज ने आत्मसमर्पण कर दिया है, इसलिए उनका गिरफ्तारी वारंट रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि वारंट रद्द कर दिया जाए तो मुकदमा आगे बढ़ सकता है। इसके बाद अदालत ने 10 लाख रुपये के जमानत बांड भरने पर नवाज की जमानत मंजूर करने की पुष्टि की। मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई। अदालत ने नवाज की संपत्ति जब्त करने के खिलाफ उनकी याचिका पर एनएबी को भी नोटिस जारी किया और अगली सुनवाई में इस संबंध में दलीलें पेश करने को कहा है।

### मैक्रों ने इज़राइल की यात्रा पर 'एकजुटता' की व्यक्त

यरूशलेम। फिलिस्तीनी समूह हमास द्वारा गाजा पट्टी से शुरू किए गए घातक हमलों के 18वें दिन जारी बमबारी के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इज़रायल के प्रति 'एकजुटता' व्यक्त की है। मैक्रों ने मंगलवार को यहां हमास की ओर से सात अक्टूबर के हमले का जिक्र करते हुए कहा, मैं यहां अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए आया हूं। जो हुआ उसे कभी नहीं भुलाया जाएगा। मैक्रों इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हर्ज़ोग से मुलाकात करने के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलने वाले हैं। वह अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली और अन्य देशों के समकक्षों के बाद इज़रायल का दौरा करने वाले नवीनतम पश्चिमी नेता हैं। अल जज़ीरा के एलन फिशर ने कब्जे वाले पूर्वी यरुशलम से अपनी रिपोर्ट में कहा हालाँकि, मैक्रों उन कुछ पश्चिमी नेताओं में से एक हैं, जिनकी रामल्लाह में फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मिलने की भी संभावनाएं जतायी जा रही है। फिशर ने कहा कि मैक्रों को उम्मीद है कि उनकी यात्रा से कुछ 'ठोस और सकारात्मक' परिणाम निकलकर सामने आ सकते हैं। फिशर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों चार सूत्री योजना के साथ यहां आ रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### आस्था भाव से पूजित हुईं दुर्गादेवी प्रतिमाएं



सोनभद्र । विजयादशमी का पर्व हर्षाप्लावित करता रहा समूचे दर्शकों को दशमिहवा तालाब घोरावल तट पर। सैकड़ों वर्ष पूर्व से चल रही पश्चिमी छोर पर रामलीलाकी ओर से रावण युद्ध तथा अंत में पुतला दहन किया गया नगर के पूर्वी छोर पर चल रही दूसरी रामलीला रामलीला के स्थल पर। नवरात्रि दुर्गादेवीपूजन व हवन हुआ विधिविधान से यहीं दशमिहवा तालाब ताटबन्ध पर इसके पूर्व सविधि सम्पन्न हुआ। यहाँ देवी दुर्गा के प्रतिमाओं की प्राणप्रतिष्ठा से विस्थापन तक उमड़ती रही भारी भीड़ जहां केदारनाथ, महाकाल, वैष्णवदेवी, नैनादेवी एवं शिवद्वार उमामहेश्वर की भव्य प्रतिमाछवि आकृति – प्रकृति की प्रतिष्ठित हुईं तो माँ दुर्गा प्रतिमाओं की प्राणप्रतिष्ठा से हुआ पूजन आरम्भ सप्तमी अष्टमी नवमी तक निर्बाध चलती रही पूजनप्रक्रिया के साथ विधिविधान से। नवमी को हवन पूजन के पश्चात विस्थापन हुआ प्राणप्रतिष्ठित प्रतिमाओं का। झाँकियों के परिदृश्य अलौकिक आभा से मण्डित रहे तो गुफा – कन्दरा के दृश्यांकन अतीव आह्लादकारी रहे दर्शनार्थियों के लिए।

### बुलंदशहर में मुख्य आरक्षी ने फांसी लगायी

बुलन्दशहर । उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के गुलावठी थाने में तैनात एक मुख्य आरक्षी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक नगर सुरेंद्र नाथ तिवारी ने मंगलवार को बताया कि गुलावठी थाने में तैनात ब्रह्म सिंह नामक मुख्य आरक्षी सिकन्द्राबाद- गुलावठी रोड पर किराये का कमरा लेकर अपने दो साथियों कांस्टेबल अमित कुमार और प्रमोद कुमार के साथ रह रहा था। बीती रात माँ काली जुलूस में ड्यूटी के बाद कमरे पर आराम करने गया था। आज सुबह उसका साथी अमित कुमार ड्यूटी पर चला गया जबकि कांस्टेबल प्रमोद कुमार पूजा करने के लिये मंदिर चला गया था। इसी दौरान पडोस की एक महिला प्रसाद देने के लिए इनके कमरे पर आयी तो उसने बिजेन्द्र सिंह को कमरे में पंखे से फांसी का फंदा लगाकर लटका हुआ देखा। महिला ने फोन से इसकी सूचना प्रमोद को सूचना दी। प्रमोद ने थाना गुलावठी पर सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने ब्रह्म सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । ब्रह्म सिंह शामली के थाना कांधला क्षेत्र स्थित ग्राम मकेड़ा का निवासी था। घटना की सूचना उसके परिजनों तक पहुंचा दी गई है।

### तोमर ने संभागीय मीडिया सेंटर का किया शुभारंभ

ग्वालियर। केन्द्रीय मंत्री और प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ ग्वालियर में पार्टी के संभागीय मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया। तोमर ने विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद पार्टी नेताओं के साथ फीता काटकर मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया। इस दौरान श्री तोमर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी के इस मीडिया सेंटर से पत्रकारों को हर जानकारी मिलेगी। यह मीडिया सेंटर सिर्फ मीडिया सेंटर नहीं बल्कि फ्रेंडली सेंटर होगा। लोकतंत्र में मीडिया का अहम रोल है। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार ने जनकल्याण के जो काम किए हैं, उन्हें मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का काम यह मीडिया सेंटर करेगा। विपक्षी पार्टियां सनातन को नुकसान पहुंचाने का षड्यंत्र रच रही हैं। कांग्रेस आज असत्य का प्रतीक बन गई, लेकिन इनका यह षड्यंत्र साकार नहीं होगा, चुनाव में जनता इन्हें सबक जरूर सिखाएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज भाजपा विजयादशमी के अवसर पर जो असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है, उस दिन अपने मीडिया सेंटर का शुभारंभ कर रही है। जैसा कि मैंने पहले ही बताया है कि दशहरा असत्य पर सत्य की विजय को दर्शाता है, इसी प्रकार इस चुनाव में भी सनातन को नुकसान पहुंचाने वाली इन विपक्षी पार्टियों को हराकर विजयश्री का रास्ता भाजपा के लिए सुनिश्चित करने का कार्य यह संभागीय मीडिया सेंटर करेगा।

### दिग्विजय का कन्या पूजन को नौटंकी बताना सनातन संस्कृति का अपमान : शिवराज

निवाड़ी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा कन्या पूजन को लेकर दिए गए कथित बयान पर पलटवार करते हुए आज कहा कि सिंह द्वारा कन्या पूजन को नाटक नौटंकी बताना सनातन संस्कृति का अपमान है। चौहान ने यह बात जिले के ओरछा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। दशहरे के दिन मुख्यमंत्री ने ओरछा में सभा को संबोधित कर भाजपा को विजय बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा मुझे कहते हुए बहुत दर्द और पीड़ा है, बेटियों की पूजा सनातन का संस्कार है, कल पूरा देश बेटियों की पूजा कर रहा था। बेटियों के पांव पखारे जा रहे थे। कन्या भोज किए जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस नेता श्री सिंह को बेटियों की पूजा नाटक-नौटंकी लगती है। मुख्यमंत्री कहा कि सभी में सियाराम का वास है, भाईयों में राम का तो, बहनों में माता-सीता का वास है, इसलिए वे अपनी जनता को ही जनार्दन मानते हैं। जनता ही उनके लिए जनार्दन है। उनके असली भगवान है गरीब, किसान, गुरबा, नौजवान वे तो उनमें भी भगवान को देखते हैं, इसलिए एक ही संकल्प है हमारा कि आपकी जिंदगी में कोई तकलीफ परेशानी न रहे।

# डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया 'प्रज्ञान भवन' के निर्माण कार्य का शुभारंभ

## 29.73 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और भूगोल विभाग परिसर में 8 मंज़िला भवन





नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति ने विश्वविद्यालय में ढांचागत सुविधाओं का विस्तार करते हुए 29.73 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले प्रज्ञान भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह आठ मंज़िला भवन दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और भूगोल विभाग के पिछले लॉन में बनेगा जोकि एफएमएस के निकट स्थित है। कुलपति ने भवन निर्माण के लिए पट्टिका का अनावरण करने के साथ नारियल फोड़ कर निर्माण कार्य की शुरुआत का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह भवन लगभग 24 माह में बनकर तैयार हो जाएगा। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में वर्तमान विद्यार्थी संख्या के हिसाब से भवन सुविधाओं में कहीं-कहीं कमी नज़र आती है। इस नए भवन के निर्माण से जहां पढ़ने के लिए बैठने की व्यवस्था का विस्तार होगा वहीं विद्यार्थियों के लिए आधुनिक स्तर की ढांचागत सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए शैक्षणिक वातावरण और योग्य शिक्षकों के साथ ढांचागत सुविधाएं भी अनुकूल होना आवश्यक है। इसीलिए दिल्ली विश्वविद्यालय में इन सुविधाओं के विस्तार के लिए नए भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता और चीफ इंजीनियर अनुपम श्रीवास्तव सहित विश्वविद्यालय और स्कूल से जुड़े अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। 804100 वर्ग मीटर प्लॉट एरिया वाली इस परियोजना की अनुमानित लागत 29.73 करोड़ है। इसमें प्रज्ञान भवन नामक एक ब्लॉक होगा जिसकी इमारत में भूतल के अलावा सात मंज़िलें होंगी। 187.0 वर्ग मीटर के यू.जी.टी पंप रूम क्षेत्रफल सहित इस भवन का कुल निर्मित क्षेत्र (ममटी और मशीन रूम सहित) 4600 वर्ग मीटर होगा। इसमें प्रस्तावित 9 क्लास रूम और 8 ट्यूटोरियल रूम को मिलकर कुल 17 कमरों का निर्माण होगा। इस भवन की अधिकतम ऊँचाई (मशीन रूम सहित) 36.8 मीटर होगी। प्रज्ञान भवन के निर्माण के लिए कुल अनुमानित समय 24 महीने रखा गया है। इस भवन में हर सुविधा का ध्यान रखते हुए 2 लिफ्टें होंगी। वीआरवी केंद्रीकृत एयर कंडीशनिंग सिस्टम, यूपीएस सिस्टम, सोलर पैनल सिस्टम और गैस आधारित अग्निशमन प्रणाली का प्रावधान भी किया जाएगा।

# कन्या जन्म उत्सव एवं कन्या पूजनोत्सव हुआ आयोजित

## बेटी खुशियां लाती है, वह किसी बेटे से कम नहीं है : मुख्य विकास अधिकारी





**सोनभद्र ।** महिला कल्याण विभाग व पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कन्या जन्म का उत्सव एवं कन्या पूजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढी में मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार द्वारा आयोजित कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम मे नौ नवजात कन्याओं की माताओं को बेबी किट, टॉवेल व मिष्ठान वितरित करते हुए मातृशक्ति को संबोधित किया। सीडीओ ने कहा कि ऐश्वर्य की सूरत बनकर है लक्ष्मी आई बिटिया। इनके जन्म पर ढेरों बधाई देते कन्या की माताओं को अपने हृदयोद्गार अभिव्यक्त करते जन्मोत्सव पर अभिनंदित किया तथा सभी पात्र नवजात कन्याओं को मुख्यमन्त्री कन्या सुमगला योजनान्तर्गत लाभान्वित कराये जाने हेतु जिला प्रोवेशन अधिकारी को निर्देशित किया।

वन स्टाप सेन्टर लोढ़ी में नवरात्रि की महानवमी पर आयोजित कन्यापूजन कार्यक्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा या देवी सर्वभूतेषु माँ सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम: के मन्त्रोउच्चारण सँग पंचोपचार पूजन करते हुए भोजन कराया गया और दक्षिणा के साथ प्रत्येक कन्याओं को भोजन पात्र, मिष्ठान, फल, लेखन सामग्री भी वितरित किये गए।

जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अन्तर्गत नवरात्रि के नौ दिन शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन जनपद विभिन्न स्थानों पर निष्पादित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संयुक्त रूप से महिला थाना प्रभारी सरोजमा सिंह व जिला समन्वय साधना मिश्रा द्वारा किया गया। मौके पर मौजूद रहे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर डी0 के0 सिंह, अमृत राय, प्रशान्त शुक्ला, जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, गायत्री दुबे, ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे, महिला थाना से महिला आरक्षी शारदा , लक्ष्मी, वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक जिनके वात्सल्य भाव की स्नेहिल झलक फलक तक प्रदर्शित हुई।

# मनुष्य के अंदर छुपे रावण का करें दहन : बीके सुमन

सोनभद्र। दशहरे पर रावण के पुतले का दहन करने के बावजूद मानवता के इस महाशत्रु का आकार प्रतिवर्ष बढ़ता ही जा रहा है। शत्रु के पुतले का ही दहन किया जाता है , रावण के श्राप से मनुष्य का जीवन स्थापित होकर दुखी, अशांत और अधर्म के मार्ग पर भटक गया है। एक रावण हम सभी मनुष्य के अंदर भी है जिसका दहन किया जाना निहायत जरूरी है। ये भावोद्गार व्यक्त किये राबर्ट्सगंज के विकास नगर स्थित ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र पर दशहरा के अवसर पर आयोजित अध्यात्मिक समागम में सेवा केंद्र की प्रमुख संचालिका बीके सुमन ने।

कहा कि इस रावण से आपका सामना किसी भी गली-चौराहे पर हो सकता है। यह रावण भेष बदलने में बहुत माहिर है और इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी समय रूप बदलकर आत्मा रूपी सीता का हरण कर सकता है रावण अर्थात मनुष्य के जीवन को नर्क बनाने वाले काम , क्रोध, मोह और अहंकार रूपी पांच मनोविकार । पांच विकार हमारी सुखमय जीवन-यात्रा के महाशत्रु हैं जिससे मनुष्य का जीवन शापित हो जाता है। बीके सुमन ने कहा कि अपने अंदर छिपे हुए रावण को जानने और इसका दहन करने के लिए ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग का आवश्यक है। वर्तमान समय में स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर मानवीय माध्यम से ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। इससे मनुष्यात्माएं रावण के श्राप से मुक्त होकर सुखमय जीवन व्यतीत करते हुए श्रेष्ठ पुरुषार्थ करके जन्म-जन्मांतर के लिए अपना श्रेष्ठ भाग्य बना सकती हैं ।

इस अवसर पर सेवाकेंद्र पर श्रीराम,लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी की चैतन्य आकर्षक झांकी सजाई गई तथा बढ़ौली चौराहा पर विश्व नवनिर्माण आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को ईश्वरीय संदेश दिया गया।

# रामराज्य की नीव हैं सरकार की लोकहित की योजनाएं : योगी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डबल इंजन सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं रामराज्य की बुनियाद हैं। 500 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद जब प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं, उससे पहले उनके राज्य के आदर्शों को अपनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करोड़ों गरीबों के लिए घर, शौचालय, अन्न, स्वास्थ्य सुरक्षा समेत अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं। योगी मंगलवार शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी लोगों को विजयदशमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयदशमी और दीपावली के आयोजन इस वर्ष के लिए विशेष हैं। इस वर्ष में 500 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद भगवान राम अयोध्याधाम में अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। यह पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि उसे यह दिव्य दृश्य देखने को मिलने जा रहा है। श्रीराम मंदिर के लिए लाखों लोग बलिदान हो गए। शांतिपूर्ण और हिंसक आंदोलन हुए। एक दौर तक न्याय का स्थान नहीं दिखता था। पर लोगों की सकारात्मकता के परिणाम से जब केंद्र व प्रदेश में एक विचारधारा की डबल इंजन सरकार बनी तो सौहार्दपूर्ण तरीके से भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया।

# ऋग्वेद के छटे मण्डल में शरद ऋतु अहर्निश शारद यज्ञ कर संसार हित करने का विधान किया गया है : महेन्द्र सिंह आर्य



दादरी। शारद दुर्लभ यज्ञ के संयोजक सदस्य एवं प्रभारी ओमवीर सिंह आर्य एडवोकेट ने बताया कि आज दादी सत्ती मंदिर गांव दुजाना में नवरात्र में दिन रात चलने वाले शारद दुर्लभ यज्ञ नावें दिन के कार्यक्रम में रात्रिकालीन सत्र में यज्ञ के ब्रह्मा कार्यक्रम संयोजक आर्य प्रतिनिधि सभा गौतम बुद्ध नगर की यशस्वी अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने शारद दुर्लभ यज्ञ के बारे में यज्ञ पर जानकारी देते हुए बताया कि शारदी रोगानां माता- आयुर्वेद के इस कथन से शरद ऋतु रोगों को माता है। शारदी रोगों का निवारण कर प्राणी मात्र को स्वस्थ बनाने के लिए ईश्वरीय ज्ञान ऋग्वेद के छटे मण्डल में शरद ऋतु अहर्निश शारद यज्ञ कर संसार हित करने का विधान किया गया है। इसी ईश्वरीय आदेश का पालन करते हुए संसार- हित के लिए ग्राम दुजाना में दस दिवसीय शारद दुर्लभ यज्ञ का आयोजन आर्य समाज दुजाना एवं अ.भा. राज्यार्य सभा द्वारा किया गया है। स्वामी मोहन देव ने बताया कि संगति करण का अर्थ विद्वानों के नेतृत्व में संगठित होकर संसार का हित करना होता है।

संसार के हित के लिए सत्पात्रों को अपना समय, धन,सोधन और ज्ञान आदि को देना दान कहलाता है। संक्षेपत-संसार के हित के लिए विद्वानों के नेतृत्व में संगठित होकर पुरूषार्थ करना यज्ञ कहलाता है।

आज के यज्ञ पर बब्बली नागर धर्मपत्नी निवासी सादुल्लापुर एवं अन्य सात पति पत्नी शारद दुर्लभ यज्ञ पर यजमान रहै एवं वैदिक भजनों द्वारा यज्ञ वैदिक मन्त्रों से निरन्तर आरम्भ रहा। अन्य राज्यों से आये विद्वान चितेश्वरा नंद महाराज, प्रज्ञा, कल्याण सिंह आर्य बिजनौर, ओम प्रकाश आर्य भरतपुर, छेत्र के सम्मानित महेन्द्र आर्य कार्यक्रम संयोजक, हुकम सिंह आर्य दुजाना आर्य समाज प्रधान, मास्टर ब्रह्मा सिंह, ओमपाल आर्य मन्त्री आर्य समाज दुजाना, ईलचन्द नागर, मोनू प्रधान, यशवीर भगतजी, मास्टर मौजीराम, मास्टर विनोद नागर, जागरतन आर्य, सतपाल आर्य, राकेश शर्मा, सतबीर आर्य, राजकुमार रूपवास किसान नेता, जगबीर आर्य, ग्रीस मुनि, यशवीर आर्य, बाबू राम नागर, जालेन्द्र आर्य, डाक्टर देवेन्द्र नागर, नन्द किशोर नागर, बब्बली नागर, कर्मवीर आर्य, मास्टर नरेंद्र नागर,सागर नागर, दिवाकर आर्य,पंकज आर्य,सत्यपाल आर्य, एवं ग्राम दुजाना और आस पास के गांवों से आये सैकड़ों यज्ञ प्रेमियों ने यज्ञ पर आहुतियां देकर कर यज्ञ की शोभा बढ़ायी।

# शारद दुर्लभ यज्ञ दुजाना गांव में महाभारत काल का दुसरा बड़ा यज्ञ है : स्वामी मोहन देव यति

दादरी। शारद दुर्लभ यज्ञ के संयोजक सदस्य एवं प्रभारी ओमवीर सिंह आर्य एडवोकेट ने बताया कि आज दादी सत्ती मंदिर गांव दुजाना में नवरात्र में रात दिन चलने वाले शारद दुर्लभ यज्ञ के समापन कार्यक्रम मे सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों ने आहुतियां देकर शारद दुर्लभ यज्ञ को दशवे दिन पूर्ण किया, शारद दुर्लभ यज्ञ के ब्रह्मा रहे स्वामी मोहन देव यति भरतपुर से आये स्वामी ने बताया कि स्वामी दयानंद की ईश्वर और यज्ञ में निष्ठा थी। उन्होंने बताया कि वेदों ने ईश्वर को अद्वितीय अर्थात %एक ही% बताया है। दूसरा ईश्वर होने का निषेध किया है। दयानंद के अनुसार सृष्टि के तीन मूल कारण ईश्वर, जीव एवं प्रकृति हैं और स्वामी ने बताया कि यह दुजाने गांव का सौभाग्य है महाभारत काल से और अब तक विश्व में केवल दो ही शारद दुर्लभ यज्ञ हो पाए हैं पहले यह शारद दुर्लभ यज्ञ इमलिया ग्रेटर नोएडा और दूसरा शारद दुर्लभ यज्ञ दुजाना गांव में आज संपन्न हुआ है और आगले वर्ष शारद दुर्लभ यज्ञ ग्राम टिला गांव गाजियाबाद में होगा। शारद दुर्लभ यज्ञ कार्यक्रम के संयोजक आर्य प्रतिनिधि सभा गौतमबुद्धनगर के यशस्वी अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने शारद दुर्लभ यज्ञ के बारे में यज्ञ पर जानकारी देते हुए बताया कि शारदी रोगानां माता- आयुर्वेद के इस कथन से शरद ऋतु रोगों को माता है। शारदी रोगों का निवारण कर प्राणी मात्र को स्वस्थ बनाने के लिए ईश्वरीय ज्ञान ऋग्वेद के छटे मण्डल में शरद ऋतु अहर्निश शारद यज्ञ कर संसार हित करने का विधान किया गया है। सदियों से सनातन संस्कृति में सुख-सौभाग्य के लिए हवन-यज्ञ की परंपरा रही है. अग्नि के जरिए ईश्वर की उपासना करने की विधि हवन या यज्ञ कहलाती है. हवन में इस्तेमाल होने वाली सामग्री सेहत के लिए अत्यंत फायदेमंद होती है. मान्यता है कि औषधी युक्त हवन सामग्री से हवन-यज्ञ करने से पर्यावरण की शुद्धि होती है।इसी ईश्वरीय आदेश का पालन करते हुए संसार- हित के लिए ग्राम दुजाना में दस दिवसीय %शारद दुर्लभ यज्ञ% का आयोजन आर्य समाज दुजाना एवं अ.भा. राज्यार्य सभा द्वारा किया गया है।

कार्यक्रम में अजमेर से आये आचार्य सत्यव्रत मुनि ने अपने सम्बोधन में कहा कि परमेश्वर वह सर्वोच्च परालौकिक शक्ति है जिसे इस संसार का सृष्टा और शासक माना जाता है। हिन्दी में परमेश्वर को भगवान, परमात्मा या परमेश्वर भी कहते हैं। अधिकतर धर्मों में परमेश्वर की परिकल्पना ब्रह्माण्ड की संरचना से जुड़ी हुई है। संस्कृत की ईश् धातु का अर्थ है- नियंत्रित करना और इस पर वरच् प्रत्यय लगाकर यह शब्द बना, यज्ञ पर बब्बली नागर धर्मपत्नी निवासी सादुल्लापुर एवं अन्य सात पति पत्नी शारद दुर्लभ यज्ञ पर यजमान रहै एवं वैदिक भजनों द्वारा यज्ञ वैदिक मन्त्रों से निरन्तर आरम्भ रहा। कार्यक्रम को महेंद्र सिंह आर्य शारद दुर्लभ यज्ञ के संयोजक ने कार्यक्रम संचालन किया, हुकम सिंह आर्य दुजाना आर्य समाज प्रधान,वैदिक भजनों उपदेशक कल्याण सिंह आर्य बिजनौर, भजनोउपदेशक महास्य राम गोपाल आर्य मथुरा, ओम प्रकाश आर्य भरतपुर, मास्टर ज्ञानेंद्र आर्य अकिलपुर एकल बिजेंदर आर्य अकिलपुर वीरेंद्र नगर प्रधान अकिलपुर अजीत सिंह अकिलपुर महिपाल सिंह आर्य भजन उपदेशक मथुरा भूप सिंह आर्य कुड़ी खेड़ा, ललित आर्य नरौली, वेद प्रकाश आर्य नारोली, सतपाल सिंह आर्य इमलिया, धर्मेंद्र शास्त्री जलालपुर, वीरेंद्र आर्य कुड़ी खेड़ा स्वामी प्रकाशानंद मथुरा, मास्टर ब्रह्मा सिंह, चरण सिंह आर्य अकलपुर, ओमपाल आर्य मन्त्री आर्य समाज दुजाना, ईलचन्द नागर, मोनू प्रधान, यशवीर भगतजी, मास्टर मौजीराम, श्यामेंद्र नागर ब्लाक प्रमुख पुत्र, डाक्टर देवेंद्र आर्य, मास्टर भूपेंद्र नागर, सतपाल आर्य, जयप्रकाश आर्य कोडली बांगर आर्य, जगबीर आर्य,श्यौराज नागर, बाबू राम नागर, सागर नागर, दिवाकर आर्य,पंकज आर्य,सत्यपाल आर्य, एवं ग्राम दुजाना और आस पास के गांवों से आये सैकड़ों यज्ञ प्रेमी भगतों, माताओं और बहनों ने यज्ञ पर आहुतियां देकर कर यज्ञ की शोभा बढ़ायी।

### सहारनपुर में सड़क दुर्घटना में दो की मौत

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के देवबंद क्षेत्र में सहारनपुर मुजफ्फरनगर स्टेट हाईवे स्थित सांखन नहर के पास हुए हादसे में एक युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नागल थानाक्षेत्र के बडोली गांव निवासी नरेश कुमार (58) गांव के ही रिश्तेदार सुभाष के साथ बाइक पर देवबंद कोतवाली क्षेत्र के गांव करंजाली में हो रहे शादी समारोह में शामिल होने आया था। देर शाम वापिस लौटते हुए जब वह साखन नहर के निकट पहुंचे तो उनकी बाइक बस से उतरे साखन खुर्द गांव निवासी अनुज कुमार (26) से टकरा गई। जिसमें अनुज की मौके पर ही मौत हो गई। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे पिकअप वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें सुभाष और नरेश (36) गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची ने एंबुलेंस प्रभारी जितेंद्र सिसोदिया की मद्द से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने नाजुक हालत के चलते घायल नरेश और सुभाष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बलरामपुर में हर्षोउल्लास के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का देर रात्रि तक किया विसर्जन

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत





बलरामपुर। शारदीय नवरात्रि के पावन पर जनपद के विभिन्न स्थानों पर रखी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ देर रात्रि तक किया गया। मंगलवार को 10 दिवसीय पूजनोत्सव का समापन हुआ। दुर्गा पूजा पंडालों में विराजमान मां भगवती दरबार की मूर्तियों का विभिन्न घाटों में विसर्जन किया गया। वाहनों पर प्रतिमाओं को सजाकर भक्ति गीतों की धुन पर नाचते गाते शोभायात्रा के साथ ले जाया गया। कुछ लोग कुशमौरा घाट,सुंदर घाट, पिपरा घाट तो कुछ अयोध्या धाम में वैदिक रीति रिवाज से प्रतिमाओं को विसर्जित किया। %जय माता दी% के जयकारे से शहर गूंज रहा था। बड़ी संख्या में नवयुवक डीजे की धुन पर झुम रहे थे। भक्ति गीतों की धुनों पर महिलाएं बच्चे भी थिरक रहे थे। भगवा ध्वज लहराते, चुनरी माथे पर बांधे नवयुवक सजे रथों के आगे-आगे चल रहे थे। भजन-कीर्तन और बैंडबाजों संग शोभायात्रा नगर के विभिन्न सड़कों,चौराहों से होता हुआ गंतव्य की ओर समारोह पूर्वक ले जाया जा रहा था। जगह-जगह रथों पर सजी झांकियों के दर्शन के लिए नगरवासी घरों से निकल पड़े थे। माताओं और बहनों ने भवनों के छज्जों से शोभायात्रा का दर्शन कर रही थी। प्रत्येक झांकी के साथ रंग गुलाल उड़ाते भजन की धुनों पर नाचते गाते भक्तों की टोली भगवती को विदा करने सड़क पर उतरी थी। एक विशाल शोभायात्रा नगर का भ्रमण की। सड़क पर हर जगह दुर्गा माता की झांकी के दर्शन पूजन के लिए लोग सड़कों पर खड़े थे। घंटा-घड़ियाल, शंखध्वनि के साथ श्रद्धालु मूर्ति विसर्जन के लिए श्रद्धा, निष्ठा के साथ जा रहे थे। प्रसाद वितरण के साथ भगवती की झांकी चल रही थी। शारदीय नवरात्र की नवमी के दिन सोमवार को माता का अनुष्ठान व्रत पूर्ण हो गया था। मंगलवार को परंपरा के अनुसार नगर भ्रमण कर हनुमानगढ़ी चौराहे पर रावण का दहन कर स्थापित मूर्तियों को अयोध्या धाम में विसर्जन के लिए ले जाया गया। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।